©

सत्यमेव जयते

विधि शब्दावली
LEGAL GLOSSARY

2026

भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
विधायी विभाग, राजभाषा खण्ड
Government of India
Ministry of Law and Justice
Legislative Department, Official Languages Wing

विधि

शब्दावली

LEGAL GLOSSARY

विधि
शब्दावली
LEGAL
GLOSSARY

2026

भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
विधायी विभाग
राजभाषा खंड

© भारत सरकार
राजभाषा खंड
विधायी विभाग

P.L.D. No. 239(D)
8000–2025-DSK-IV

		वर्ष - प्रतियां
पहला संस्करण	:	1970 -- 12,500
दूसरा संस्करण	:	1979 -- 30,000
तीसरा संस्करण	:	1983 -- 34,000
चौथा संस्करण	:	1988 -- 50,000
पांचवां संस्करण	:	1992 -- 27,600
छठा संस्करण	:	2001 -- 29,600
सातवां संस्करण	:	2015 -- 31,000
आठवां संस्करण	:	2026 -- 8,000

विक्रेता-- (1) प्रकाशन और विक्रय प्रबंधक, विधि साहित्य प्रकाशन, भारत सरकार, भारतीय विधि संस्थान भवन, भगवानदास मार्ग, नई दिल्ली - 110001.

(2) प्रकाशन-नियंत्रक, भारत सरकार, सिविल लाईन्स, दिल्ली - 110054.

मूल्य : (देश में) : (In India) : Rs. 850/-
(विदेश में) : (In Foreign) : $ 8.87 or £ 6.60

ISBN : 978-81-987017-70

प्रकाशन-नियंत्रक, भारत सरकार, सिविल लाईन्स, दिल्ली - 110054 द्वारा प्रकाशित और प्रबंधक, भारत सरकार मुद्रणालय, मिंटो रोड, नई दिल्ली द्वारा मुद्रित ।

सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री
Prime Minister



संदेश

विधि और न्याय मंत्रालय के राजभाषा खंड, विधायी विभाग द्वारा हिन्दी भाषा के प्रसार और विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों के तहत विधि शब्दावली के आठवें संस्करण के प्रकाशन के बारे में जानकर प्रसन्नता हुई।

भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, संस्कार और संवेदना की पहचान भी होती है। बदलते सामाजिक, तकनीकी और विधिक परिदृश्य के अनुरूप शब्दावली का परिमार्जन और विस्तार आवश्यक है और यह संस्करण इस दिशा में एक सशक्त पहल है।

विधिक संदर्भों में सटीक और सुगम भाषा का प्रयोग जनसामान्य को न्याय प्रक्रिया से जोड़ने में अहम भूमिका निभाता है। यह जानना सुखद है कि विधि शब्दावली के इस संस्करण में वर्ष 2025 तक के अधिनियमों में प्रयुक्त नए शब्दों को भी समाविष्ट किया गया है। इसके अलावा विधि के पदों और अभिव्यक्तियों के सरलीकरण को ध्यान में रखते हुए अनेक कठिन शब्दों के स्थान पर सरल हिन्दी समानार्थी शब्दों को भी जोड़ा गया है।

अमृत काल में हम एक भव्य व विकसित भारत के निर्माण की दिशा में अग्रसर हैं। इस कर्तव्य काल मे देशवासियों की एकता व एकजुटता को बढ़ाने में हमारी भाषाओं की बड़ी भूमिका होगी और राष्ट्र को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

मुझे विश्वास है कि विधिवेत्ताओं, न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं और आम जनमानस के लिए यह शब्दावली विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध होगी। साथ ही यह पहल हिन्दी की लोकप्रियता को बढ़ाने में कारगर सिद्ध होगी।

विधि शब्दावली के आठवें संस्करण के प्रकाशन से जुड़े सभी लोगों को भविष्य के प्रयासों के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

(नरेन्द्र मोदी)

कैंप ऑफिस, माले
श्रावण 04, शक संवत् 1947
26 जुलाई 2025

अमित शाह

गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री
भारत सरकार



दिनांक 30 सितंबर, 2025

संदेश

मुझे अत्यंत प्रसन्नता है कि **विधि और न्याय मंत्रालय** के राजभाषा खंड, विधायी विभाग द्वारा हिंदी भाषा के प्रसार और विकास के लिए किए जा रहे कार्यों के अंतर्गत **विधि शब्दावली** का नया संस्करण प्रकाशित किया जा रहा है।

मुझे बताया गया है कि इस नए संस्करण में भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 में प्रयुक्त नए सरल शब्दों को समाविष्ट किया गया है। इसके अतिरिक्त, हिंदी के सरलतम शब्दों को जोड़ने का प्रयास भी किया गया है, जिससे आम जनता के लिए कानून को हिंदी में समझना और अधिक सुलभ हो। यह तीनों नए कानून **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी** के नेतृत्व में लाए गए हैं, जिनका उद्देश्य न्याय व्यवस्था को सरल, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाकर न्याय प्रक्रिया में सुधार लाना और जनता के लिए उसे सहज बनाना है। ये कानून देश में न्याय व्यवस्था के आधुनिकीकरण और न्याय की सुविधा बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम हैं।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह अनूठा प्रयास हिंदी भाषा की लोकप्रियता को बढ़ाने में कारगर सिद्ध होगा। ये शब्दावलियाँ न केवल आम जनता, बल्कि प्रशासनिक अधिकारियों, न्यायाधीशों, विधिवेताओं एवं विधि के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगी। इस प्रयास से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को मैं हार्दिक अभिनंदन एवं बधाई देता हूँ।

शुभकामना सहित,

(अमित शाह)

कार्यालय : गृह मंत्रालय, नॉर्थ ब्लाक, नई दिल्ली–110001
दूरभाष : 23092462, 23094686, फैक्स : 23094221
ई–मेल : hm@nic.in

अर्जुन राम मेघवाल, आई.ए.एस. (रिटायर्ड)
Arjun Ram Meghwal, I.A.S. (Retd.)

सत्यमेव जयते

विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
व
संसदीय कार्य राज्य मंत्री
भारत सरकार, नई दिल्ली–110001
MINISTER OF STATE (I/C) FOR LAW & JUSTICE
AND
MINISTER OF STATE FOR PARLIAMENTARY AFFAIRS
GOVERNMENT OF INDIA, NEW DELHI-110001



आज़ादी का अमृत महोत्सव

10 OCT 2025

शुभकामना संदेश

राजभाषा खंड, विधायी विभाग, विधि और न्याय मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विधि के क्षेत्र में हिन्दी के उत्तरोतर विकास के अनुक्रम में विधि शब्दावली का नवीनतम संस्करण प्रकाशित किया जा रहा है।

भाषाओं के समन्वय से शब्द भंडार की अभिवृद्धि होती है और एक भाषा को सीखना एक संस्कृति को जानने के समान है। हिन्दी भाषा प्राचीन और आधुनिक संस्कृति का बोध कराती है। सरलीकरण को ध्यान में रखते हुए, इसमें अनेक कठिन शब्दों के स्थान पर सरल हिन्दी के समानार्थी शब्दों को रखा गया है।

हिन्दी को विधि के क्षेत्र में समृद्ध बनाने के इस प्रयास में "विधि शब्दावली" के इस नवीनतम संस्करण के प्रकाशन के लिए मैं सचिव, विधायी विभाग और राजभाषा खंड, विधायी विभाग को हार्दिक बधाई देता हूँ।

(अर्जुन राम मेघवाल)

नई दिल्ली

Room No. 402, 'A' Wing, Shastri Bhawan, New Delhi-110 001 • Tel : 011-23387557, 23386974, 23386976 Fax : 011-23384241
Parliament : 56, Parliament House, New Delhi-110 001 • Tel : 23010895 Fax : 011-23011824
Delhi Residence : 5A, K. Kamraj Marg, New Delhi-110 001 • Tel : 011-23011770/71 Telefax : 011-23011772
Residence : Sansad Seva Kendra, C-66, Khaturia Colony, Bikaner, Rajasthan, Phone : 0151-2230260
E-mail : mljoffice@gov.in/arjunrammeghwal@gmail.com

आठवें संस्करण की भूमिका

राजभाषा आयोग, 1956 की रिपोर्ट पर भारत के संविधान के अनुच्छेद 344 के अधीन गठित संसदीय राजभाषा समिति की सिफारिश के संबंध में जारी किए गए राष्ट्रपति के आदेश द्वारा जून, 1961 में राजभाषा (विधायी) आयोग की स्थापना की गई थी । भारत सरकार द्वारा राजभाषा (विधायी) आयोग को सौंपे गए कार्यों में से एक कार्य ऐसी मानक विधि शब्दावली तैयार करना और प्रकाशित करना भी था, जो यथासंभव हिंदी तथा विभिन्न राज्यों की राजभाषाओं में अपनाई जा सके ।

किसी भाषा का जितना अधिक प्रयोग होगा, उस भाषा का उतना ही अधिक प्रचार-प्रसार होगा । शब्दों का प्रयोग ही एक ऐसा स्रोत है, जिसके द्वारा कोई व्यक्ति अपने विचारों को दूसरे व्यक्ति तक पहुंचाता है । चूंकि शब्द की रचना करना, उसका सरल अर्थ देना, विशिष्टतया, विधि के क्षेत्र में, एक शोध का विषय है । अतः, जो शब्द और वाक्यांश विधि शब्दावली में समाविष्ट किए जाते हैं, वे निश्चितता, संक्षिप्तता, स्पष्टता और एकरूपता को ध्यान में रखकर किए जाते हैं । विधि शब्दावली का निर्माण न केवल अविरत प्रक्रिया है, बल्कि यह एक सतत् प्रयास भी है ।

राजभाषा (विधायी) आयोग द्वारा अक्तूबर, 1970 में विधि शब्दावली का प्रथम संस्करण तैयार किया गया था । भारत सरकार द्वारा वर्ष 1976 में राजभाषा (विधायी) आयोग के स्थान पर राजभाषा खंड को तत्कालीन आयोग के सभी कार्य सौंपे गए ।

इसके पश्चात्, राजभाषा खंड द्वारा दूसरा संस्करण वर्ष 1979 में, तीसरा संस्करण वर्ष 1983 में, चौथा संस्करण वर्ष 1988 में, पांचवां संस्करण वर्ष 1992 में, छठा संस्करण वर्ष 2001 में और सातवां संस्करण वर्ष 2015 में प्रकाशित किया गया था । विधि शब्दावली के पहले संस्करण में लगभग 10,000 प्रविष्टियां सम्मिलित की गई थी, जबकि सातवें संस्करण में इनकी संख्या लगभग 64,600 तक पहुंच गई थी ।

विधि शब्दावली के सातवें संस्करण के प्रकाशन के पश्चात्, भारतीय संसद् द्वारा अनेक अधिनियम अधिनियमित किए जा चुके हैं, जिनमें अन्य विधियों के साथ-साथ, हाल ही में अधिनियमित दांडिक विधियां भी हैं, जिनमें सरलीकरण को ध्यान में रखते हुए अनेक कठिन शब्दों के स्थान पर सरल शब्दों को रखा गया है । अधिकांश अधिनियमों में, वर्तमान में प्रचलित तकनीकी प्रकृति के नए शब्द, पद और अभिव्यक्तियां भी विधि शब्दावली के इस आठवें संस्करण में जोड़ी गईं हैं ।

विधि शब्दावली के आठवें संस्करण में अंग्रेजी शब्दों के सरलतम हिंदी समानार्थी शब्द सम्मिलित करने के लिए अधिकारियों का एक कार्यकारी समूह बनाया गया, जिसने सरल हिंदी शब्दों को विभिन्न स्रोतों से चयनित कर विधि शब्दावली में सम्मिलित करने का प्रस्ताव किया । इसके साथ ही, वर्ष 2015 से अब तक अधिनियमित और अधिप्रमाणित किए गए

अधिनियमों के नए और सरल शब्दों को सम्मिलित करने का भी प्रस्ताव किया गया । इन अधिनियमों में तीन दांडिक विधियां, अर्थात् भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 और वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 भी सम्मिलित हैं । विधि शब्दावली के आठवें संस्करण को अद्यतन करने के लिए और विधि शब्दावली में सरलतम शब्दों का प्रयोग किए जाने के लिए राजभाषा खंड ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों/कर्मचारियों तथा बाह्य भाषा विशेषज्ञों का सहयोग लिया । इन सभी के अथक परिश्रम से निर्धारित समयावधि के भीतर विधि शब्दावली के आठवें संस्करण को अंतिम रूप दिया जा सका ।

विधि शब्दावली को अद्यतन करने का कार्य राजभाषा खंड, विधायी विभाग का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, इसकी उपयोगिता को देखते हुए इसकी मांग निरन्तर बढ़ती जा रही है । अतः, इसका एक वृहत्, सरलतम, पुनरीक्षित और नवीनतम संस्करण प्रकाशित किया जा रहा है ।

सुगमता की दृष्टि से विधि शब्दावली को सात भागों में विभाजित किया गया है । भाग 1 में केन्द्रीय अधिनियमों में प्रयुक्त पारिभाषिक शब्द, पद, अभिव्यक्तियां और जहां अपेक्षित हो, वहां उनके पर्याय अंग्रेजी-हिंदी में दिए गए हैं । भाग 2 में विधि में प्रचलित लैटिन शब्दों की अभिव्यक्तियों, युक्तियों, आदि का हिन्दी में अर्थ और उनकी व्याख्या दी गई है । भाग 3 में हिंदी शब्दों का अंग्रेजी पाठ दिया गया है । भाग 4 में विधि में प्रयुक्त अरबी-फारसी मूल के शब्दों को समाविष्ट किया गया है, जिनका पूर्व में भारत में अत्यधिक प्रयोग होता था । अतः अरबी-फारसी के शब्दों का अर्थ बोध कराने के लिए अरबी-फारसी शब्दों के हिन्दी पर्याय दिए गए हैं । भाग 5 में अनन्य रूप से, विधिशास्त्र में प्रयुक्त शब्दों को सम्मिलित किया गया है । भाग 6 में सीमाशुल्क और उत्पाद-शुल्क के संबंध में प्रयुक्त तकनीकी शब्दों को सम्मिलित किया गया है । भाग 7 एक महत्वपूर्ण भाग है, जिसमें वर्ष 2025 तक अधिनियमित और तत्समय प्रवृत्त सभी केन्द्रीय अधिनियमों के नाम अंग्रेजी वर्णाक्रम के अनुसार, द्विभाषी रूप (अंग्रेजी और हिंदी) में दिए गए हैं । इन सात भागों के अतिरिक्त, परिशिष्ट तथा विधि शब्दावली के अंत में देवनागरी लिपि और हिंदी वर्तनी का मानकीकरण भी सम्मिलित किया गया है ।

सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए ज्ञान का प्रादुर्भाव हुआ है, जो हिंदी भाषा में भी एक नई क्रांति लेकर आया है । जिस तेज गति से समाज के सामने कम्प्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए उपकरण, नई परिभाषाएं, नई संकल्पनाएं, नई व्याख्याएं आ रही हैं, उसी तेज गति से नए शब्दों और उनके नए अर्थों में भी वृद्धि हो रही है । भारत में आर्टिफिशिएल इंटेलीजेंस का प्रयोग निरंतर बढ़ रहा है और आम जनमानस तक विधि को सरलतम रूप में पहुंचाने के लिए विधि शब्दावली को शब्द/वाक्य भंडार के रूप में भी प्रयोग किया जा सकता है ।

विधि के क्षेत्र में निरंतर हो रहे परिवर्तन के कारण, विधि को आम जनमानस तक पहुंचाने को ध्यान में रखते हुए विधि शब्दावली में नए सरल शब्दों को सम्मिलित किया गया है, जिससे न्यायविद्, विधि प्रोफेसर, अधिवक्ता, विधि छात्र और आम जनता को एक ही पटल पर लाकर विधि की भाषा को सरलतम बनाया गया है, जो आम जनता को सहजता से समझ में आ सके ।

मुझे आशा और विश्वास है कि विधि शब्दावली का यह वर्तमान संस्करण न्यायाधीशों, न्यायविदों, शिक्षाविदों, अधिवक्ताओं और विद्यार्थियों सहित आमजन के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगा ।

इस संस्करण को तैयार करने और प्रकाशित कराने में जिन अधिकारियों और पदाधिकारियों ने कठिन परिश्रम किया है, मैं उन सबके प्रति अपना आभार प्रकट करता हूँ ।

राजीव मणि

नई दिल्ली ;
3 अक्तूबर, 2025

डॉ. राजीव मणि
सचिव, विधायी विभाग,
विधि और न्याय मंत्रालय,
भारत सरकार ।

विधि और न्याय मंत्रालय
विधायी विभाग
राजभाषा खंड

कार्यकारी समूह

विधि शब्दावली के आठवें संस्करण को अद्यतन और सरलीकृत करने के साथ-साथ एक नए आयाम के रूप में प्रस्तुत करने हेतु डॉ. राजीव मणि, सचिव, विधायी विभाग के निदेशानुसार कार्यकारी समूह के निम्नलिखित अधिकारियों ने इस विधि शब्दावली को अपने अथक प्रयासों द्वारा अंतिम रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है :--

1.	डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह	संयुक्त सचिव और विधायी परामर्शी	-	अध्यक्ष
2.	श्री अश्वनी	संयुक्त सचिव और विधायी परामर्शी	-	संयोजक
3.	डॉ. सुधा चौधरी	उप विधायी परामर्शी	-	सह-संयोजक
4.	श्री त्रिलोक शर्मा	अपर विधायी परामर्शी	-	सदस्य
5.	डॉ. प्रदीप सिंह	उप विधायी परामर्शी	-	सदस्य
6.	श्री रविन्द्र शर्मा	उप विधायी परामर्शी	-	सदस्य
7.	श्री राजेश श्रीवास्तव	उप विधायी परामर्शी	-	सदस्य
8.	श्रीमती ऋतु खरे	सहायक विधायी परामर्शी	-	सदस्य
9.	श्री सुमित दत्त	सहायक विधायी परामर्शी	-	सदस्य
10.	श्रीमती शुभा शुक्ला	सहायक विधायी परामर्शी	-	सदस्य
11.	श्री अमित कुमार	सहायक विधायी परामर्शी	-	सदस्य
12.	श्री जगमाल सिंह	उप विधायी परामर्शी, सेवानिवृत्त	-	सदस्य

****

विधि शब्दावली

Legal Glossary

विषय सूची (Index)

			पृष्ठ सं0
भाग 1	:	अंग्रेजी-हिंदी	1
भाग 2	:	लैटिन-हिंदी	695
भाग 3	:	हिंदी-अंग्रेजी	707
भाग 4	:	विधि में प्रयुक्त अरबी-फारसी शब्दों के हिंदी पर्याय	981
भाग 5	:	विधिशास्त्र में प्रयुक्त शब्दावली	1015
भाग 6	:	सीमाशुल्क और उत्पाद-शुल्क से संबंधित शब्दावली	1057
भाग 7	:	केंद्रीय अधिनियम	1125
परिशिष्ट			1175
देवनागरी लिपि और हिंदी वर्तनी का मानकीकरण			1203

प्रयुक्त संक्षेपाक्षरों की सूची

LIST OF ABBREVIATIONS USED

A.I.R.	.....	All India Reporter
app.	.....	appendix
art.	.....	article
B.N.S.	.....	Bhartiya Nyaya Sanhita, 2023
B.N.S.S.	.....	Bhartiya Nagarik Suraksha Sanhita, 2023
B.S.A.	.....	Bhartiya Sakshya Adhiniyam, 2023
B.S.F. Act	.....	Border Security Force Act, 1968
C.E.T.	.....	Central Excise Tariff Act, 1985
COFEPOSA	.....	Conservation of Foreign Exchange and Prevention of Smuggling Activities Act, 1974
C.T.	.....	Customs Tariff Act, 1975
ch.	.....	chapter
cl.	.....	clause
col.	.....	Column
Companies Act	.....	Companies Act, 1956
Const.	.....	Constitution of India
C.P.C.	.....	Code of Civil Procedure, 1908
Cr. P.C.	.....	Code of Criminal Procedure, 1973
e.g.	.....	for example
excep.	.....	exception
expln.	.....	explanation
fig.	.....	figure
gen.	.....	general
hdg.	.....	heading
i.e.	.....	that is
ill.	.....	illustration
I.P.C.	.....	Indian Penal Code
M.R.T.P. Act	.....	Monopolies and Restrictive Trade Practices Act, 1969
NSG Act	.....	National Security Guard Act, 1986
No.	.....	Number
Or.	.....	Order
para	.....	paragraph
prov.	.....	proviso
pt.	.....	part
r.	.....	rule
RBI Act	.....	Reserve Bank of India Act, 1934
s.	.....	section
SAARC Act	.....	SAARC Convention (Suppression of Terrorism) Act, 1993
sch.	.....	schedule
ss.	.....	sections
T.P. Act	.....	Transfer of Property Act, 1882
UGC Act	.....	University Grants Commission Act, 1956
U.P.	.....	Uttar Pradesh
v.	.....	Versus

भाग 1

अंग्रेजी-हिंदी

PART I

English-Hindi

A

a. m. : ante meridian पूर्वाह्न

a brief note is placed below : संक्षिप्त नोट नीचे दिया गया है ; संक्षिप्त टिप्पण नीचे दिया गया है

a brief summary of the case is placed below : मामले का सारांश नीचे दिया गया है

a list is placed below : सूची नीचे दी गई है

a list of cases disposed of is placed below : निपटाए गए मामलों की सूची नीचे दी गई है

a matter of extreme urgency : अत्यंत आवश्यक मामला ; अति-आवश्यक विषय

abandon : to give up ; to leave without help ; to surrender control or possession, frequently with the knowledge that the thing abandoned is left for the mercy of someone or something else *[s. 68(2), T.P. Act]* परित्याग करना ; परित्यक्त करना ; त्याग देना

abandon any of the objects : *[s. 17(1)(e), Companies Act]* उद्देश्यों में से किसी को परित्यक्त करना

abandon his application : *[s. 21(2), Trade and Merchandise Marks Act]* अपने आवेदन का परित्याग करना

abandoned assets : परित्यक्त आस्तियां

abandonment : the action of abandoning *[s. 4(c), Gift-tax Act and art. 39(f), Const.]* परित्याग

abandonment of child : *[s. 93, B.N.S.]* शिशु का परित्याग

abandonment of works : संकर्म परित्याग ; कार्य का परित्याग

abate: to put an end to ; to curtail *[Or. 22, r. 1, C.P.C.]* उपशमन करना ; to come to naught *[s. 14, Sick Textile Undertakings (Taking Over of Management) Act]* उपशमन होना ; *[s. 1, Shore Nuisances (Bombay and Kolaba) Act]* समाप्त करना ; *[s. 36, Indian Easements Act]* हटाना ; to decrease कम करना

abate in equal proportion : *[s. 49(2), Presidency-towns Insolvency Act]* समान अनुपात में कमी होना

abatement : the action of abating ; being abated *[Or. 22, r. 1, C.P.C.]* उपशमन ; decrease *[s. 12(3)(b)(i), Specific Relief Act]* कमी ; *[s. 46(1), Estate Duty Act]* कम कर देना ; समाप्ति

abatement by reason of death : *[Or. 22, r. 6, C.P.C.]* मृत्यु के कारण उपशमन ; मृत्यु के कारण समाप्ति

abatement certificate : उपशमन प्रमाणपत्र

abatement made by application of bonus : *[IVth sch., form H para 7, Insurance Act]* बोनस के उपयोजन द्वारा की गई कमी

abatement of duty on damaged or deteriorated goods : *[s. 22, Customs Act]* उस माल पर शुल्क की कमी, जिसका नुकसान या क्षय हो गया है

abatement of legacies : the proportional diminution or reduction of the pecuniary legacies, when the funds or assets out of which such legacies are payable are not sufficient to pay them in full वसीयत संपदा में कमी

abatement of nuisance : *[s. 44C, Inland Vessels Act]* न्यूसेंस का उपशमन ; उपताप की समाप्ति

abatement of rent : *[s. 7(xi)(f), Court-fees Act]* भाटक का उपशमन ; किराये में कमी ; किराया की समाप्ति

abatement of suit : *[Or. 22, r. 1, C.P.C.]* वाद का उपशमन ; वाद की समाप्ति

abatement of suit and bar of suit : वाद का उपशमन और वाद का वर्जन ; वाद की समाप्ति और वाद का वर्जन

abatement of water pollution : *[s. 16(2)(h), Water (Prevention and Control of Pollution) Act]* जल प्रदूषण का उपशमन ; जल प्रदूषण में कमी

abatement, plea in : a plea taken with reference to actions at law to the effect that the action is utterly dead and cannot be revived except by commencing a new action उपशमन-अभिवाक् ; समाप्ति का अभिवचन

abbreviation : a shortened form of a written word or phrase used for brevity in place of the whole *[s. 98. Indian Evidence Act]* संक्षेपाक्षर ; शब्द-संक्षेप ; संक्षिप्त रूप

abbreviation of a name : *[s. 2(1)(k), Trade and Merchandise Marks Act]* नाम का संक्षेप ; *[s. 2(c), Emblems and Names (Prevention of Improper Use) Act]* नाम का संक्षिप्त रूप ; संक्षिप्त नाम

abduct : to take away (especially a person) by fraud or force ; to induce a person to go from any place, by force or deceitful means *[s. 138, B.N.S.]* अपहरण करना

abduction : the action of abducting *[s. 138, B.N.S.]* अपहरण

aberration, mental : unsoundness of the mind, especially unsoundness insufficient to constitute insanity मानसिक विपथन ; मानसिक विचलन

abet : to instigate or encourage the commission of a crime *[s. 3(1), General Clauses Act and s. 278, Income-tax Act]* दुष्प्रेरण ; दुष्प्रेरित करना

abetment : the action or fact of abetting *[s. 30. expln.. Indian Evidence Act, s. 278, Income-tax Act and ss. 27, 45, B.N.S.]* दुष्प्रेरण

abetment of false returns : *[s. 22, Companies (Profits) Surtax Act]* मिथ्या विवरणियों का दुष्प्रेरण

abettor : one who abets the commission of a crime *[ss. 46 and 330(2)(a), B.N.S.]* दुष्प्रेरक

abettor of the offence : *[s. 330(2)(b), B.N.S.]* अपराध का दुष्प्रेरक

abeyance : a state of suspension प्रास्थगन ; आस्थगन

abide by : *[art. 51A(a), Const.]* पालन करना

ability : the quality or state of being able योग्यता

abjure violence : *[art. 51A(i), Const.]* हिंसा से दूर रहना

able : having sufficient power or capacity समर्थ ; योग्य

able-bodied : समर्थांग ; समर्थ शरीर

able seaman : योग्य नाविक

abnormal profit : *[s. 349(4)(d), Companies Act]* अप्रसामान्य लाभ ; असामान्य लाभ

aboard an unregistered ship : *[s. 2(2), Citizenship Act]* किसी अरजिस्ट्रीकृत पोत के फलक पर ; किसी अपंजीकृत पोत के फलक पर

abode, place of : निवास-स्थान ; वास-स्थान

abolish : to put an end to ; to demolish or destroy (mainly of institutions, customs and practices) उत्सादित करना ; उत्सादन करना ; उन्मूलन करना ; समाप्त करना

abolished, is : *[art. 17, Const.]* अंत किया जाता है ; उन्मूलन किया जाता है ; समाप्त किया जाता है

abolition : *[s. 15(e), Jawaharlal Nehru University Act, s. 27(1)(d), Coir Industry Act and art. 110(1)(a) and art. 117(1), prov., Const.]* उत्सादन ; *[long title, Rulers of Indian States (Abolition of Privileges) Act]* समाप्ति ; समापन ; उन्मूलन ; अंत

abolition of posts : पदों का अंत ; पदों की समाप्ति

abolition of privy purses : *[long title, Rulers of Indian States (Abolition of Privileges) Act]* निजी थैली की समाप्ति

abolition of titles : *[art. 18, margin, Const.]* उपाधियों का अंत

abolition of untouchability : *[art. 17, margin, Const.]* अस्पृश्यता का अंत ; छुआछूत का उन्मूलन ; छुआछूत की समाप्ति

abolition or creation of Legislative Councils in States: *[art. 169, margin, Const.]* राज्यों में विधान परिषदों का उत्सादन या सृजन ; राज्यों में विधान परिषदों की समाप्ति या सृजन

aboriginal : आदिवासी

aboriginal welfare officers : आदिवासी कल्याण अधिकारी

abortive : fruitless *[s. 7(2)(i)(b), Indian Telegraph Act]* बेकार ; व्यर्थ ; *[s. 42(a), Income-tax Act]* निष्फल

abortive exploration expenses : *[s. 42(a), Income-tax Act]* निष्फल खोज के खर्चे

abortive trial : a trial in which no verdict is reached without any improper act or conduct of the parties निष्फल विचारण

about to take steps : *[s. 18(1), Arbitration Act]* कदम उठाने वाला

above all : beyond every other consideration सर्वोपरि ; सबसे बड़ी बात यह है कि

above cited : ऊपर कथित ; ऊपर लिखित

above given : ऊपर दिया हुआ

above ground : *[s. 2(2)(b), Mines Act]* भूमि के ऊपर

above mentioned : उपर्युक्त उल्लिखित

above named plaintiff : *[sch. I, app. A, form No. 38, C.P.C.]* उक्त वादी ; ऊपर नामित वादी

above par : अधिमूल्य पर ; सममूल्य से ऊपर ; औसत से ऊंचा ; अधिक मूल्य पर

above quoted : ऊपर उद्धृत

above, referred to : *[Or. 41, r. 14(2), C.P.C.]* ऊपर निर्दिष्ट

above resolution be published in the gazette of India : उपर्युक्त संकल्प भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए

above said : ऊपर कथित

above the rank of : *[s. 34, Prevention of Cruelty to Animals Act]* की पंक्ति के ऊपर

abrasion : superficial injury to skin or mucous membrane from scrapping or rubbing art खरोंच ; छिलना

abrasive wheel : *[s. 30(1), Factories Act]* अपघर्षी चक्र ; घर्षणकारी चक्र

abridge : to make shorter ; to curtail ; to diminish न्यूनन ; *[art. 13(2) and art. 31B, Const.]* न्यून करना ; संक्षिप्त करना

abridgement : cutting short ; abbreviation preserving the essence न्यूनन ; संक्षेपण ; संक्षेप

abridgement of the work : *[s. 2(a)(iii), Copyright Act]* कृति का संक्षेपण ; कार्य का संक्षेपण

abridges any of the rights : *[art. 31A, Const.]* किसी अधिकार को न्यून करता है

abroad, resident : *[s. 230(1), Indian Contract Act]* विदेश निवासी

abrogate : to abolish by official, authoritative or formal action ; to annul a formal law by an act of the legislative power *[s. 4, Navy Act]* निराकृत होना ; निराकरण करना ; निराकरण होना ; रद्द करना

abrogate the right guaranteed : गारंटी किए गए अधिकार को निराकृत करना ; गारंटी किए गए अधिकार को रद्द करना

abrogating any right : *[s. 16. Copyright Act]* किसी अधिकार को निराकृत करना ; किसी अधिकार को रद्द करना

abrogation : *[s. 2(50), Companies Act]* निराकरण

abscond : to hide away, especially to escape arrest ; to go out of the jurisdiction of the court to conceal oneself in order to avoid legal process or to escape arrest *[s. 6, ill., (h), B.S.A.]* फरार होना ; भाग जाना

absconded or departed : *[s. 32, Provincial Insolvency Act]* फरार हो गया है या चला गया है ; भाग गया है या चला गया है

absconder : one who absconds ; one who hides to escape a legal process फरारी ; भगोड़ा

absconding debtor : फरार ऋणी ; भगोड़ा ऋणी

absconding person : a person against whom a warrant has been issued and who has absconded so that such warrant cannot be executed *[ss. 84 and 85, B.N.S.S.]* फरार व्यक्ति ; भगोड़ा व्यक्ति

absence : being wanting or non-existing *[s. 109, T.P. Act] ;* अभाव ; the state of being absent or away *[s. 46, expln. 3, ill. (b) and s. 49, ill. (b), B.N.S.S.]* अनुपस्थिति

absence abroad : *[s. 90(7), Presidency-towns Insolvency Act]* विदेश वास के कारण अनुपस्थिति ; विदेश में निवास के कारण अनुपस्थिति

absence allowance : *[s. 280(2)(e), Cantonments Act]* अनुपस्थिति भत्ता

absence from duty : कर्तव्य से अनुपस्थिति

absence, illness or any other cause, owing to : *[art. 65(2), Const.]* अनुपस्थिति, बीमारी या अन्य किसी कारण से

absence of, during the : *[art. 91(2), Const.]* की अनुपस्थिति में

absence of evidence : *[s. 35, ill., T.P. Act]* साक्ष्य का अभाव

absence of person : *[s. 6, ill. (e), B.S.A.]* व्यक्ति की अनुपस्थिति

absence on duty in his district : अपने जिले में अन्यत्र कर्तव्यारूढ़ होने के कारण अनुपस्थिति

absence without leave : *[ss. 29(1) and 133(4), Navy Act and s. 92(b), Air Force Act] ;* छुट्टी बिना अनुपस्थिति

absent : not present ; being away in another place *[s. 26(1), prov., Representation of the People Act, 1951]* अनुपस्थित ; being elsewhere *[s. 93(3)(a), Navy Act]* अन्यत्र होना

absent from duty : ड्यूटी से अनुपस्थित ; कर्तव्य से अनुपस्थित

absent on leave : *[2nd sch., para 11(b)(ii), Const.]* छुट्टी लेकर अनुपस्थित

absent otherwise than on duty : *[s. 10(1), Registration Act]* कर्तव्यारूढ़ होने से अन्यथा अनुपस्थित

absent, physically : वस्तुत: अनुपस्थित ; भौतिक रूप से अनुपस्थित

absent without leave : *[s. 13(1)(b), Unit Trust of India Act and s. 13(2)(b), Industrial Finance Corporation Act]* इजाजत के बिना अनुपस्थित ; अनुमति के बिना अनुपस्थित

absentation from intoxicants : *[s. 4(4), Probation of Offenders Act]* मादक पदार्थों से प्रविरत रहना ; मादक पदार्थों से दूर रहना

absentee : अनुपस्थित

absentee statement : अनुपस्थिति विवरण

absolute : unqualified ; free from external restraint or limitation *[s. 58(c), T.P. Act]* आत्यंतिक ; free from doubt *[s. 132(1), Army Act]* स्पष्ट ; complete and outright *[s. 15, para 4, Indian Easements Act]* पूर्ण ; final and not liable to modification or termination *[second sch., item 6(2), Income-tax Act]* अंतिम

absolute deafness : पूर्ण बधिरता

absolute discharge : *[second sch., item (42), Provincial Insolvency Act]* आत्यंतिक उन्मोचन ; पूर्ण उन्मोचन

absolute interest : आत्यंतिक हित **;** पूर्ण हित

absolute discretion : पूर्णत: विवेकाधीन

absolute liability : liability irrespective of intention or negligence such as liability for the escape of dangerous things आत्यंतिक दायित्व ; पूर्ण दायित्व

absolute majority : a majority comprising more than half of the total number of votes *[s. 132(1), Army Act]* स्पष्ट बहुमत ; पूर्ण बहुमत

absolute or conditional : *[s. 129, Companies Act]* आत्यंतिक या सशर्त रूप से ; पूर्ण या सशर्त रूप से

absolute, order made : *[s. 152(1), B.N.S.S.]* आदेश को अंतिम करना

absolute order of discharge : *[s. 38(2)(a), Presidency-towns Insolvency Act and s. 41(2)(a), Provincial Insolvency Act]* उन्मोचन का आत्यंतिक आदेश ; उन्मोचन का अंतिम आदेश

absolute owner : person capable of disposing the whole interest in immoveable property although it is charged or encumbered *[first sch., app. A, No. 13(2) and No. 35, C.P.C.]* आत्यंतिक स्वामी ; पूर्ण स्वामी

absolute power of disposition : *[s. 23, expln., 1, Estate Duty Act]* व्ययन की आत्यंतिक शक्ति ; व्ययन की पूर्ण शक्ति

absolute privilege : निरपेक्ष विशेषाधिकार ; absolute privilege renders defendant absolutely immune from civil liability for his defamatory statements आत्यंतिक विशेषाधिकार ; पूर्ण विशेषाधिकार

absolute right : *[sch. I, table A, interpretation 6, Companies Act]* आत्यंतिक अधिकार ; पूर्ण अधिकार

absolute title : आत्यंतिक हक ; पूर्ण हक

absolute undertaking : *[s. 3, Indian Carriage of Goods by Sea Act]* स्पष्ट परिवचन ; पूर्ण वचनबद्ध

absolute warranty of seaworthiness : *[s. 3, Indian Carriage of Goods by Sea Act]* यात्रा-योग्यता की स्पष्ट वारंटी

absolutely : in an absolute manner or degree ; without condition or limitation *[ss. 7, 67 and 135, T.P. Act]* आत्यंतिक रूप से *; [s. 8(2), Army Act]* आत्यंतिकत: ; पूर्ण रूप से

absolutely debarred : *[first sch., app. D, form No. 3(5), C.P.C.]* आत्यंतिकत: विवर्जित ; पूर्ण रूप से विवर्जित ; पूर्ण रूप से रोक ; पूर्ण रूप से वर्जित

absolutely foreclosed : *[first sch., app, D. form No. 3(5), C.P.C.]* आत्यंतिकत: पुरोबंधित ; आत्यंतिक रूप से मोचन निषेध

absolutely or conditionally : *[s. 7, T.P. Act]* आत्यंतिक रूप से या सशर्त ; पूर्ण रूप से या सशर्त

absolutely restraining the transferee : *[s. 10, T.P. Act]* जो अंतरिती को आत्यंतिकत: अवरुद्ध करती है ; जो अंतरिती को पूर्ण रूप से अवरुद्ध करती है

absolutely, transfer : आत्यंतिक रूप से अंतरण करना ; पूर्ण रूप से अंतरण करना

absolutely vested : *[s. 135, T.P. Act]* आत्यंतिक रूप से निहित ; पूर्ण रूप से निहित

absolutely void in law : *[s. 49(d)(1), Indian Stamp Act]* विधि की दृष्टि से पूर्ण रूप से शून्य

absolve from liability : *[s. 342(2), Companies Act]* दायित्व से मुक्ति पा जाना

absorb : to take in ; to assimilate *[s. 12(1)(f), International Airports Authority Act]* आमेलित करना ; आमेलन करना ; मिला लेना

absorb in regular service : *[s. 12(1)(f), International Airports Authority Act]* नियमित सेवा में आमेलित करना ; नियमित सेवा में मिला लेना

absorbed areas : *[s. 2(b), Absorbed Areas (Laws) Act]* आमेलित क्षेत्र ; मिला लिए गए क्षेत्र

absorbed employee : *[s. 2(a), Goa, Daman and Diu (Absorbed Employees) Act]* आमेलित कर्मचारी ; मिला लिया गया कर्मचारी

absorbed post : *[s. 2(b), Goa, Daman and Diu (Absorbed Employees) Act]* आमेलित पद ; मिला लिया गया पद

absorbing State : *[s. 2(a), Merged States (Laws) Act]* आमेलक राज्य

abstain : to keep oneself away (from) ; to withold oneself from (participation or action) *[s. 2(a), Indian Contract Act]* प्रविरत रहना ; अलग रहना

abstain from a certain act : *[s. 163(1), B.N.S.S.]* कार्य-विशेष न करना ; कार्य-विशेष से अलग रहना

abstaining : प्रविरत रहना ; विरत रहना ; अलग रहना

abstention : the action of abstaining *[s. 2(20), Employees' State Insurance Act]* प्रविरति ; विरति ; तटस्थ

abstention from work : *[s. 2(20), Employees' State Insurance Act]* काम से प्रविरति ; काम से विरति रहना ; काम से अलग होना

abstinence : the action or practice of abstaining *[s. 2(a), Indian Contract Act]* प्रविरति ; विरति

abstract : a summary or an epitome *[s. 62, Mines Act and s. 165(3)(c), Companies Act]* संक्षिप्त ; सार ; अमूर्त ; सारांश निकालना

abstract book : सार पुस्तिका ; सारांश पुस्तिका

abstract contingent bill : संक्षिप्त आकस्मिक व्यय बिल

abstract, in the : सिद्धांत रूप में ; सार रूप में ; सारत:

abstract of teller's receipt : गणक की रसीद का सार

abstract of tender : निविदा का सार

abstract of the instrument : *[s. 31(2), Indian Stamp Act]* लिखत की संक्षिप्ति ; लिखत का सार ; प्रपत्र का सारांश

abstract of the receipts of the company : *[s. 165(3)(c), Companies Act]* कंपनी की प्राप्तियों का सार

abstract theory : *[s. 3(c), Patent Act]* अमूर्त सिद्धांत ; सार सिद्धांत

abstracting water : *[s. 20(2), Water (Prevention and Control of Pollution) Act]* जल निकालना

abstraction : *[s. 39, Indian Electricity Act]* निकालना ; संक्षेपीकरण

abstractor : संक्षेपकार

absurd : अर्थहीन ; बेतुका

absurd argument : हास्यास्पद तर्क ; बेतुका तर्क

absurdity : अर्थहीनता ; बेतुकापन

abuse : misuse ; improper use ; perversion *[s. 528, B.N.S.S.]* दुरुपयोग ; to misuse ; to take bad advantage of *[art. 39(e), Const.]* दुरुपयोग करना

abuse of powers : शक्तियों का दुरुपयोग

abuse of the process of court : improper use of a regular legal process by which an unfair advantage is obtained by a party to the proceeding over an opponent *[s. 528, B.N.S.S.]* न्यायालय की कार्यवाही का दुरुपयोग

abusive language : *[s. 120(b), Indian Railways Act]* गाली-गलौज की भाषा ; अशिष्ट भाषा

abut : *[s. 2(iia), Cantonments Act]* लगा होना ; सीमा स्पर्शन ; सटा हुआ होना

abutting : having a common boundary with *[s. 52(2)(i), Inland Vessels Act]* संस्पर्शी ; साथ लगा हुआ

abutting navigable channels : *[s. 52(2)(i), Inland Vessels Act]* नौपरिवहनीय जलमार्गों से संस्पर्शी ; नौपरिवहनीय जलमार्गों से लगा होना

academic : विद्या संबंधी ; शैक्षिक ; शैक्षणिक ; शास्त्रीय (अकादमिक)

academic advisory committee : *[s. 14, Jawaharlal Nehru University Act]* विद्या सलाहकार समिति ; शैक्षणिक सलाहकार समिति

academic body : *[s. 13(1), Jawaharlal Nehru University Act]* शैक्षणिक निकाय

academic council : *[s. 3(2), Jawaharlal Nehru University Act and s. 2(a), Aligarh Muslim University Act]* विद्या परिषद् ; शैक्षणिक परिषद्

academic distinctions : *[s. 6(1)(b), Institutes of Technology Act]* विद्या संबंधी विशेष उपाधियां ; *[art. 18(1), Const.]* विद्या संबंधी सम्मान ; शैक्षणिक सम्मान

academic education : *[s. 71A(c)(iii), Indian Railways Act]* शास्त्रीय शिक्षा ; शैक्षणिक शिक्षा

academic institution : शैक्षणिक संस्था

academic interest : *[sch., statute 19(c), Aligarh Muslim University]* शैक्षणिक हित

academic life : *[s. 29(1)(n), Aligarh Muslim University Act]* शैक्षणिक जीवन

academic life of the university : *[s. 26(m), North-Eastern Hill University Act]* विश्वविद्यालय का शैक्षणिक जीवन

academic matter : *[s. 33(2)(a), Institutes of Technology Act]* शैक्षिक विषय

academic merit : शैक्षणिक योग्यता

academic officer : *[s. 19(2), Aligarh Muslim University Act]* शैक्षणिक अधिकारी

academic performances : *[sch., 2, 15(7)(b), Visva Bharati Act]* शैक्षणिक उपलब्धियां

academic policy : *[s. 25(1), Aligarh Muslim University Act]* शैक्षणिक नीति

academic post : *[s. 5(6), University of Hyderabad Act]* शैक्षणिक पद

academic qualifications : शैक्षणिक योग्यताएं ; शैक्षणिक अर्हताएं

academic session : *[sch., statute 29(2)(b)(i), Aligarh Muslim University Act]* शैक्षणिक सत्र

academic staff : *[s. 27(k), Aligarh Muslim University Act]* शैक्षणिक कर्मचारिवृंद

academic step : *[s. 5(2), North-Eastern Hill University Act]* शैक्षणिक कार्यवाही

academic work : *[sch., statute 25(1), Aligarh Muslim University Act]* शैक्षणिक कार्य

academic year : शैक्षणिक वर्ष

academy : society of listed individuals united for advancement of art, science or literature ; a school above the elementary level अकादमी

accede to : *[s. 517(1), Companies Act]* सम्मिलित होना ; to agree मान लेना ; सहमत होना

acceded to : स्वीकार किया गया

acceding State : *[s. 3, Government Trading Taxation Act]* सम्मिलित होने वाला राज्य

acceding to : अंगीकार करना

acceding to convention : *[art. 12(2), Foreign Awards (Recognition and Enforcement) Act]* कन्वेंशन को अंगीकार करना ; अभिसमय को अंगीकार करना

accelerate the death : *[s. 100, expln. I, B.N.S.]* मृत्यु त्वरित कर देना

acceleration of estate : संपदा की त्वरित प्राप्ति

accept : to take or receive with consenting mind *[s. 2(b), Indian Contract Act]* प्रतिग्रहण करना ; प्रतिगृहीत करना ; *[art. 109(3), Const.]* स्वीकार करना

accept the confidence : *[s. 3, Indian Trusts Act]* विश्वास प्रतिगृहीत करना

accept the plea : अभिवाक् प्रतिगृहीत करना ; अभिवाक् स्वीकार करना

acceptability : स्वीकार्यता

acceptable : worthy or likely to be accepted प्रतिग्राह्य ; स्वीकार्य

acceptable proposal : स्वीकार्य प्रस्ताव

acceptance : the action or fact of accepting ; in its widest sense it is the act of assenting to an offer *[ss. 35 and 112, T. P. Act]* प्रतिग्रहण ; स्वीकृति

acceptance, general : साधारण स्वीकृति

acceptance house : स्वीकृति गृह

acceptance in principle : सिद्धांत रूप से स्वीकृति

acceptance is awaited : स्वीकृति की प्रतीक्षा है ; स्वीकृति प्रतीक्षित है

acceptance must be absolute : *[s. 7, Indian Contract Act]* प्रतिग्रहण आत्यंतिक होना ही चाहिए ; स्वीकृति पूर्ण होनी चाहिए

acceptance of bill : the signification by the drawee of his assent to the order of a drawer विनिमय पत्र का प्रतिग्रहण ; विनिमय पत्र की स्वीकृति

acceptance of promise : *[s. 9, Indian Contract Act]* वचन का प्रतिग्रहण ; वचन की स्वीकृति

acceptance of proposal : *[s. 3, Indian Contract Act]* प्रस्थापना का प्रतिग्रहण ; प्रस्ताव की स्वीकृति

acceptance of tender : निविदा की स्वीकृति

acceptance, qualified : सापेक्ष स्वीकृति

acceptances : स्वीकृत हुंडी ; स्वीकारोक्तियां

acceptances book : स्वीकार बही

accepted as authentic : *[s. 52(r)(ii), prov., Copyright Act]* अधिप्रमाणित रूप में स्वीकृत ; प्रामाणिक रूप से स्वीकृत

accepted as correct : *[s. 9(b), Companies (Profits) Surtax Act]* ठीक मान कर स्वीकृत कर ली गई

accepted for payment : भुगतान के लिए स्वीकृत

accepted provisionally : अनंतिम रूप से स्वीकृत

accepted stores : स्वीकृत सामान

acceptor : one who accepts *[s. 7, Negotiable Instruments Act]* प्रतिग्रहीता ; स्वीकर्ता

acceptor for honour : *[s.* 7, *Negotiable Instruments Act]* आदरणार्थ प्रतिग्रहीता ; सम्मान का स्वीकर्ता

acceptor of bill of exchange : the person who accepts a bill of exchange (generally the drawee) or who engages to be primarily responsible for its payment *[ss. 41 and 42, Negotiable Instruments Act and s. 12, III. (d), B.S.A.]* विनिमय पत्र का प्रतिग्रहीता ; विनिमय पत्र का स्वीकर्ता

acceptor supra protest : one who accepts a protested bill of exchange on which he is not already liable for the honour of some party to the bill, the accept, being liable to the holder and all parties subsequent to the one for whose honour he accepts *[s. 7, Negotiable Instruments Act]* प्रसाक्ष्याधीन प्रतिग्रहीता

access : approach, or the means, power, or opportunity of approaching ; an opportunity for sexual intercourse *[s. 116, B.S.A. and s. 55(1), C.P.C.]* पहुंच ; to gain access to data, a file *[s. 2(a), Information Technology Act]* अभिगम ; entry *[s. 2(ze)(a), Information Technology Act]* प्रवेश

access and use of light : *[s. 25(1), Limitation Act]* प्रकाश का प्रवेश और उपयोग

access by scaling or climbing over any wall : *[s. 330(2)(b), B.N.S.]* किसी दीवार पर सीढ़ी द्वारा या अन्यथा चढ़कर पहुंच

accessible : capable of being reached *[s. 12, Beedi and Cigar Workers (Conditions of Employment) Act]* पहुंच में ; easy to approach सुगम

accessible place : *[s. 3E, Employment of Children Act]* सुगम स्थान

accessibility : *[s. 18(1), Indian Electricity Act]* पहुंच ; सुगमता

accession : coming to as an addition ; the mode of acquiring property by which the owner of a corporal substance (as land or cattle) becomes the owner of addition by growth, increase or labour ; any property so acquired *[s. 63, T.P. Act]* अनुवृद्धि ; coming to the throne *[s. 52(1)(e), B.S.A.]* राज्यारोहण ; coming to an office *[s. 57(7), Indian Evidence Act]* पदारोहण ; increase by something added अधिमिलन ; assent *[art. 57, Geneva Conventions Act]* स्वीकृति

accession, instrument of : *[art. IX(2), Foreign Awards Act]* अंगीकार पत्र

accession to office : पदारोहण

accessory : an object or device is not essential in itself but that adds to the convenience or effectiveness of something else ; an adjunct or accompaniment *[s. 2(a)(iii), Essential Commodities Act and fifth sch., item 8, Income-tax Act]* उपसाधन ; subsidiary ; present along with something more important *[s. 33, Indian Easements Act]* समनुषंगिक ; one who aids or gives countenance to a crime *[s. 6, Explosive Substances Act]* उपसाधक ; उपसहायक

accessory licence : a licence necessary for the enjoyment of any interest or the exercise of any right *[s. 55, Indian Easements Act]* समनुषंगिक अनुज्ञप्ति ; आनुषंगिक अनुज्ञप्ति ; उपसहायक अनुज्ञप्ति

accessory obligation : an obligation subordinate to the main or principal one ; such as an obligation to pay annual rent under a lease उपबाध्यता

accessory of an automobile : *[s. 2(a)(iii), Essential Commodities Act]* मोटर गाड़ी का उपसाधन

accessory products : समनुषंगिक उत्पाद ; उपसहायक उत्पाद

accessory right : a right supplementary or secondary to a right of greater or primary importance *[s. 24, Indian Easements Act]* समनुषंगिक अधिकार ; उपसहायक अधिकार

accessory to : *[s. 30(1)(c), Trade and Merchandise Marks Act]* का उपसाधन

accident : a sudden event occurring without intent or volition whether through negligence, carelessness, unawareness, ignorance or a combination of causes and producing an unfortunate result ; an unexpected happening causing loss or injury which is not due to the fault of the person *[s. 18, B.N.S.]* दुर्घटना ; anything that happens घटना

accident at sea : *[s. 82(1), Indian Railways Act]* समुद्र पर दुर्घटना

accident of the sea : *[sch., art. IV(2)(c), Indian Carriage of Goods by Sea Act]* समुद्र की दुर्घटना

accident prone area : दुर्घटना संभावित क्षेत्र

accidental : happening by or pertaining to chance *[s. 13, B.S.A. and s. 57(v), Mines Act]* आकस्मिक

accidental fire : *[s. 33B(iii), Income-tax Act]* आकस्मिक आग

accidental omission : *[s. 152, C.P.C., s. 172(3), Companies Act and s. 40(2), Children Act]* आकस्मिक लोप

accidental slip : *[s. 152, C.P.C. and s. 40(2), Children Act]* आकस्मिक भूल ; *[s. 154, Customs Act]* आकस्मिक चूक

accidentally : in an accidental manner ; without intention or design *[s. 58(1) (a), Representation of the People Act, 1951]* घटनावश ; *[s. 75(6), Motor Vehicles Act]* संयोगवश

accidents, fortuitous : *[Rules for Policy, para 7, Marine Insurance Act]* आकस्मिक दुर्घटनाएं

accidents investigation officer : दुर्घटना अन्वेषण अधिकारी

accommodation : anything which serves the need of residence *[s. 55(1), C.P.C.]* वास-सुविधा *;* room ; space *[s. 11(2)(b), Plantations Labour Act]* जगह *;* provision of what is needful or desirable for convenience, such as, accommodation by way of loan or other pecuniary assistance in emergency *[s. 44, ill., Negotiable Instruments Act]* सौकर्य ; lodging *[s. 198(4), expln. (a), Companies Act]* वास ; quarters *[sch. I, table D, 3rd item, Companies Act]* आवासन ; convenience *[s. 7(1), Indian Railways Act]* सुविधा ; supplying of wants especially, housing *[s. 50(d), Indian Railways Act]* स्थान-सुविधा ; आवास

accommodation and conveyance : *[s. 50(d), Indian Railways Act]* स्थान-सुविधा और प्रवहण ; आवासन और वहन

accommodation, as an : *[s. 44, ill., Negotiable Instruments Act]* सौकर्य के लिए ; आवासन के लिए

accommodation draft : सौकर्य ड्राफ्ट ; आवासन प्रारूप

accommodation for the crossing of a road : *[s. 11(3)(c), Indian Railways Act]* सड़क पार करने के लिए सुविधा

accommodation free of charge : *[s. 198(4), expln. (a), Companies Act]* प्रभार-मुक्त वास ; प्रभार-मुक्त आवास

accommodation holding : वास प्रक्षेत्र

accommodation, house : *[s. 2(vi)(e)(2), Payment of Wages Act]* गृहवास सुविधा

accommodation, housing : *[s. 10(20A), Income-tax Act]* निवास-स्थान

accommodation letter : सौकर्य पत्र ; आवासन पत्र

accommodation note : सौकर्य पत्र ; आवासन टिप्पण

accommodation note or bill : a note or bill made, drawn, accepted or endorsed by one person for another without consideration to enable that other to raise money or obtain credit thereby *[s. 59, prov., Negotiable Instruments Act]* सौकर्य पत्र या विपत्र ; आवासन टिप्पण या पत्र

accommodation of persons : *[s. 3(2)(b), Requisitioning and Acquisition of Immovable Property Act]* व्यक्तियों की वास-सुविधा ; व्यक्तियों का आवासन

accommodation of travellers : *[sch. I, table D, item 3, Companies Act]* यात्रियों का आवासन ; यात्रियों की वास-सुविधा

accommodation officer : आवास अधिकारी

accommodation works : *[s. 11(3)(a), Indian Railways Act]* सुविधा संकर्म ; आवासन कार्य

accomplice : one concerned with another or others in the commission of offence ; an associate in crime or guilt *[ss. 119, ill. (b), 138, B.S.A. and s. 228, ill. (c), B.N.S.]* सह अपराधी

accomplish : to complete *[s. 148, Indian Contract Act]* पूरा करना

accomplishment of purpose : प्रयोजन पूरा होना

accord and satisfaction : mutual agreement and fulfilment of obligation समझौता और तुष्टि ; समझौता और संतुष्टि

accord approval to ... : कृपया ... को अनुमोदित करें

accord sanction to ... : कृपया ... को मंजूर करें/मंजूरी दें

accordance with, in : *[s. 12(1), Maternity Benefit Act]* के अनुसार

accorded, given or granted : *[s. 629A, Companies Act]* दी गई या अनुदत्त की गई

according as the state of business : *[s. 3, Civil Courts Amins Act]* काम की अपेक्षानुसार ; कारबार की स्थिति के अनुसार

according to : *[s. 258(2), B.N.S.S.]* के अनुसार

according to convenience : सुविधानुसार

according to invoice cost works out to... at the market rate : बीजक के अनुसार बाजार दर से लागत ..... बैठती है

according to law : *[s. 258(2), B.N.S.S.]* विधि के अनुसार

according to the rules in vogue : प्रचलित नियमों के अनुसार

accordingly : in accordance with the premises *[s. 136, B.N.S.S.]* तदनुसार

account : a statement of moneys received and paid with calculation of balance लेखा ; हिसाब ; a formal record of debits and credits relating to the person named or caption placed at the head of the ledger account खाता ; computation ; reckoning गणना ; a statement of facts or occurrences वृत्तांत ; विवरण

account, abstract : सार लेखा

account, bad debt reserve : डूबंत ऋण आरक्षित लेखा

account, bad debts : डूबंत ऋण लेखा

account, balance an : लेखा संतुलित करना

account, balance on : लेखा संतुलन

account, banking : *[s. 19(2)(b), Indian Partnership Act]* बैंक में खाता ; बैंक में हिसाब

account book : *[ss. 28, ill. and 132, expln., ill. (c), B.S.A. and s. 2(3), Bankers' Books Evidence Act]* लेखा बही

account, brokerage : दलाली लेखा ; दलाली खाता

account, capital : पूंजीगत लेखा

account, cash : रोकड़ लेखा

account circle : लेखा सर्किल

account, clear an : लेखा शोधन

account clerk : लेखा लिपिक

account, close an : खाता बंद करना

account, commission : कमीशन लेखा

account, consignment : प्रेषण लेखा ; प्रेषित माल लेखा

account, contract : संविदा लेखा

account, controlling : नियंत्रक लेखा

account, cost : लागत लेखा

account, current : the amount of money a person has deposited at a bank or which he can draw from or add to as may be desired, generally no interest being chargeable on either side चालू खाता

account, deficiency : कमी लेखा

account, departmental : विभागीय लेखा

account, deposit : जमा लेखा ; निक्षेप लेखा

account, depreciation : अवक्षयण लेखा

account, direct : प्रत्यक्ष लेखा

account, discount : बट्टा लेखा

account, doubtful debt : शंकास्पद ऋण लेखा ; संदेहास्पद ऋण लेखा

account down to the time : *[s. 571(2), Companies Act]* समय तक का खाता

account, drawing : आहरण लेखा

account, duplicate : *[s. 203, Indian Succession Act]* दोहरा लेखा

account, exchange : विनिमय लेखा

account, falsification of : मिथ्या लेखा बनाना

account, fictitious : बनावटी लेखा

account, final : अंतिम लेखा

account, finance : वित्त लेखा

account, fixed deposit : सावधि जमा लेखा

account for : to give an account of ; to answer for *[s. 195, ill. (b), Indian Contract Act and s. 27C(2), Emigration Act]* लेखा-जोखा देना ; to give a reason for ; to tell the cause of *[s. 119, ill. (a), B.S.A.]* कारण बताना ; to render accounts *[sch. I, app. F, form No. 10, C.P.C. and s. 143, ill. (a), Indian Contract Act]* लेखा देना ; उत्तरदायी होना

account for the proceeds : *[s. 195, ill. (b), Indian Contract Act]* आगमों का लेखा-जोखा देना

account, goods : माल लेखा

account head : लेखा शीर्ष

account, impersonal : अवैयक्तिक लेखा

account, income and expenditure : आय-व्यय लेखा

account, indemnity insurance : क्षतिपूर्ति बीमा लेखा

account, initial : प्रारंभिक लेखा

account is to be taken or vouched : *[Or. 20, r. 17, C.P.C.]* लेखा लिया जाना है या प्रमाणित किया जाना है

account, joint : संयुक्त खाता

account jurisdiction : लेखा अधिकारिता

account keeping : लेखा पालन ; लेखा-जोखा रखना

account, leave out of : गणना में से छोड़ना ; गिनती में न लेना ; हिसाब में न लेना

account, mines : खान लेखा

account, miscellaneous : प्रकीर्ण लेखा ; विविध लेखा

account month : लेखा मास

account, multiple cost : बहुविध लागत लेखा

account, nominal : आय-व्यय लेखा

account of activities : *[s. 25(1), International Airports Authority Act]* क्रियाकलापों का विवरण

account of interest demand : ब्याज मांग लेखा

account of issues : निर्गम लेखा

account of, on : *[s. 76(h), T.P. Act]* के मद्धे ; के कारण

account of profits : *[s. 108, Patents Act]* लाभ लेखा

account of the credits : an account of the credit side entries प्रत्यय लेखा ; जमा लेखा

account of the winding up : *[s. 497(1)(a), Companies Act]* परिसमापन का वृत्तांत ; समापन का विवरण

account, on : *[s. 3, High Denomination Bank Notes (Demonetisation) Act]* उस लेखे में

account, on his : *[sch. I, app. A, form No. 6, C.P.C]* उसके लेखे ; उसकी जिम्मेदारी पर

account, open : *[sch., art. 1, Limitation Act]* खुला खाता

account opened : *[s. 10(3), Foreign Exchange Regulation Act]* खोला गया खाता

account, operation : परिचालन लेखा

account, output cost : उत्पादन लागत लेखा

account, payee : पाने वाले का लेखा

account payee : खाते में देय

account payee cheque : पाने वाले के खाते में देय चैक

account, personal : वैयक्तिक लेखा ; वैयक्तिक खाता

account, petty cash : खुदरा रोकड़ लेखा

account, post in : खाते में प्रविष्ट करना ; खाते में डालना

account, private : निजी लेखा

account, profit and loss : लाभ-हानि लेखा *[s. 21(1)(i), Income-tax Act]* लाभ और हानि लेखा

account, profit and loss adjustment : लाभ-हानि समायोजन लेखा

account, profit and loss appropriation : लाभ-हानि विनियोजन लेखा

account, proforma : प्रोफार्मा लेखा

account, progressive : प्रगामी लेखा

account, property : संपत्ति लेखा

account, public : लोक लेखा

account, purchase : क्रय लेखा

account, purchase ledger adjustment : क्रय खाता समायोजन लेखा

account, real (property) : वास्तविक (संपत्ति) लेखा

account, realisation : नकदीकरण लेखा

account, receipts and payments : प्राप्ति और संदाय लेखा

account, regular : नियमित लेखा

account, reserve : आरक्षित निधि लेखा ; आरक्षिति लेखा

account, residuary : अवशिष्ट लेखा

account return : लेखा विवरणी

account, revenue : राजस्व लेखा

account, rough : कच्चा लेखा/खाता

account, royalties suspense : स्वामिस्व उचंत लेखा

account, running : चालू खाता

account, salaries : वेतन लेखा ; वेतन खाता

account, sales guard book : विक्रय गार्ड बुक लेखा

account, separate : पृथक् खाता

account shall also be taken of the deductions : *[s. 34(2), expln., Income-tax Act]* कटौतियों को भी हिसाब में लिया जाएगा

account, shall not taken into : नहीं गिना जाएगा ; हिसाब में नहीं लिया जाएगा

account shall not be taken : *[s. 43A, second prov., Companies Act]* गिनती में नहीं लिया जाएगा

account should be taken : *[Or. 20, r. 16, C.P.C.]* लेखा लिया जाना

account, single : एकल लेखा

account, single cost : एकल लागत लेखा

account, sinking fund investment : निक्षेप निधि विनिधान लेखा ; निक्षेप निधि निवेश लेखा

account, sold ledger investment : विक्रय खाता समायोजन लेखा

account, special goods : विशेष माल लेखा

account, stock : स्टाक लेखा

account, store : भंडार लेखा

account, subsidiary : सहायक लेखा

account, take into : to notice विचार करना ; to calculate गिनना ; *[second sch., r. 2(ii), Companies (Profits) Surtax Act]* हिसाब में लेना

account, terminal : सावधि लेखा

account, trading : व्यापार लेखा

account, trading and profit and loss : व्यापार और लाभ-हानि लेखा

account, trust : न्यास लेखा

account, value : मूल्य लेखा

account, voyage : समुद्र यात्रा लेखा

account, wages : मजदूरी लेखा

account, workshop : कर्मशाला लेखा ; कार्यशाला लेखा

account, write off an : लेखा बट्टे खाते डालना

accountable : *[s. 14, Charitable Endowments Act]* जवाबदार ; लेखादायी ; देनदार ; जबाबदेह ; उत्तरदायी

accountable or liable : *[s. 543(1)(a), Companies Act]* दायित्वाधीन या लेखादायी ; उत्तरदायी या दायी

accountable person : *[s. 2(12A), Estate Duty Act]* लेखादायी व्यक्ति ; *[s. 2(2), Taxation Laws (Continuation and Validation of Recovery Proceedings) Act]* देनदार व्यक्ति ; उत्तरदायी व्यक्ति

➢ Right to Information Act, 2005 (22 of 2005)	सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 (2005 का 22)
➢ River Boards Act, 1956 (49 of 1956)	नदी बोर्ड अधिनियम, 1956 (1956 का 49)
➢ Road Transport Corporations Act, 1950 (64 of 1950)	सड़क परिवहन अधिनियम, 1950 (1950 का 64)
➢ Rubber Act, 1947 (24 of 1947)	रबड़ अधिनियम, 1947 (1947 का 24)

S

➢ Sashatra Seema Bal Act, 2007 (53 of 2007)	सशस्त्र सीमा बल अधिनियम, 2007 (2007 का 53)
➢ SAARC Convention (Suppression of Terrorism) Act, 1993 (36 of 1993)	दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन अभिसमय (आतंकवाद दमन) अधिनियम, 1993 (1993 का 36)

➢ Salaries, Allowances and Pension of Members of Parliament Act, 1954 (30 of 1954)	संसद् सदस्य वेतन, भत्ता और पेंशन अधिनियम, 1954 (1954 का 30)
➢ Salaries and Allowances of Ministers Act, 1952 (58 of 1952)	मंत्रियों के सम्बलमों और भत्तों से संबंधित अधिनियम, 1952 (1952 का 58)
➢ Salaries and Allowances of Officers of Parliament Act, 1953 (20 of 1953)	संसद् अधिकारी वेतन और भत्ता अधिनियम, 1953 (1953 का 20)
➢ Salarjung Museum Act, 1961 (26 of 1961)	सलारजंग संग्रहालय अधिनियम, 1961 (1961 का 26)
➢ Salary and Allowances of Leaders of Opposition in Parliament Act, 1977 (33 of 1977)	संसद् में विपक्षी नेता वेतन और भत्ता अधिनियम, 1977 (1977 का 33)
➢ Sale of Goods Act, 1930 (3 of 1930)	माल विक्रय अधिनियम, 1930 (1930 का 3)_
➢ Sale Promotion Employees (Condition of Service) Act, 1976 (11 of 1976)	विक्रय संवर्द्धन कर्मचारी (सेवा शर्त) अधिनियम, 1976 (1976 का 11)
➢ Sale Tax Laws Validation Act, 1956 (7 of 1956)	विक्रय-कर विधि विधिमान्यकरण अधिनियम, 1956 (1956 का 7)
➢ Salt Cess Act, 1953 (49 of 1953)	नमक उपकर अधिनियम, 1953 (1953 का 49)
➢ Sarais Act, 1867 (22 of 1867)	सराय अधिनियम, 1867 (1867 का 22)
➢ Sashtra Seema Bal Act, 2007 (53 of 2007)	सशस्त्र सीमा बल अधिनियम, 2007 (2007 का 53)
➢ Scheduled Areas (Assimilation of Laws) Act, 1953 (16 of 1953)	अनुसूचित क्षेत्र (विधियों की एकरूपता) अधिनियम, 1953 (1953 का 16)
➢ Scheduled Castes and Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989 (33 of 1989)	अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 (1989 का 33)
➢ Scheduled Tribes and other Traditional Forest Dwellers (Recognition of Forest Rights) Act, 2006 (2 of 2007)	अनुसूचित जाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2)
➢ Science and Engineering Research Board Act, 2008 (9 of 2009)	विज्ञान और इंजीनियरी अनुसंधान बोर्ड अधिनियम, 2008 (2009 का 9)
➢ Seamen's Provident Fund Act, 1966 (4 of 1966)	नाविक भविष्य-निधि अधिनियम, 1966 (1966 का 4)
➢ Sea-ward Artillery Practice Act, 1949 (8 of 1949)	सागर-दिशा तोप अभ्यास अधिनियम, 1949 (1949 का 8)
➢ Securities and Exchange Board of India Act, 1992 (15 of 1992)	भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 (1992 का 15)
➢ Securities Contracts (Regulation) Act, 1956 (42 of 1956)	प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 (1956 का 42)
➢ Seeds Act, 1966 (54 of 1966)	बीज अधिनियम, 1966 (1966 का 54)
➢ Semiconductor Integrated Circuits Layout Design Act, 2000 (37 of 2000)	अर्द्धचालक एकीकृत परिपथ अभिन्यास डिजाइन अधिनियम, 2000 (2000 का 37)
➢ Sexual Harassment of Women at Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal) Act, 2013 (14 of 2013)	महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 (2013 का 14)
➢ Sheriffs Fees Act, 1852 (8 of 1852)	शैरिफ फीस अधिनियम, 1852 (1852 का 8)
➢ Shillong (Rifle Range and Umlong) Cantonments Assimilation of Laws Act, 1954 (31 of 1954)	शिलांग (राइफल्स रेन्ज और उमलांग) छावनी विधियों की एकरूपता अधिनियम, 1954 (1954 का 31)
➢ Shipping Development Fund Committee (Abolition) Act, 1986 (66 of 1986)	पोत परिवहन विकास निधि समिति (उत्सादन) अधिनियम, 1986 (1986 का 66)

- Shore Nuisances (Bombay and Kolaba) Act, 1853 (11 of 1853)
- Sick Industrial Companies (Special Provisions) Act, 1985 (1 of 1986)
- Sick Industrial Companies (Special Provisions) Repeal Act, 2004 (1 of 2004)
- Sick Textile Undertakings (Nationalisation) Act, 1974 (57 of 1974)
- Sick Textile Undertakings (Taking Over of Management) Act, 1972 (24 of 1972)
- Sikh Gurudwaras (Supplementary) Act, 1925 (24 of 1925)
- Sikkim University Act, 2007 (10 of 2007)
- Slum Areas (Improvement and Clearance) Act, 1956 (96 of 1956)
- Small Coins (Offences) Act, 1971 (52 of 1971)
- Small Industries Development Bank of India Act, 1989 (39 of 1989)
- Smith, Stanistreet and Company Limited (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1977 (41 of 1977)
- Smugglers and Foreign Exchange Manipulators (Forfeiture of Property) Act, 1976 (13 of 1976)
- Societies Registration Act, 1860 (21 of 1860)
- Sonthal Parganas Act, 1855 (37 of 1855)
- Sonthal Parganas Act, 1857 (10 of 1857)
- South Asian University Act, 2008 (8 of 2009)
- Special Court (Trial of Offences Relating to Transaction in Securities) Act, 1992 (27 of 1992)
- Special Economic Zones Act, 2005 (28 of 2005)
- Special Criminal Courts (Jurisdiction) Act, 1950 (18 of 1950)
- Special Marriage Act, 1954 (43 of 1954)
- Special Protection Group Act, 1988 (34 of 1988)
- Special Tribunals (Supplementary Provision) Act, 1946 (26 of 1946)
- Specific Relief Act, 1963 (47 of 1963)
- Specified Bank Notes (Cessation of Liabilities) Act, 2017 (2 of 2017)
- Spices Board Act, 1986 (10 of 1986)
- Spices Cess Act, 1986 (11 of 1986)

तट न्यूसेंस (मुम्बई और कोलाबा) अधिनियम, 1853 (1853 का 11)

रुग्ण औद्योगिक कंपनी (विशेष उपंबध) अधिनियम, 1985 (1986 का 1)

रुग्ण औद्योगिक कंपनी (विशेष उपंबध) निरसन अधिनियम, 2004 (2004 का 1)

रुग्ण कपड़ा उपक्रम (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम, 1974 (1974 का 57)

रुग्ण कपड़ा उपक्रम (प्रबन्ध ग्रहण) अधिनियम, 1972 (1972 का 24)

सिख गुरुद्वारा (अनुपूरक) अधिनियम, 1925 (1925 का 24)

सिक्किम विश्वविद्यालय अधिनियम, 2007 (2007 का 10)

गन्दी बस्ती क्षेत्र (सुधार तथा उन्मूलन) अधिनियम, 1956 (1956 का 96)

छोटे सिक्के (अपराध) अधिनियम, 1971 (1971 का 52)

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक अधिनियम, 1989 (1989 का 39)

स्मिथ, स्टेनीस्ट्रीट एण्ड कंपनी लिमिटेड (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1977 (1977 का 41)

तस्कर और विदेशी मुद्रा छलसाधक (सम्पत्ति समपहरण) अधिनियम, 1976 (1976 का 13)

सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 (1860 का 21)

संथाल परगना अधिनियम, 1855 (1855 का 37)

संथाल परगना अधिनियम, 1857 (1857 का 10)

दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय अधिनियम, 2008 (2009 का 8)

विशेष न्यायालय (प्रतिभूति संव्यवहार अपराध विचारण) अधिनियम, 1992 (1992 का 27)

विशेष आर्थिक जोन अधिनियम, 2005 (2005 का 28)

विशेष दंड न्यायालय (अधिकारिता) अधिनियम, 1950 (1950 का 18)

विशेष विवाह अधिनियम, 1954 (1954 का 43)

विशेष संरक्षा ग्रुप अधिनियम, 1988 (1988 का 34)

विशेष अधिकरण (अनुपूरक उपबंध) अधिनियम, 1946 (1946 का 26)

विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 (1963 का 47)

विनिर्दिष्ट बैंक नोट (दायित्वों की समाप्ति) अधिनियम, 2017 (2017 का 2)

मसाला बोर्ड अधिनियम, 1986 (1986 का 10)

मसाला उपकर अधिनियम, 1986 (1986 का 11)

- Spirituous Preparations (Inter-State Trade and Commeree) Control Act, 1955 (39 of 1955)

स्प्रिटयुक्त निर्मिति (अन्तरराज्यिक व्यापार और वाणिज्य) नियंत्रण अधिनियम, 1955 (1955 का 39)

- Spirituous Preparations (Inter-State Trade and Commerce) Control (Repeal) Act, 2006 (32 of 2006)

स्प्रिटयुक्त निर्मिति (अन्तरराज्यिक व्यापार और वाणिज्य) नियंत्रण (निरसन) अधिनियम, 2006 (2006 का 32)

- Sports Broadcasting Signals (Mandatory Sharing with Prasar Bharati) Act, 2007 (11 of 2007)

खेल प्रसारण सिगनल (प्रसार भारती के साथ अनिवार्य हिस्सेदारी) अधिनियम, 2007 (2007 का 11)

- Sree Chitra Tirunal Institute for Medical Sciences and Technology, Trivandrum Act, 1980 (52 of 1980)

श्री चित्रा तिरुनल आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, त्रिवेन्द्रम अधिनियम, 1980 (1980 का 52)

- Stage-Carriages Act, 1861 (16 of 1861)

मंजिली गाड़ी अधिनियम, 1861 (1861 का 16)

- Standards of Weights and Measures (Enforcement) Act, 1985 (54 of 1985)

बाट और माप मानक (प्रवर्तन) अधिनियम, 1985 (1985 का 54)

- Standards of Weights and Measures (Extension to Kohima and Mokokchung Districts) Act, 1967 (25 of 1967)

बाट और माप मानक (कोहिमा और मोकोकचांग जिलों पर विस्तारण) अधिनियम, 1967 (1967 का 25)

- State Acquisition of Lands for Union Purposes (Validation) Act, 1954 (23 of 1954)

संघ प्रयोजनार्थ भूमियों का राजकीय अर्जन (विधिमान्यकरण) अधिनियम, 1954 (1954 का 23)

- State Agricultural Credit Corporations Act, 1968 (60 of 1968)

राज्य कृषि उधार निगम अधिनियम, 1968 (1968 का 60)

- State Armed Police Forces (Extension of Laws) Act, 1952 (63 of 1952)

राज्य सशस्त्र पुलिस बल (विधियों का विस्तारण) अधिनियम, 1952 (1952 का 63)

- State Associated Banks (Miscellaneous Provisions) Act, 1962 (56 of 1962)

राज्य सहयुक्त बैंक (प्रकीर्ण उपबंध) अधिनियम, 1962 (1962 का 56)

- State Bank of Hyderabad Act, 1956 (79 of 1956)

हैदराबाद का स्टेट बैंक अधिनियम, 1956 (1956 का 79)

- State Bank of India Act, 1955 (23 of 1955)

भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 (1955 का 23)

- State Bank of India (Subsidiary Banks) Act, 1959 (38 of 1959)

भारतीय स्टेट बैंक (समनुषंगी बैंक) अधिनियम, 1959 (1959 का 38)

- State Bank of Sikkim (Acquisition of Shares) and Miscellaneous Provisions Act, 1982 (62 of 1982)

सिक्किम स्टेट बैंक (शेयरों का अर्जन) और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1982 (1982 का 62)

- State Bank (Repealing and Amendment) Act, 2018 (19 of 2018)

स्टेट बैंक (निरसन और संशोधन) अधिनियम, 2018 (2018 का 19)

- State Emblems of India (Prohibition of Improper Use) Act, 2005 (50 of 2005)

भारत का राज्य संप्रतीक (अनुचित प्रयोग प्रतिषेध) अधिनियम, 2005 (2005 का 50)

- State Financial Corporations Act, 1951 (63 of 1951)

राज्य वित्तीय निगम अधिनियम, 1951 (1951 का 63)

- State of Arunachal Pradesh Act, 1986 (69 of 1986)

अरुणाचल प्रदेश राज्य अधिनियम, 1986 (1986 का 69)

- State of Himachal Pradesh Act, 1970 (53 of 1970)

हिमाचल प्रदेश राज्य अधिनियम, 1970 (1970 का 53)

- State of Mizoram Act, 1986 (34 of 1986)

मिजोरम राज्य अधिनियम, 1986 (1986 का 34)

- State of Nagaland Act, 1962 (27 of 1962)

नागालैण्ड राज्य अधिनियम, 1962 (1962 का 27)

- State Reorganisation Act, 1956 (37 of 1956)

राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 (1956 का 37)

- St. John Ambulance Association (India) Transfer of Funds Act, 1956 (21 of 1956)

सेण्ट जान एम्बुलेन्स एसोसिएशन (इंडिया) निधि अन्तरण अधिनियम, 1956 (1956 का 21)

- Street Vendors (Protection of Livelihood and Regulation of Street Vending) Act, 2014 (7 of 2014)

पथ विक्रेता (जीविका संरक्षण और पथ विक्रय विनियमन) अधिनियम, 2014 (2014 का 7)

- Sugarcane Act, 1934 (15 of 1934) — गन्ना अधिनियम, 1934 (1934 का 15)
- Sugar Cess Act, 1982 (3 of 1982) — चीनी उपकर अधिनियम, 1982 (1982 का 3)
- Sugar Development Fund Act, 1982 (4 of 1982) — चीनी विकास निधि अधिनियम, 1982 (1982 का 4)
- Sugar Export Promotion Act, 1958 (30 of 1958) — चीनी निर्यात वृद्धि अधिनियम, 1958 (1958 का 30)
- Sugar (Regulation of Production) Act, 1961 (55 of 1961) — चीनी (उत्पादन विनियमन) अधिनियम, 1961 (1961 का 55)
- Sugar (Special Excise Duty) Act, 1959 (58 of 1959) — चीनी (विशेष उत्पाद-शुल्क) अधिनियम, 1959 (1959 का 58)
- Sugar Undertakings (Taking Over of Management) Act, 1978 (49 of 1978) — चीनी उपक्रम (प्रबंध-ग्रहण) अधिनियम, 1978 (1978 का 49)
- Suits Valuation Act, 1887 (7 of 1887) — वाद मूल्यांकन अधिनियम, 1887 (1887 का 7)
- Suppression of Unlawful Acts against Safety of Civil Aviation Act, 1982 (66 of 1982) — सिविल विमानन सुरक्षा विधिविरुद्ध कार्य दमन अधिनियम, 1982 (1982 का 66)
- Supreme Court (Enlargement of Criminal Appellate Jurisdiction) Act, 1970 (28 of 1970) — उच्चतम न्यायालय (दाण्डिक अपीली अधिकारिता विस्तारण) अधिनियम, 1970 (1970 का 28)
- Supreme Court (Number of Judges) Act, 1956 (55 of 1956) — उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीश संख्या) अधिनियम, 1956 (1956 का 55)
- Supreme Court Judges (Salary and Conditions of Service) Act, 1958 (41 of 1958) — उच्चतम न्यायालय न्यायाधीश (वेतन और सेवा शर्तें) अधिनियम, 1958 (1958 का 41)
- Surrogacy (Regulation) Act, 2021 (47 of 2021) — सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम, 2021 (2021 का 47)
- Swadeshi Cotton Mills Company Limited (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1986 (30 of 1986) — स्वदेशी काटन मिल्स कंपनी लिमिटेड (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1986 (1986 का 30)

T

- Tamil Nadu Legislative Council (Abolition) Act, 1986 (40 of 1986) — तमिलनाडु विधान परिषद् (उत्सादन) अधिनियम, 1986 (1986 का 40)
- Tamil Nadu Legislative Council Act, 2010 (16 of 2010) — तमिलनाडु विधान परिषद् अधिनियम, 2010 (2010 का 16)
- Taxation Laws (Amendment and Miscellaneous Provisions) Act, 1965 (41 of 1965) — कराधान विधि (संशोधन और प्रकीर्ण उपबंध) अधिनियम, 1965 (1965 का 41)
- Taxation Laws (Continuation and Validation of Recovery Proceedings) Act, 1964 (11 of 1964) — कराधान विधियां (वसूली की कार्यवाहियों का चालू रखा जाना और विधिमान्यकरण) अधिनियम, 1964 (1964 का 11)
- Taxation Laws (Extension to Jammu and Kashmir) Act, 1954 (41 of 1954) — कराधान विधि (जम्मू-कश्मीर पर विस्तारण) अधिनियम, 1954 (1954 का 41)
- Taxation Laws (Extension to Jammu and Kashmir) Act, 1972 (25 of 1972) — कराधान विधि (जम्मू-कश्मीर पर विस्तारण) अधिनियम, 1972 (1972 का 25)
- Tea Act, 1953 (29 of 1953) — चाय अधिनियम, 1953 (1953 का 29)
- Tea Companies (Acquisition and Transfer of Sick Tea Units) Act, 1985 (37 of 1985) — चाय कंपनी (रुग्ण चाय यूनिटों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1985 (1985 का 37)
- Tea Districts Emigrants Labour (Repeal) Act, 1970 (50 of 1970) — चाय जिला उत्प्रवासी श्रम (निरसन) अधिनियम, 1970 (1970 का 50)

- Technology Development Board Act, 1995 (44 of 1995)
- Telecom Regulatory Authority of India Act, 1997 (24 of 1997)
- Telecommunications Act, 2023 (44 of 2023)
- Telegraph Wires (Unlawful Possession) Act, 1950 (74 of 1950)
- Terminal Tax on Railway Passengers Act, 1956 (69 of 1956)
- Territorial Army Act, 1948 (1948 of 56)
- Territorial Waters, Continental Shelf, Exclusive Economic Zone and other Maritime Zones Act, 1976 (80 of 1976)
- Terrorist Affected Areas (Special Courts) Act, 1984 (61 of 1984)
- Textiles Committee Act, 1963 (41 of 1963)
- Textile Undertakings (Nationalisation) Act, 1995 (39 of 1995)
- Textile Undertakings (Taking Over of Management) Act, 1983 (40 of 1983)
- Tezpur University Act, 1993 (45 of 1993)
- Tobacco Board Act, 1975 (4 of 1975)
- Tobacco Cess Act, 1975 (26 of 1975)
- Tokyo Convention Act, 1975 (20 of 1975)
- Trade and Merchandise Marks Act, 1958 (43 of 1958)
- Trade Unions Act, 1926 (16 of 1926)
- Trading with the Enemy (Continuance of Emergency Provisions) Act, 1947 (16 of 1947)
- Transfer of Evacuee Deposits Act, 1954 (15 of 1954)
- Transfer of Prisoners Act, 1950 (29 of 1950)
- Transfer of Property Act, 1882 (4 of 1882)
- Transfer of Property (Amendment) Supplementary Act, 1929 (21 of 1929)
- Transformer and Switchgear Limited (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1983 (41 of 1983)
- Transgender Persons (Protection of Rights) Act, 2019 (40 of 2019)
- Transplantation of Human Organs Act, 1994 (42 of 1994)
- Tribhuvan Sahkari University Act, 2025 (11 of 2025)

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड अधिनियम, 1995 (1995 का 44)

भारतीय दूर-संचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 (1997 का 24)

दूर संचार अधिनियम, 2023 (2023 का 44)

तारयंत्र संबंधी तार (विधिविरुद्ध कब्जा) अधिनियम, 1950 (1950 का 74)

रेल यात्री सीमा-कर अधिनियम, 1956 (1956 का 69)

प्रादेशिक सेना अधिनियम, 1948 (1948 का 56)

राज्यक्षेत्रीय सागर-खंड, महाद्वीपीय मग्नतट भूमि, अनन्य आर्थिक क्षेत्र और अन्य सामुद्रिक क्षेत्र अधिनियम, 1976 (1976 का 80)

आतंकवादी क्षेत्र (विशेष न्यायालय) अधिनियम, 1984 (1984 का 61)

टेक्सटाइल समिति अधिनियम, 1963 (1963 का 41)

टेक्सटाइल उपक्रम (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम, 1995 (1995 का 39)

कपड़ा उपक्रम (प्रबंध-ग्रहण) अधिनियम, 1983 (1983 का 40)

तेजपुर विश्वविद्यालय अधिनियम, 1993 (1993 का 45)

तम्बाकू बोर्ड अधिनियम, 1975 (1975 का 4)

तम्बाकू उपकर अधिनियम, 1975 (1975 का 26)

टोकियो कन्वेंशन अधिनियम, 1975 (1975 का 20)

व्यापार और पण्य वस्तु चिह्न अधिनियम, 1958 (1958 का 43)

व्यवसाय संघ अधिनियम, 1926 (1926 का 16)

शत्रु के साथ व्यापार (आपात विषयक उपबंधों का चालू रखना) अधिनियम, 1947 (1947 का 16)

निष्क्रांत निक्षेपों का अंतरण अधिनियम, 1954 (1954 का 15)

बंदी अंतरण अधिनियम, 1950 (1950 का 29)

संपत्ति अंतरण अधिनियम, 1882 (1882 का 4)

संपत्ति अंतरण (संशोधन) अनुपूरक अधिनियम, 1929 (1929 का 21)

ट्रांसफार्मर एंड स्विचगियर लिमिटेड (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1983 (1983 का 41)

उभयलिंगी व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 (2019 का 40)

मानव अंग प्रतिरोपण अधिनियम, 1994 (1994 का 42)

त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी अधिनियम, 2025 (2025 का 11)

- Tribunal Reforms Act, 2021 (33 of 2021)
- Tripura University Act, 2007 (9 of 2007)
- Two Member Constituencies (Abolition) Act, 1961 (1 of 1961)
- Tyre Corporation of India Limited (Disinvestment of Ownership) Act, 2007 (50 of 2007)

अधिकरण सुधार अधिनियम, 2021 (2021 का 33)

त्रिपुरा विश्वविद्यालय अधिनियम, 2007 (2007 का 9)

द्विसदस्य निर्वाचन-क्षेत्र (उत्सादन) अधिनियम, 1961 (1961 का 1)

टायर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (स्वामित्व का अपविनिधान) अधिनियम, 2007 (2007 का 50)

U

- Unorganised Sector Workers Social Security Act, 2008 (33 of 2008)
- Uttaranchal (Alteration of Name) Act, 2006 (52 of 2006)
- Union Duties of Excise (Distribution) Act, 1979 (24 of 1979)
- Union Duties of Excise (Electricity) Distribution Act, 1980 (14 of 1980)
- Union Territories (Direct Election to the House of the People) Act, 1965 (49 of 1965)
- Union Territories (Laws) Act, 1950 (30 of 1950)
- Union Territories (Separation of Judicial and Executive Functions) Act, 1969 (19 of 1969)
- Union Territory Goods and Services Tax Act, 2017 (14 of 2017)
- Union Duties of Excise (Electricity) Distribution Repeal Act, 2006 (30 of 2006)
- Unit Trust of India Act, 1963 (52 of 1963)
- Unit Trust of India (Transfer of Undertaking and Repeal) Act, 2002 (58 of 2002)
- United Nations (Privileges and Immunities) Act, 1947 (4 of 1947)
- United Nations (Security Council) Act, 1947 (43 of 1947)
- University of Allahabad Act, 2005 (26 of 2005)
- University Grants Commission Act, 1956 (3 of 1956)
- University of Hyderabad Act, 1974 (39 of 1974)
- Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 (37 of 1967)
- Unlawful Activities (Prevention) Amendment, Act, 2019 (28 of 2019)

असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 (2008 का 33)

उत्तरांचल (नाम-परिवर्तन) अधिनियम 2006 (2006 का 52)

संघ उत्पाद-शुल्क (वितरण) अधिनियम, 1979 (1979 का 24)

संघ उत्पाद-शुल्क (विद्युत) वितरण अधिनियम, 1980 (1980 का 14)

संघ राज्यक्षेत्र (लोक सभा प्रत्यक्ष निर्वाचन) अधिनियम, 1965 (1965 का 49)

संघ राज्यक्षेत्र (विधि) अधिनियम, 1950 (1950 का 30)

संघ राज्यक्षेत्र (न्यायिक और कार्यपालक कृत्यों का पृथक्करण) अधिनियम, 1969 (1969 का 19)

संघ राज्यक्षेत्र माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का 14)

संघ उत्पाद-शुल्क (विद्युत) वितरण निरसन अधिनियम, 2006 (2006 का 30)

भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52)

भारतीय यूनिट ट्रस्ट (उपक्रम का अंतरण और निरसन) अधिनियम, 2002 (2002 का 58)

संयुक्त राष्ट्र (विशेषाधिकार और उन्मुक्तियां) अधिनियम, 1947 (1947 का 46)

संयुक्त राष्ट्र (सुरक्षा परिषद्) अधिनियम, 1947 (1947 का 43)

इलाहाबाद विश्वविद्यालय अधिनियम, 2005 (2005 का 26)

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 (1956 का 3)

हैदराबाद विश्वविद्यालय अधिनियम, 1974 (1974 का 39)

विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (1967 का 37)

विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 2019 (2019 का 28)

- Untouchability (Offences) Amendment and Miscellaneous Provisions Act, 1976 (105 of 1976)
- Urban Land (Ceiling and Regulation) Repeal Act, 1999 (15 of 1999)
- Usurious Loans Act, 1918 (10 of 1918)
- Usury Laws Repeal Act, 1855 (23 of 1855)
- Uttar Pradesh Reorganisation Act, 2000 (29 of 2000)

अस्पृश्यता (अपराध) संशोधन तथा प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1976 (1976 का 105)

नगर भूमि (अधिकतम सीमा और विनियमन) निरसन अधिनियम, 1999 (1999 का 15)

अतिब्याज उधार अधिनियम, 1918 (1918 का 10)

सूदखोरी विधि निरसन अधिनियम, 1855 (1855 का 23)

उत्तर प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2000 (2000 का 29)

V

- Vaccination Act, 1880 (13 of 1880)
- Vice-President's Pension Act, 1997 (30 of 1997)
- Victoria Memorial Act, 1903 (10 of 1903)
- Visva Bharati Act, 1951 (29 of 1951)
- Voluntary Surrender of Salaries (Exemption from Taxation) Act, 1961 (46 of 1961)

टीका अधिनियम, 1880 (1880 का 13)

उपराष्ट्रपति पेंशन अधिनियम, 1997 (1997 का 30)

विक्टोरिया स्मारक अधिनियम, 1903 (1903 का 10)

विश्व भारती अधिनियम, 1951 (1951 का 29)

स्वेच्छया वेतन अभ्यर्पण (करों से छूट) अधिनियम, 1961 (1961 का 46)

W

- Wakf Act, 1995 (43 of 1995)
- War Injuries (Compensation Insurance) Act, 1943 (23 of 1943)
- Warehousing Corporations Act, 1962 (58 of 1962)
- Warehousing Corporations (Supplementary) Act, 1965 (20 of 1965)
- Warehousing (Development and Regulation) Act, 2007 (37 of 2007)
- Waste Lands (Claims) Act, 1863 (23 of 1863)
- Water (Prevention and Control of Pollution) Act, 1974 (6 of 1974)
- Water (Prevention and Control of Pollution) Cess Act, 1977 (36 of 1977)
- Wealth-tax Act, 1957 (27 of 1957)
- Weapons of Mass Destruction and their Delivery Systems (Prohibition of Unlawful Activities) Act, 2005 (21 of 2005)
- Weekly Holidays Act, 1942 (18 of 1942)
- West Bengal Legislative Council (Abolition) Act, 1969 (20 of 1969)
- West Godavari District (Assimilation of Laws on Federal Subjects) Act, 1949 (20 of 1949)
- Whistle Blowers Protection Act, 2014 (17 of 2014)
- White Phosphorus Matches Prohibition Act, 1913 (5 of 1913)

वक्फ अधिनियम, 1995 (1995 का 43)

युद्ध क्षति (प्रतिकर बीमा) अधिनियम, 1943 (1943 का 23)

भाण्डागारण निगम अधिनियम, 1962 (1962 का 58)

भाण्डागारण निगम (अनुपूरक) अधिनियम, 1965 (1965 का 20)

भाण्डागारण (विकास और विनियमन) अधिनियम, 2007 (2007 का 37)

बंजर भूमि (दावे) अधिनियम, 1863 (1863 का 23)

जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6)

जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) उपकर अधिनियम, 1977 (1977 का 36)

धन-कर अधिनियम, 1957 (1957 का 27)

सामूहिक संहार के आयुध और उनकी परिदान प्रणाली (विधिविरुद्ध क्रियाकलापों का प्रतिषेध) अधिनियम, 2005 (2005 का 21)

साप्ताहिक अवकाश दिन अधिनियम, 1942 (1942 का 18)

पश्चिमी बंगाल विधान परिषद् (उत्सादन) अधिनियम, 1969 (1969 का 20)

पश्चिमी गोदावरी जिला (संघीय विषय विधि एकरूपता) अधिनियम, 1949 (1949 का 20)

सूचना प्रदाता संरक्षण अधिनियम, 2014 (2014 का 17)

सफेद फास्फोरस दियासलाई प्रतिषेध अधिनियम, 1913 (1913 का 5)

➢ Wild Birds and Animals Protection Act, 1912 (8 of 1912)	वन्य पक्षी और जीव जन्तु संरक्षण अधिनियम, 1912 (1912 का 8)
➢ Wild Life (Protection) Act, 1972 (53 of 1972)	वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53)
➢ Women's and Children Institutions (Licensing) Act, 1956 (105 of 1956)	स्त्री और बालक संस्था (अनुज्ञापन) अधिनियम, 1956 (1956 का 105)
➢ Working Journalists and Other Newspaper Employees (Conditions of Service) and Miscellaneous Provisions Act, 1955 (45 of 1955)	श्रमजीवी पत्रकार और अन्य समाचारपत्र कर्मचारी (सेवा की शर्तें) और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1955 (1955 का 45)
➢ Working Journalists (Fixation of Rates of Wages) Act, 1958 (29 of 1958)	श्रमजीवी पत्रकार (मजदूरी दर नियतन) अधिनियम, 1958 (1958 का 29)
➢ Workmen's Compensation Act, 1923 (8 of 1923)	कर्मकार प्रतिकर अधिनियम, 1923 (1923 का 8)
➢ Works of Defence Act, 1903 (7 of 1903)	रक्षा संकर्म अधिनियम, 1903 (1903 का 7)

Y

➢ Young Persons (Harmful Publications) Act, 1956 (3 of 1956)	अल्पवय व्यक्ति (अपहानिकर प्रकाशन) अधिनियम, 1956 (1956 का 3)

परिशिष्ट

Appendix

प्रथम संस्करण का प्राक्कथन

राजभाषा (विधायी) आयोग की स्थापना सन् 1961 के जून मास में हुई थी । आयोग को भारत सरकार ने जो काम सौंपे थे उनमें से एक काम ऐसी मानक विधिक शब्दावली तैयार और प्रकाशित करने का था जो यथासंभव हिन्दी तथा विभिन्न राज्यों की राजभाषाओं में अपना ली जा सके ।

आयोग ने यह उचित समझा कि जो भी विधिक शब्दावली तैयार की जाए वह केन्द्रीय विधियों के प्राधिकृत हिन्दी पाठ और भारत के विभिन्न राज्यों की राजभाषाओं में उनके अनुवाद तैयार करने की प्रक्रिया में ही की जाए । अत: आयोग ने उन प्रमुख केन्द्रीय अधिनियमों के प्राधिकृत हिन्दी पाठ तैयार करना शुरू किया और विधिक प्रारूपण के माने हुए सिद्धान्तों को ध्यान में रखकर तथा इस बात को विशेषत: ध्यान में रखते हुए कि अनुवाद में और मूल अधिनियम के अर्थ में भेद न पड़ने पाए हिन्दी तथा विभिन्न राज्यों की राजभाषाओं के प्रतिनिधियों के सहयोग और सहायता से ऐसे पर्याय चुने जिनकी उस विधि के संदर्भ में वही अर्थव्याप्ति हो जो उस अंग्रेजी पारिभाषिक शब्द की थी जिसके लिए चुने गए शब्द का प्रयोग किया जाना था ।

यह भी उचित समझा गया कि इस प्रकार जो हिन्दी पाठ और विधिक शब्दावली तैयार की जा रही थी उन्हें आरम्भ में सब राज्य सरकारों के विचार के लिए भेजा जाए और उन सरकारों से उस पर टिप्पणियां आमंत्रित की जाएं । कुछ वर्षों तक यह प्रक्रिया बरती जाती रही और राज्य सरकारों ने जो टिप्पणियां भेजीं उन पर सम्यक् विचार करने के उपरान्त आयोग ने विधिक शब्दावली और हिन्दी पाठ दोनों को ही अन्तिम रूप दिया।

आयोग ने पाठ तैयार करने में उन अधिनियमों को प्राथमिकता दी जिनका प्रयोग न्यायालयों में लगभग प्रतिदिन होता है और उन अधिनियमों को भी प्राथमिकता दी जो भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में सम्मिलित किए हुए हैं । इसके अतिरिक्त आयोग ने श्रमिक वर्ग से संबंधित अधिनियमों को भी प्राथमिकता दी । अब तक आयोग 168 केन्द्रीय अधिनियमों के हिन्दी पाठ तैयार कर चुका है जिनमें से 142 राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 5(1) के अनुसार भारत के राष्ट्रपति के प्राधिकार से भारत के राजपत्र में प्रकाशित हो चुके हैं । अत: अब वे उन अधिनियमों के प्राधिकृत हिन्दी पाठ हो गए हैं और वही महत्व और दर्जा रखते हैं जो उन अधिनियमों के अंग्रेजी पाठ का है ।

इन अधिनियमों में प्रयुक्त विधिक शब्दावली को संकलित करके अब सम्बद्ध जनों के प्रयोग के लिए प्रकाशित किया जा रहा है । आयोग का यह विश्वास है कि जिनका भी विधिक साहित्य, विधिक व्यवसाय और विधिक पठन पाठन से सम्बन्ध है उन सब के लिए यह संकलन उपयोगी सिद्ध होगा । यह बात तो स्पष्ट है ही कि जिन लोगों को भी केन्द्रीय अधिनियमों के हिन्दी पाठों का हवाला देना होगा उन्हें तो उन अधिनियमों में

प्रयुक्त शब्दावली का ही प्रयोग करना होगा । किन्तु जिन्हें केन्द्रीय अधिनियमों का हवाला न भी देना हो उनके लिए भी इस संकलन में दी गई शब्दावली का प्रयोग सहायक होगा ।

इसमें जिन अंग्रेजी शब्दों और पदावलियों को सम्मिलित किया गया है उनका अंग्रेजी में वह अर्थ दिया गया है जिसमें वे सम्बद्ध अधिनियमों में प्रयुक्त हुए या हुई हैं । अंग्रेजी अर्थ के पश्चात् वह प्रमुख पर्याय दिया गया है जिसका प्रयोग सम्बद्ध अधिनियम में किया गया है । किन्तु साथ ही कहीं-कहीं कोष्ठक में दूसरे पर्याय भी दिए गए हैं जो आयोग ने हिन्दी से भिन्न भाषाओं के प्रतिनिधियों के इस मत के आधार पर अपनाए कि जो प्रमुख पर्याय तय किए गए हैं उनके स्थान में, उन अन्य भाषाओं में उन दूसरे पर्यायों का प्रयोग भी किया जा सकता है । इसी आधार पर कहीं-कहीं वे पर्याय भी दिए गए हैं जो हिन्दी भाषी क्षेत्रों में चलते रहे हैं । यह बात इसलिए की गई है कि हिन्दी का अखिल भारतीय स्वरूप कहीं ऐसा न हो जाए कि हिन्दी भाषियों के लिए ही वह एक नई भाषा बन जाए ।

आयोग का प्रयास बराबर यह रहा है कि वे ही पर्याय अपनाए जाएं जो भारत की प्रमुख भाषाओं में से अधिकांश में आत्मसात किए जा सकें । आयोग ने किसी भी उपलब्ध पर्याय की केवल इस कारण उपेक्षा नहीं की कि वह हिन्दी भाषा से भिन्न भाषा का शब्द है। किसी भाषा स्रोत से भी आए जो शब्द हिन्दी में आत्मसात हो चुके हैं यदि वे शब्द अन्य भाषाओं को भी मान्य हुए तो उन्हें आयोग ने अपना लिया । इस प्रकार अपील, समन, वारण्ट आदि प्रचलित शब्द ज्यों के त्यों रख लिए गए हैं । विधिक विचारों में जो सूक्ष्म अन्तर होते हैं यदि उनको अभिव्यक्त करने के लिए हिन्दी में शब्द नहीं मिले तो उनमें से कई के लिए भारत की अन्य भाषाओं से भी शब्द लिए गए हैं । हो सकता है कि आरंभ में ये शब्द हिन्दी भाषियों को इस कारण सहजबोध न हों कि वे उनसे परिचित नहीं हैं । किन्तु जो भी शब्द उन भाषाओं से लिए गए हैं वे ऐसे हैं कि वे सहज ही हिन्दी में पचाए जा सकते हैं और कुछ समय के प्रयोग से ही हिन्दी भाषा में प्रचलित हो जाएंगे । यह नीति संविधान के अनुच्छेद 351 को दृष्टि में रखते हुए अपनाई गई है । स्वभावत: जो विधिक शब्दावली आयोग ने अपनाई, उसमें संस्कृत उद्भव के शब्दों का प्राचूर्य है क्योंकि उसी भाषा से आए शब्दों के बारे में भारत की अधिकांश भाषाओं का मतैक्य हो पाता है । पर आयोग का भरसक यह प्रयत्न रहा है कि निश्चितार्थता की रक्षा करते हुए जहां तक संभव हो वे शब्द अपनाए जाएं जो या तो हिन्दी भाषा या धर्मशास्त्रों में या भारत की अन्य भाषाओं में पहले से ही विद्यमान हैं अथवा जो भारत के संविधान के भारतीय भाषाओं में अनुवाद के समय बुलाए गए अखिल भारतीय भाषा विशेषज्ञ सम्मेलन में सर्वसम्मति से अपनाए गए थे अथवा जो उन विभिन्न समितियों ने सुझाए जिनको या तो संसद् के सदनों के अध्यक्ष और सभापति ने अथवा भारत सरकार ने समय-समय पर नियुक्त किया था । आयोग ने अनिवार्य परिस्थिति को छोड़कर किसी नए शब्द को गढ़ने का प्रयास नहीं किया है ।

हो सकता है कि इस संकलन में दिए गए कुछ शब्द आरंभ में अपरिचित से लगें किन्तु शास्त्रीय भाषा तो हर स्थिति में जन साधारण की भाषा से किसी हद तक भिन्न होती है । सूक्ष्म विचारों की अभिव्यक्ति के लिए विशिष्ट शब्दों का प्रयोग अनिवार्य होता है। विधि तो ऐसा शास्त्र है जिसका संबंध करोड़ों नर-नारियों के जीवन से होता है, अत: उसमें तो निश्चित अर्थव्याप्ति वाले शब्द ही प्रयुक्त किए जा सकते हैं । यही कारण है कि कहीं-कहीं आयोग को जनसाधारण की भाषा के कुछ प्रचलित शब्दों को छोड़कर अन्य शब्दों का प्रयोग करना पड़ा है ।

आयोग ने यह भी उचित समझा कि जिन लेटिन भाषा के सूत्रों का प्रयोग बहुधा न्यायालयों तथा वकीलों द्वारा किया जाता है उनके भी सम्यक् पर्यायवाची हिन्दी सूत्र इस संकलन में दे दिए जाएं ।

आयोग का विश्वास है कि अधिनियमों के प्राधिकृत पाठ में प्रयुक्त होने के कारण इन शब्दों की अर्थव्याप्ति न्यायालयों के निर्णयों से शीघ्र ही पूरी तरह स्थिर हो जाएगी । आयोग को यह भी आशा है कि इस संकलन के प्रकाशन से विधि के क्षेत्र में हिन्दी भाषा का प्रयोग सहज हो जाएगा और न्यायाधीश, वकील, शिक्षक और विद्यार्थी इसकी सहायता से अपना विधिक कार्य अथवा पठन-पाठन सहज ही में चला लेंगे ।

नई दिल्ली ;
22 अक्तूबर, 1970

सतीश चंद्र मिश्र
अध्यक्ष
राजभाषा (विधायी) आयोग

चौथे संस्करण की भूमिका

स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व विधि के क्षेत्र में हिंदी और भारत की अन्य जनवाणियों का प्रयोग बहुत ही सीमित प्रदेश में हो रहा था । अंग्रेजों के शासन की स्थापना के पहले उत्तरी भारत के अधिकतर हिंदी भाषी क्षेत्रों में शासन व्यवस्था में फारसी का प्रयोग किया जाता था । अंग्रेजों की शासन प्रणाली विधि के एक विशेष प्रकार के निर्वचन पर आधारित थी । इस कारण अंग्रेजी भाषा का विधि के क्षेत्र में उनके द्वारा प्रयोग किया जाना स्वाभाविक था। प्रारंभ में अंग्रेजों ने फारसी को भारतीय भाषाओं में सर्वोच्च स्थान दिया किंतु आगे चलकर इसका प्रयोग 1837 में समाप्त कर दिया ।

भाषा प्रयोग से बनती है प्रयोगशाला में नहीं । हिन्दी का शासन में प्रयोग न होने के कारण इसमें ऐसी विधि शब्दावली की कमी थी जो इंग्लैड में पनपी विधि की संकल्पनाओं को अभिव्यक्त कर सके । विधान की भाषा और न्यायालय की भाषा के रूप में हिंदी का प्रयोग नगण्य था । 1787 में ब्रिटिश पार्लमेंट ने यह उपबंध किया था कि भारत संबंधी विधि के भारतीय भाषा में अनुवाद प्रकाशित किए जाएं । प्रारंभ में कुछ अनुवाद हिंदी में तैयार किए गए । 1882 में भारत सरकार ने यह निर्णय किया कि पश्चिमोत्तर सीमा प्रांत से बिहार की पूर्वी सीमा तक और हिमालय से मध्य प्रदेश की दक्षिणी सीमा तक के समस्त क्षेत्र के लिए केंद्रीय विधेयकों और अधिनियमों के उर्दू अनुवाद ही तैयार किए जाएंगे और भारत सरकार उन्हें ही प्रकाशित कराएगी । बाद में भारत सरकार ने उन अनुवादों को कुछ क्षेत्रों के लिए देवनागरी लिपि में भी प्रकाशित करने का निर्णय किया । उन उर्दू अनुवादों का ही प्रयोग उक्त क्षेत्रों के न्यायालयों द्वारा किया जाने का भी निर्णय किया गया । इस निर्णय से न्यायालय में हिंदी के प्रयोग को आघात पहुंचा । अभी तक उर्दू का प्रयोग फारसी लिपि में हो रहा था अब वही उर्दू, देवनागरी लिपि में प्रस्तुत कर दी गई । इस कारण से हिंदी का विधि के क्षेत्र में अलग से अस्तित्व ही समाप्त हो गया । जिस प्रदेश में हिंदी विधि शब्दावली का प्रादुर्भाव और प्रयोग होना था उस प्रदेश में अरबी-फारसी प्रधान उर्दू शब्दावली का प्रचलन विधि के क्षेत्र में हो गया ।

सन् 1895 में काशी नागरी प्रचारणी सभा ने सर एंटनी को एक अभ्यावेदन दिया था । जिसमें देवनागरी लिपि के प्रयोग को संयुक्त प्रांत में अनुमत करने की मांग की गई थी । 1897 में एक शिष्टमंडल भी मिला । 1901 में न्यायालयों में देवनागरी लिपि के प्रयोग की अनुमति दी गई ।

1935 के भारत शासन अधिनियम की धारा 85 में विधान परिषदों की भाषा अंग्रेजी रखी गई । इसी प्रकार विधान सभा की भाषा अंग्रेजी घोषित की गई । 8-10-1947 को उत्तर प्रदेश में हिंदी भाषा तथा देवनागरी लिपि को परिषद् की भाषा के रूप में स्वीकार किया गया । स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद उत्तर प्रदेश की विधान सभा ने अपनी पहली बैठक में हिंदी भाषा और देवनागरी लिपि को विधान सभा की भाषा और लिपि के रूप में अपनाया ।

इसी प्रकार अन्य हिंदी भाषी राज्यों में भी स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् ही विधान सभाओं में हिंदी का प्रवेश हुआ ।

कुछ देशी राज्यों में (अलवर, इंदौर, ओड़छा, कोटा आदि) हिंदी में कार्य करने की पहल की गई थी । किंतु सही दिशा निर्देश के अभाव में वस्तुस्थिति यह रही कि देवनागरी लिपि में अरबी-फारसी के बोझिल शब्दों का प्रयोग करके एक विचित्र सी भाषा का प्रयोग होने लगा । हिंदी को विधि और न्यायालय के क्षेत्र से बाहर रखने का एक परिणाम यह हुआ कि हिंदी में विधि संबंधी संकल्पनाओं को अभिव्यक्त करने के लिए पर्याप्त शब्दावली नहीं बन पाई । दूसरा परिणाम यह हुआ कि विधि में निष्णात् ऐसे व्यक्तियों का भी अभाव हो गया जो हिंदी में प्रारूपण करने या विधि के क्षेत्र में हिंदी का प्रयोग करने में पर्याप्त रूप से सक्षम हों । शब्दावली के अभाव को दूर करने के लिए तत्कालीन बड़ौदा (वडोदरा) राज्य में एक वैज्ञानिक प्रयास हुआ । इसके फलस्वरूप 1931 में ''सयाजी शासन शब्द कल्पतरू'' नामक शब्दकोश प्रकाशित हुआ । दस स्तंभों का यह कोश ग्रंथ एक अपूर्व प्रयोग था । इसके प्रथम स्तंभ में अंग्रेजी शब्द रखा गया और उसके पश्चात् क्रमश: गुजराती, मराठी, संस्कृत, उर्दू, फारसी, हिंदी, बंगला, वडोदरा में प्रचलित शब्द तथा वडोदरा के लिए प्रस्तावित मानक शब्द रखे गए थे । ऐसा प्रतीत होता है कि हिंदी में विधि की शब्दावली को संकलित करने का प्रथम व्यक्तिगत प्रयास ग्वालियर में हुआ । ग्वालियर के श्री परमेश्वरदयाल श्रीवास्तव ने 1939 में ''श्रीवास्तव ला डिक्शनरी'' प्रकाशित की । इसमें अंग्रेजी में प्रयुक्त विधि के पारिभाषिक शब्दों के हिंदी पर्याय दिए गए । इसी कार्य को आगे बढ़ाते हुए ग्वालियर के श्री हरिहरनिवास द्विवेदी ने ''शासन शब्द संग्रह'' प्रकाशित किया । श्री द्विवेदी ने ही ग्वालियर राज्य के अधिकारी के रूप में कार्य करते हुए ग्वालियर राज्य के तत्कालीन सभी अधिनियमों का हिंदी में प्राधिकृत पाठ प्रकाशित किया । अधिनियमों का हिंदी में अनुवाद करने का यह पहला राजकीय प्रयास था । ये अनुवाद विधि और भाषा दोनों दृष्टिकोणों से उच्च कोटि के हैं । 1948 में राहुल सांकृत्यायन के संपादकत्व में हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग से ''प्रशासन शब्दकोश'' प्रकाशित हुआ ।

भारत के लिए संविधान सभा के निर्माण के पश्चात् यह अनुभव किया गया कि हिंदी में पारिभाषिक विधि शब्दावली की कमी को दूर किया जाना चाहिए । संविधान सभा ने 17 सितंबर, 1949 को एक प्रस्ताव पारित करके सभा के अध्यक्ष को यह प्राधिकार दिया था कि वे संविधान का हिंदी अनुवाद प्रकाशित कराएं । यह उत्तरदायित्व निभाते हुए संविधान सभा के अध्यक्ष डा0 राजेंद्र प्रसाद ने बड़ी दूरदर्शिता का परिचय दिया । इस विषय में डा0 राजेंद्र प्रसाद ने संविधान के हिंदी अनुवाद के प्राक्कथन में जो कहा वह उल्लेखनीय है :

> ''भारतीय संविधान-सभा ने एक प्रस्ताव द्वारा मुझे यह अधिकार दिया था कि मैं अध्यक्ष की हैसियत से, संविधान का हिंदी अनुवाद, 26 जनवरी, 1950 तक तथा उसके बाद यथाशीघ्र अन्य भाषाओं में भी इसके अनुवाद प्रकाशित करा दूं । मुझे यह

वांछनीय प्रतीत हुआ कि विभिन्न भारतीय भाषाओं में संविधान के जो अनुवाद तैयार किए जाएं उन सब में, अगर संभव हो तो, संविधान में प्रयुक्त अंग्रेजी शब्दों के लिए जिनका कि विशेष सांविधानिक या कानूनी अर्थ है, एक ही पर्याय प्रयोग में लाए जाएं। इसलिए मैंने भाषा-विशेषज्ञों का एक सम्मेलन[1] बुलाया कि वह, जहां तक संभव हो, ऐसे पारिभाषिक शब्द प्रस्तुत करे जो प्राय: सर्वत्र प्रयुक्त होते हों और जिनको हम विभिन्न भाषाओं में निकलने वाले संविधान के अनुवादों में प्रयुक्त कर सकें और अंततोगत्वा जिनको हम अन्य सरकारी, कानूनी, अदालती और शासन संबंधी कामों में भी प्रयुक्त कर सकें । यह सम्मेलन मध्य प्रांतीय विधान सभा के अध्यक्ष श्री घनश्यामसिंह गुप्त के सभापतित्व में समवेत हुआ । इसमें अनुसूची 8 में दी हुई सभी भाषाओं के प्रख्यात विद्वान प्रतिनिधि स्वरूप सम्मिलित हुए । इस सम्मेलन ने संविधान में प्रयुक्त पारिभाषिक शब्दों का एक कोश तैयार किया और अनुवाद-समिति ने, जिसे कि संविधान के हिंदी रूपान्तर का काम सौंपा गया था हिंदी अनुवाद तैयार करने में केवल इन्हीं शब्दों का प्रयोग किया है ।

---

1. भाषा-विशेषज्ञ सम्मेलन

(1) श्री घनश्यामसिंह गुप्त - **अध्यक्ष**

सदस्य

(2) श्री तीर्थनाथ शर्मा	असमिया	(22) प्रोफेसर आर्तबल्लभ महांति	उड़िया
(3) डा0 बिरिंचि कुमार बरुआ	”	(23) श्री चिंतामणि आचार्य	”
(4) श्री पतंजलि भट्टाचार्य	बंगाली	(24) प्रधानाचार्य तेजा सिंह	पंजाबी
(5) श्री चपलाकांत भट्टाचार्य	”	(25) ज्ञानी गुरुमुख सिंह मुसाफिर, सदस्य संविधान सभा	”
(6) श्री किकू भाई देसाई	गुजराती	(26) श्री0 के बालसुब्रह्मण्य अय्यर	संस्कृत
(7) श्री मुनि जिनविजय जी	”	(27) डा0 कुन्हन राजा	”
(8) श्री गोपालचन्द्र सिन्हा	हिंदी	(28) महामहोपाध्याय गिरिधर शर्मा	”
(9) डा0 रघुवीर, सदस्य संविधान सभा	”	(29) डा0 मंगलदेव शास्त्री	”
(10) श्री लक्ष्मीनारायण सुधांशु	”	(30) डा0 बाबूराम सक्सेना	”
(11) श्री यदुनंदन भारद्वाज	”	(31) श्री एल0के0 भारती, सदस्य संविधान सभा	तमिल
(12) श्री रामचन्द्र वर्मा	”	(32) श्री सेतु पिल्लै	”
(13) श्री काका साहब कालेलकर	कन्नड, मराठी और गुजराती	(33) श्री लक्ष्मीनारायण राव	तेलुगु
(14) श्री टी0एन0 श्रीकांतय्या	कन्नड	(34) श्री रामानुजम्	”
(15) श्री आर0आर0 दिवाकर	”	(35) काजी अब्दुल गफ्फार	उर्दू
(16) प्रोफेसर जियालाल कौल	कश्मीरी	(36) प्रोफेसर अब्दुल कादिर सरवरी	”
(17) श्री मिर्जा गुलाम-हुसैन बेग आरिफ	”	(37) श्री मोटुरी सत्यनारायण, सदस्य संविधान सभा	विशेषज्ञ अनुवाद समिति
(18) श्री अच्युत मेनन	मलयालम	(38) श्री जयचन्द्र विद्यालंकार	
(19) श्री गौड वर्मा	”	(39) श्री राहुल सांकृत्यायन	
(20) श्री एस0एन0 बनहट्टी	मराठी	(40) श्री यशवंत आर0 दाते	
(21) डा0 एम0जी0 देशमुख	”	(41) डा0 सुनीति कुमार चटर्जी	

संविधान के इस अनुवाद में प्रयुक्त कई शब्द, संभव है, कुछ लोगों को फिलहाल बिल्कुल नए से प्रतीत हों । पर इस संबंध में यह याद रखना चाहिए कि ये शब्द भारत की अधिकांश भाषाओं के प्रतिनिधियों को स्वीकार्य हैं और इसलिए देश के अधिकांश लोगों को या तो अभी या निकट भविष्य में अवश्य बोधगम्य हो जाएंगे ।''

डा0 राजेन्द्र प्रसाद के मार्गदर्शन में हुए संविधान शब्दावली के कार्य से यह स्पष्ट हो गया कि विभिन्न भारतीय भाषाओं के लिए एक बड़ी सीमा तक समान और प्रामाणिक शब्दावली तैयार की जा सकती है । मानक और सर्वसम्मत शब्दावली निर्माण का यह पहला प्रयत्न था ।

राजभाषा आयोग, 1956[2] ने अपने प्रतिवेदन में पृष्ठ 51[3] पर इस संबंध में यह कहा है :

''भारतीय भाषाओं में नई पारिभाषिक शब्दावली का विकास करने के सिलसिले में एक पहलू की ओर हम विशेष ध्यान आकर्षित करना चाहेंगे । जांच के दौरान लगभग सब लोगों ने यह विचार प्रकट किया कि संघ की भाषा और प्रादेशिक भाषाओं में पारिभाषिक शब्दावली का निर्माण करते समय यह आदर्श रखना चाहिए कि उनमें, अधिक से अधिक एकसूत्रता हो । हम ऊपर देख चुके हैं कि अतीत में भी 'शास्त्रों' के विवेचन या उनकी टीका के लिए भारतीय भाषाओं में जिस विशिष्ट शब्दावली का व्यवहार हुआ है उसमें पर्याप्त सादृश्य था । भारत में भाषा की समस्या के निदान के लिए हमारी राय में यह आवश्यक है कि भारतीय भाषाओं में सहायक शब्द भंडार विकसित करते समय एकसूत्रता के इस सिद्धांत को ध्यान में रखा जाए ।

---

2. राजभाषा आयोग, 1956 के सदस्य

(1) श्री बी0जी0 खेर-अध्यक्ष

सदस्य

(2) डा0 बिरिंचि कुमार बरुआ
(3) डा0 सुनीति कुमार चटर्जी
(4) श्री मगन भाई देसाई
(5) श्री डी0सी0 पावटे
(6) प्रोफेसर पी एन0 पुष्प
(7) श्री एम के0 राजा
(8) डा0 पी0 सुब्बारायन
(9) श्री जी0पी0 नेने
(10) डा0 पी0के0 पारीजा
(11) प्रधानाचार्य तेजा सिंह
(12) श्री मोटुरी सत्यनारायण
(13) डा0 बाबूराम सक्सेना
(14) डा0 आबिद हुसैन
(15) डा0 अमरनाथ झा
(16) डा0 आर0पी0 त्रिपाठी
(17) श्री बालकृष्ण शर्मा
(18) श्री मौलिचन्द्र शर्मा
(19) डा0 हजारीप्रसाद द्विवेदी
(20) श्री जयनारायण व्यास
(21) श्री एम0 अनन्तशयनम् अय्यंगर

3. हिंदी में मुद्रित प्रतिवेदन का पृष्ठ संख्यांक

इस सिद्धांत के परिपालन में जो व्यावहारिक कठिनाइयां आ सकती हैं उनके बारे में हमें यहां कुछ कहना चाहिए । एक कठिनाई तो यह है कि कालांतर में संस्कृत के बहुत से शब्द विभिन्न भारतीय भाषाओं में भिन्न-भिन्न अर्थों में और कभी-कभी एक दूसरे से एक दम विपरीत अर्थों में प्रयुक्त होने लगे हैं । यह तो प्रसिद्ध ही है कि एक शब्द विभिन्न भाषाओं में कालांतर से विशेष अर्थ या प्रसंग ग्रहण कर लेता है, और इस तरह कभी-कभी वह मूल अर्थ से बहुत दूर जा पड़ता है । जहां यह कठिनाई आए, उसे स्वीकार कर लेना चाहिए और उसके निराकरण की व्यवस्था की जानी चाहिए । लेकिन ऐसा सामान्य नियम के रूप में नहीं, वरन् अपवाद स्वरूप होता है और हमें विश्वास है कि ऐसे प्रयोगों का क्षेत्र न तो इतना व्यापक है और न इतने महत्व का ही, कि विभिन्न भाषाओं की शब्दावलियों में एकरूपता लाने के उद्देश्य में विशेष बाधा उपस्थित हो ।

इसी तरह कई बार संस्कृत से निकले युग्म-शब्दों में से किसी एक को किसी भाषा में सरल एवं प्रचलित माना जाता है जबकि अन्य भाषाओं में कठिन और कृत्रिम माना जाता है । कुछ भी हो यह समस्या ब्यौरेवार विचार करते समय उठती है और सो भी कभी-कभी ही, और यद्यपि इसका ध्यान रखना आवश्यक है, तथापि उपरोक्त सिद्धांत पर अमल करने में विशेष कठिनाई नहीं होगी ।

विधि की भाषा की विशेषता पर विचार करते हुए राजभाषा आयोग ने यह कहा था :

"कानून की भाषा सुनिश्चित, संक्षिप्त और सुस्पष्ट होनी चाहिए । देश भर के अनेक न्यायालयों में इस भाषा की व्याख्या की जाएगी जो मुख्यत: कानूनों में प्रयोग में लाई हुई भाषा के व्याकरण-सम्मत सामान्य अर्थ के आधार पर ही विचार करेंगे, उन शब्दों में छिपे हुए उद्देश्यों या अभिप्रायों के आधार पर नहीं । जहां तक विचार-विमर्श की भाषा का संबंध है अपने विचार प्रकट करने में संबद्ध वक्ताओं की सुविधा और सुगमता को ध्यान में रखना अधिक महत्वपूर्ण है, और जहां तक कानूनों की भाषा का प्रश्न है, मुख्यत: निश्चितता, संक्षिप्तता और अधिक से अधिक स्पष्टता का ध्यान रखना आवश्यक होता है ।"

आयोग ने विधि की शब्दावली के संबंध में विचार करते हुए 11वें अध्याय में यह कहा था :

"शब्द संबंधी कठिनाइयों का अनुभव, कानून और न्याय के शासन के क्षेत्र में, विशेष रूप से अधिक होता है । इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय कार्यकलाप का यह क्षेत्र ऐसा है कि विभिन्न स्थितियों और व्यवसायों के बहुसंख्यक लोगों को अपने जीवन के कार्यों में प्राय: प्रतिदिन इसके साथ वास्ता पड़ता है । इस कारण कानून और न्याय-शासन के क्षेत्रों के लिए आवश्यक है कि जो भी पद्धति अपनाई जाए उसका एक अनिवार्य गुण भाव की असंदिग्धता और पूर्ण विशुद्धता रहे । परंतु इससे डरकर हमें अपनी आरंभिक तैयारियों में शिथिल पड़ जाने की आवश्यकता नहीं, प्रत्युत हमें यह

मान कर आगे बढ़ चलना चाहिए कि यदि नींव को बिना पूरी तरह तैयार किए हमने इस क्षेत्र में एकदम कोई परिवर्तन कर डाला तो उससे लाभ तो कुछ होगा नहीं, हानि बहुत हो जाएगी ।''

इसी विचार को आगे बढ़ाते हुए पृष्ठ 142 पर आयोग ने यह कहा :

''जहां तक शब्दावली का संबंध है, कानून संबंधी शब्दावली का विकास और विस्तार, शब्दावली के साधारण क्षेत्र का एक अतिरिक्त उदाहरण मात्र है, और हमने इस विषय पर पांचवें अध्याय में जो कुछ कहा है वह सब कानून संबंधी शब्दावली पर भी समान रूप से लागू होता है । देश के प्राचीन ग्रंथों में जो उपयुक्त शब्द मिले वे जहां कहीं ठीक बैठें वहां हम उन्हें ही पुनरुज्जीवित कर अपना लें । इसके अतिरिक्त, ब्रिटिश शासन के आरंभिक वर्षों में जब तक न्याय विभाग के सब महत्वपूर्ण व्यवहारों में प्रादेशिक भाषाओं के स्थान पर अंग्रेजी का पूरी तरह चलन नहीं हुआ था तब तक इन प्रादेशिक भाषाओं की जिस शब्दावली का प्रयोग अदालती कार्रवाइयों के सभी स्तरों पर होता था उससे भी हमें बहुत से उपयुक्त शब्द मिल सकते हैं । बड़ौदा, ग्वालियर और हैदराबाद आदि अनेक भूतपूर्व देशी रजवाड़ों में कानून निर्माण का काम भारतीय भाषाओं में ही होता था और उनके उच्चतम न्यायालय तक सब कामकाज अपने-अपने यहां की प्रादेशिक भाषा में ही किया जाता था । इन रजवाड़ों में जो शब्द और वाक्यांश प्रयुक्त होते थे उनसे भी कुछ सहायता मिल सकती है । इसके अतिरिक्त, जहां किसी कानूनी विचार को प्रकट करने के लिए, स्वदेशी सूत्रों से कोई सर्वथा उपयुक्त, सरल और समान शब्द न मिले, वहां उस विचार के प्रकाशन के अंग्रेजी या ग्रीक या लेटिन शब्द को जैसा-का-तैसा अपना लेने में निश्चय ही कोई हानि नहीं होगी ।

हिंदी और प्रादेशिक भाषाओं की वर्तमान असमर्थता दूर करने के लिए जो नए शब्द और वाक्यांश बनाए या अपनाए जाएं उनमें अधिकतम एकरूपता रहनी चाहिए । अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा, कानून के क्षेत्र में इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है । कानून और न्याय-शासन में समस्त देश की एकता भारतीय संवैधानिक संगठन का एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण अंग है, और इसलिए आवश्यक है कि कानून संबंधी शब्दों और वाक्याशों का अभिप्राय देश के सब भागों में एकसा समझा जाए तभी देश की एकता स्थिर रह सकती है ।''

राजभाषा आयोग, 1956 के प्रतिवेदन पर विचार करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 344 के अधीन एक संसदीय समिति[4] की स्थापना की गई थी । इस समिति के

---

4. संसदीय राजाभाषा समिति (जो गृह मंत्री के 03-09-1957 के प्रस्ताव के आधार पर गठित की गई थी)

राज्य सभा (11-09-1957 को निर्वाचित)

श्री गोविंदवल्लभ पंत
श्री पुरुषोत्तमदास टंडन
श्री के0पी0 माधवन नायर
सरदार बुध सिंह
श्री भागीरथी महापात्र
डा0 ए0 रामस्वामी मुदलियार

अध्यक्ष तत्कालीन गृह मंत्री श्री गोविंदवल्लभ पंत थे । इस समिति ने आयोग के प्रतिवेदन पर विचार करके अपनी राय राष्ट्रपति को दी । राष्ट्रपति ने उस पर विचार करने के पश्चात् 27-04-1960 को एक आदेश निकाला । इस आदेश के पैरा 13 में यह कहा गया है:

'13. विधि क्षेत्र में हिंदी में काम करने के लिए आवश्यक आरंभिक कदम :

मानक विधि शब्दकोश तैयार करने, तथा राज्य के विधान निर्माण से संबंधित सांविधिक ग्रंथ का अधिनियमन करने, विधि शब्दावली तैयार करने की योजना बनाने और जिस संक्रमणकाल में सांविधिक ग्रंथ और साथ ही निर्णय-विधि अंशत: हिंदी और अंग्रेजी में होंगे, उस अवधि में प्रारंभिक कदम उठाने के बारे में आयोग ने जो सिफारिश की थी उन्हें समिति ने मान लिया है । साथ ही समिति ने यह सुझाव भी दिया है कि संविधियों के अनुवाद और विधि शब्दावली तथा कोशों से संबंधित संपूर्ण कार्यक्रम की समुचित योजना बनाने और उसे कार्यान्वित करने के लिए भारत की विभिन्न राष्ट्रभाषाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले विशेषज्ञों का एक स्थायी आयोग या इस प्रकार कोई उच्चस्तरीय निकाय बनाया जाए । समिति ने यह राय भी जाहिर की है कि राज्य सरकारों को परामर्श दिया जाए कि वे भी केंद्रीय सरकार से राय लेकर इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करें ।

समिति के सुझाव को दृष्टि में रखकर विधि मंत्रालय (यथासंभव सब भारतीय भाषाओं में प्रयोग के लिए) सर्वमान्य विधि शब्दावली की तैयारी और संविधियों के हिंदी में अनुवाद संबंधी पूरे काम के लिए समुचित योजना बनाने

श्री अल्लूरी सत्यनारायण राजू
डा0 रघुवीर
डा0 पेरत नारायणन नायर
श्री प्रफुल्लचंद्र भंजदेव

लोक सभा (13-09-1957 को निर्वाचित)

सेठ गोविंददास
श्री पी0टी0 थानु पिल्लै
स्वामी रामानंद तीर्थ
श्री बी0एस0 मूर्ति
पंडित ठाकुरदास भार्गव
श्री हिफ्जुर्रहमान्
श्री बी0 भगवती
श्री यू0 श्रीनिवास मल्लय्या
श्री फ्रैंक एन्थनी
श्री मथुराप्रसाद मिश्र
श्री माणिक्यलाल वर्मा
श्री भक्त दर्शन
श्री श्रीपाद अमृत डांगे
श्री हरिश्चंद्र शर्मा
कुमारी मणिबेन वल्लभभाई पटेल
ज्ञानी गरुमुखसिंह मुसाफिर
श्री अतुल्य घोष
श्री देवराव यशवंतराव गोहोकर
श्री हीरेन्द्रनाथ मुखर्जी
श्री प्रमथनाथ बनर्जी

और पूरा करने के लिए विधि विशेषज्ञों वाले एक स्थायी आयोग (या अन्य समुचित अभिकरण)[5] का निर्माण करे ।'

इस आदेश के अनुपालन में 1961 में राजभाषा (विधायी) आयोग की स्थापना की गई । इस आयोग को निम्नलिखित कार्य सौंपे गए :

(1) यथासंभव सभी राजभाषाओं में प्रयोग के लिए प्रामाणिक विधि शब्दावली तैयार करना और उसे प्रकाशित करना,

(2) सभी केंद्रीय अधिनियमों और राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित अध्यादेशों और विनियमों के हिंदी में प्राधिकृत पाठ तैयार करना,

(3) किसी केंद्रीय अधिनियम या राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित किसी अध्यादेश या विनियम के अधीन केंद्रीय सरकार द्वारा बनाए गए नियमों, विनियमों और आदेशों के प्राधिकृत हिंदी पाठ तैयार करना,

(4) केंद्रीय अधिनियमों और राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित अध्यादेशों और विनियमों का राज्यों की अपनी-अपनी राजभाषाओं में अनुवाद और किसी भी राज्य में पारित अधिनियमों और प्रख्यापित अध्यादेशों के उस सूरत में जिसमें कि ऐसे अधिनियमों या अध्यादेशों के पाठ हिंदी से भिन्न भाषा में हैं, हिंदी में अनुवाद कराने का प्रबंध करना, और

(5) अन्य ऐसे कर्तव्यों का पालन करना जो समय-समय पर भारत सरकार द्वारा सौंपे जाएं ।

आयोग ने शब्दावली निर्माण की जो प्रक्रिया अपनाई वह उल्लेखनीय है । आयोग ने शब्द कोश का निर्माण नहीं किया । आयोग ने केंद्रीय अधिनियमों का हिंदी रूपांतरण तैयार किया । उसको तैयार करते समय जो पारिभाषिक शब्द प्रयोग किए गए उनका संकलन करके उसे विधि शब्दावली के रूप में प्रकाशित किया । इससे यह लाभ हुआ कि उस शब्द का विधि साहित्य में वास्तव में प्रयोग हुआ और यह भी निश्चय हो सका कि शब्द उपयुक्त है अथवा नहीं । आयोग में हिंदी के अतिरिक्त अन्य 12 भारतीय भाषाओं के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में थे । इस कारण वे जो भी निर्णय लेते थे वह अखिल भारतीय दृष्टि से लेते थे । अतएव जो ध्येय डा० राजेन्द्र प्रसाद ने समिति के समक्ष रखा था और जिसे राजभाषा आयोग के प्रतिवेदन में और राष्ट्रपति के आदेश में अंगीकार किया गया था उस उद्देश्य का आयोग ने सदैव ध्यान रखा ।

1970 तक अनेक महत्वपूर्ण अधिनियमों का हिंदी में प्राधिकृत पाठ प्रकाशित कर दिया गया । भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता, सिविल प्रक्रिया संहिता, भारतीय

---

5. राष्ट्रपति के 11 नवंबर, 1976 के आदेश द्वारा अंत:स्थापित किए गए । देखिए भारत का राजपत्र, असाधारण, भाग 2, खंड 3(ii), तारीख 12 नवंबर, 1976 में प्रकाशित का० आ० 725 (अ) ।

साक्ष्य अधिनियम, संपत्ति अंतरण अधिनियम आदि प्रमुख अधिनियमों के हिंदी पाठ प्रकाशित हो चुके थे । अतएव राजभाषा (विधायी) आयोग ने 1970 में उस विधि शब्दावली का प्रकाशन किया जिसमें उन शब्दों और पदों का समावेश किया गया जिनका उन अधिनियमों के हिंदी पाठ में प्रयोग किया गया था । इस शब्दावली में लगभग 10,000 प्रविष्टियां थीं ।

1976 में भारत सरकार ने यह निर्णय लिया कि आयोग को समाप्त करके यह कार्य विधि मंत्रालय के विधायी विभाग में किया जाए । इस निर्णय के पश्चात् आयोग के स्थान पर विधायी विभाग का राजभाषा खंड कार्य कर रहा है । उसे वे सभी कार्य सौंपे गए हैं जो पहले राजभाषा (विधायी) आयोग को दिए गए थे । शब्दावली के निर्माण की प्रक्रिया अभी भी वही है । सभी भारतीय भाषाओं के प्रतिनिधियों की सहमति से शब्दावली का निर्माण किया जाता है ।

1979 में राजभाषा खंड ने विधि शब्दावली का परिवर्धित संस्करण निकाला । केंद्रीय अधिनियमों में जिन शब्दों और अभिव्यक्तियों का प्रयोग हुआ उन सबका इस संस्करण में समावेश कर दिया गया । लेटिन की जो अभिव्यक्तियां और सूक्तियां विधि में प्रचलित हैं उनका अर्थ और उनकी व्याख्या भी सम्मिलित कर दी गई । अधिनियमों के प्राधिकृत नामों को भी वर्णक्रम से इसमें मुद्रित किया गया जिससे उनके प्रति निर्देश करने में सुविधा हो । इस शब्दावली की तीस हजार प्रतियां बहुत कम समय में बिक गईं ।

1983 में शब्दावली का तीसरा संस्करण राजभाषा खंड ने प्रकाशित किया जिसमें लगभग 37,000 प्रविष्टियां थीं । इस संस्करण में एक नया भाग जोड़ा गया । हिंदी के विधि की भाषा बनने के पूर्व भारत के बहुत बड़े भू-भाग में अरबी-फारसी मूल के शब्दों का समावेश करते हुए उर्दू भाषा का विधि के क्षेत्र में प्रचलन था । ऐसे शब्दों का प्रयोग पुराने दस्तावेजों में होता था । यद्यपि बहुत से दस्तावेजों की लिपि देवनागरी है किंतु शब्दावली अपरिचित और दुरूह होने के कारण वर्तमान न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता और अन्य व्यक्ति उसका अर्थ समझने में कठिनाई अनुभव करते हैं । उनकी सहायता करने की दृष्टि से विधि के क्षेत्र में पूर्व में प्रचलित अरबी-फारसी शब्दों के हिंदी पर्याय भी विधि शब्दावली में सम्मिलित किए गए । यह संस्करण 1983 के अंत में प्रकाशित हुआ और इसकी 34,000 प्रतियां 1987 के मध्य तक बिक गईं ।

प्रस्तुत संस्करण विधि शब्दावली का चौथा संस्करण है । इस संस्करण में प्रविष्टियों की संख्या लगभग पचास हजार है । प्रयत्न यह किया गया है कि प्रत्येक ऐसे शब्द को इसमें स्थान मिले जो किसी भी केंद्रीय अधिनियम में पारिभाषिक रूप में प्रयुक्त है । ऐसे पद भी इसमें संकलित हैं, जो विधि में बार-बार प्रयोग किए जाते हैं । पारिभाषिक शब्दों के विभिन्न अर्थों का पृथक् स्पष्टीकरण देते हुए उनके आवश्यकतानुसार पृथक् पर्याय दिए गए हैं । शब्दावली के लेटिन हिंदी वाले भाग को और विस्तृत बनाया गया है । केंद्रीय अधिनियमों के नामों की सूची को भी अद्यतन किया गया है ।

यह स्मरणीय है कि हिंदी में शब्दावली निर्माण का कार्य वैज्ञानिक ढंग से सर्वप्रथम डा0 रघुवीर ने प्रारंभ किया । उन्होंने शब्दावली निर्माण के जो सिद्धांत स्थिर किए थे उन सिद्धांतों का शब्दावली रचना के अधिकांश क्षेत्र में अनुसरण किया जा रहा है । इस क्षेत्र में डा0 रघुवीर के योगदान के महत्व को नकारने वाले भी आवश्यकता पड़ने पर न केवल उनके सिद्धांतों के अनुसार शब्द रचना करते हैं बल्कि अनेकों बार उन्हीं की शब्द सृष्टि से पर्याय अपना लेते हैं । वैज्ञानिक सिद्धांत की परख भी यह है कि स्वतंत्र रूप से चिंतन करने वाले व्यक्ति अंत में एक ही निष्कर्ष पर पहुंचते हैं । डा0 रघुवीर के कार्य की विशेषता यह है कि उन्होंने कुछ सिद्धांत स्थिर किए और उनके आधार पर शब्दावली का सृजन किया । उनके पूर्व कार्य करने वाले विद्वानों ने शब्दावली का निर्माण तो किया किंतु उनके कार्य में कोई स्पष्ट सिद्धांत दृष्टिगोचर नहीं होते । अधिकतर विद्वानों ने प्रचलित प्रयोग के आधार पर ही शब्द चुने । डा0 रघुवीर के योगदान से हिंदी समृद्ध और उन्नत हुई ।

जैसा कि ऊपर कहा गया है अखिल भारतीय विधि शब्दावली के सृजन का बीजारोपण डा0 राजेन्द्र प्रसाद ने किया था । उनके द्वारा गठित भाषा विशेषज्ञ सम्मेलन (Language Experts Conference) और विशेषज्ञ अनुवाद समिति[6] (Expert Translation Committee) ने उनके निदेशानुसार कार्य करते हुए विधि के क्षेत्र में एकरूप शब्दावली की नींव डाली । जब राजभाषा (विधायी) आयोग का 1961 में गठन हुआ तो उसके प्रथम अध्यक्ष श्री चंद्रेश्वर प्रसाद सिंह थे जो असम उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायमूर्ति थे । आयोग के सदस्य-सचिव श्री बालकृष्ण थे जो 1968 तक सदस्य-सचिव के रूप में कार्य करते रहे । श्री बालकृष्ण ने संविधान सभा के लिए भारत के संविधान का हिंदी प्रारूप तैयार किया था । वे विषेषज्ञ अनुवाद समिति के सचिव भी थे । राजभाषा (विधायी) आयोग के आरंभिक काल में इन दो विद्वानों का महत्वपूर्ण योगदान रहा । श्री बालकृष्ण ने विधायी विभाग के अनुवाद अधिकारी के रूप में अधिनियमों का हिंदी अनुवाद आरंभ किया । आयोग ने जब अधिनियमों के हिंदी पाठ का प्रकाशन आरंभ किया तब उन्हीं के दिशा निर्देश में अधिनियमों, नियमों आदि की वाक्य रचना प्रयुक्ति, शैली आदि सुनिश्चित हुए । हिंदी में विधि के प्रारूपण की शैली के निर्धारण में श्री बालकृष्ण की भूमिका महत्वपूर्ण है ।

---

6. हिंदी में संविधान के अनुवाद के लिए समिति के सदस्य :

(विशेषज्ञ अनुवाद समिति)

(1) श्री घनश्यामसिंह गुप्त
अध्यक्ष, मध्य प्रांत विधान सभा - **अध्यक्ष**
सदस्य

(2) न्या0 डब्ल्यू0 आर0 पुराणिक, सदस्य,
संघ लोक सेवा आयोग

(3) श्री राहुल सांकृत्यायन

(4) श्री मोटुरी सत्यनारायण, संसद् सदस्य

(5) डा0 सुनीति कुमार चटर्जी

(6) श्री जयचन्द्र विद्यालंकार

(7) श्री यशवंत आर0 दाते

(8) श्री एम मुजीब
सचिव

(9) श्री बालकृष्ण

भारत सरकार के विधायी विभाग के तत्वावधान में हिंदी भाषी राज्यों की समन्वय समिति सभी हिंदी भाषी राज्यों में प्रयुक्त शब्दावली में एकता स्थापित करने का कार्य कर रही है । राज्यों के विधि सचिव इसके सदस्य हैं । इस समिति को अपने ध्येय की प्राप्ति में पूरी सफलता मिली है ।

राजभाषा (विधायी) आयोग ने और अक्तूबर, 1976 से उसके उत्तरवर्ती विधायी विभाग के राजभाषा खंड ने विधि शब्दावली तैयार करने में कतिपय सर्वमान्य सिद्धांतों का अनुसरण किया है । शिक्षा मंत्रालय के अधीन वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग ने लगभग यही सिद्धांत अपनाए हैं । शब्दावलियों की भिन्न प्रकृति के कारण कुछ सिद्धांत विधि शब्दावली के लिए विशेष हैं । पहली भिन्नता यह है कि विधि के क्षेत्र में प्रयुक्त पारिभाषिक शब्दों और पदों का अर्थ क्या है यह न्यायालय निर्णय करता है । विधि से अधिकारों का सृजन और विनियमन होता है । इसका प्रभाव आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक सभी क्षेत्रों पर होता है । अतएव शब्दों या पदों का प्रयोग और अर्थान्वयन दोनों ही प्रारूपण और निर्वचन के सिद्धांतों से शासित होते हैं । दूसरी भिन्नता यह है कि विधि मंत्रालय के शब्दावली निर्माण के कार्य में पहले साहित्य सृजन किया गया और उसके उपोत्पाद के रूप में शब्दावली बनी । जिन शब्दों की किसी अधिनियम में परिभाषा दी गई है, वे सभी दृष्टि से पारिभाषिक शब्द हैं और उनके अर्थ परिभाषा द्वारा सीमित हैं । अधिनियमों और विनियमों तथा कानूनी नियमों में प्रयुक्त शब्द भी अधिनियमिति का रूप ग्रहण कर लेते हैं इसलिए विधि के क्षेत्र में उन्हीं शब्दों का प्रयोग विधित: बाध्यकर हो जाता है ।

हमारा यह विश्वास है और आशा भी, कि इस संस्करण में जो विधि के शब्द और पद समाविष्ट किए गए हैं वे प्रचलन और प्रयोग में आकर विधिवेत्ताओं, न्यायाधीशों, विधि के आचार्यों और जन साधारण को सुबोध हो जाएंगे तथा उन शब्दों और पदों का सहज और स्वाभाविक रूप से प्रयोग होने लगेगा । पिछले तीनों संस्करणों से इस विश्वास को बल मिला है । विधि शब्दावली के पिछले संस्करणों में समाविष्ट शब्दों का विश्वविद्यालयों में, न्यायालयों में, पुस्तक लेखन में और अन्यत्र भी प्रचुर मात्रा में प्रयोग हो रहा है । यह शब्दावली के वैज्ञानिक और सटीक होने के परिणामस्वरूप है, किसी बाध्यता के कारण नहीं । भारतीय भाषाओं के विधि के क्षेत्र में अधिकाधिक प्रयोग की दिशा में विधि शब्दावली का यह संस्करण सहायक होगा यही हमारी आशा है ।

शब्दावली निर्माण में कुछ सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए यह कार्य किया गया है। नीचे दिए गए उदाहरणों से पाठकों को शब्द निर्माण प्रक्रिया का सुस्पष्ट चित्र प्राप्त हो जाएगा :

1. (क) संकल्पना का द्योतन करने वाले सभी शब्दों का अनुवाद किया गया है । जो शब्द किसी वस्तु का नाम है उनका अनुवाद न होने पर भी उसको समझ लेने में बाधा नहीं होती । दैनंदिन जीवन में अन्य भाषाओं के बहुत से शब्द प्रयुक्त

होते हैं, जैसे पेंसिल, निब, कार, बटन, पैंट, कोट, टिकट, रेल, प्लेटफार्म आदि । उनका अनुवाद न तो वांछनीय है और न आवश्यक ही । किंतु अन्य भाषाओं के संकल्पना मूलक शब्दों का अपनी भाषा में अनुवाद आवश्यक हो जाता है। उदाहरणार्थ, right, duty, property, transfer, law, contract, tort, आदि के लिए क्रमश: अधिकार, कर्तव्य, संपत्ति, अंतरण, विधि, संविदा और अपकृत्य, पर्याय निर्धारित किए गए हैं ।

भारत की वर्तमान विधि मुख्यत: अंग्रेजी विधि पर आधारित है । आंग्ल विधि में संकल्पनाओं का द्योतन करने वाले शब्द अधिकांशत: रोमन विधि से लिए गए हैं । वे अधिकतर लेटिन या ग्रीक भाषा के हैं । कुछ शब्द फ्रेंच से भी आए हुए हैं । ये शब्द कभी भी भारतीय भाषाओं में घुलमिल नहीं सकते । mens rea, res judicata, possession, property, आदि शब्द किसी भी भारतीय भाषा में समामेलित नहीं हो सकते । इन सबके लिए भारतीय प्रतिशब्द सुनिश्चित किए गए हैं ।

(ख) एक संकल्पना के लिए एक ही पर्याय रखा गया है ।

(ग) परस्पर संबंधित संकल्पनाओं के लिए यथासंभव ऐसी संज्ञाएं रखी गई हैं जो सदृश होते हुए भी सुभिन्न हैं । इसमें सुभिन्नता प्रकट करने के लिए उपसर्ग का प्रयोग किया गया है अथवा धातु में भेद करके शब्द रचना की गई है । जैसे :

(i)	Act	अधिनियम
	rule	नियम
	sub-rule	उपनियम
	regulation	विनियम
	statute (of a University)	परिनियम
(ii)	survey	सर्वेक्षण
	prospect	पूर्वेक्षण
	inspect	निरीक्षण
	superintend	अधीक्षण
	test	परीक्षण
(iii)	review	पुनर्विलोकन
	revision	पुनरीक्षण
(iv)	adjourn	स्थगन
	defer	आस्थगन
	abeyance (keep in)	प्रास्थगन

2. (क) अकेले शब्द का विचार करके अनुवाद नहीं किया गया । संस्पर्शी शब्दों पर एक साथ विचार करके ही पर्याय सुस्थिर किए गए हैं । ऐसा करते समय

यह ध्यान रखा गया है कि अंग्रेजी के प्रत्येक पारिभाषिक शब्द के लिए हिंदी में भी एक शब्द हो । अंग्रेजी के शब्दों में जहां अर्थ की छटा भिन्न है वहां हिन्दी में भी अभिव्यक्ति की उस छटा को प्रकट करने के लिए अलग-अलग शब्द रखे गए हैं । जैसे :

(i)	right	अधिकार
	prerogative	परमाधिकार
	privilege	विशेषाधिकार
(ii)	cancel	रद्द करना
	abrogate	निराकरण करना
	repeal	निरसन करना
	rescind	विखंडित करना
	supersede	अधिक्रमण करना
	annul	बातिल करना
	quash	अभिखंडित करना
(iii)	contract	संविदा
	agreement	करार
	stipulation	अनुबंध
	covenant	प्रसंविदा
	bargain	सौदा
	proposal	प्रस्थापना
(iv)	intention	आशय
	motive	हेतु
	object	उद्देश्य
(v)	transfer	अंतरण
	conveyance	हस्तांतरण
	assignment	समनुदेशन
(vi)	motion	प्रस्ताव
	resolution	संकल्प
(vii)	postpone	मुल्तवी करना
	defer	आस्थगन
	adjourn	स्थगन
(viii)	coercion	प्रपीड़न
	pressure	दबाव

duress	विबाध्यता
compulsion	अनिवार्यता
influence	असर

अधिनियमों या विनियमों में ये मिलते-जुलते शब्द एक ही धारा या खंड में प्रयुक्त होते हैं ; इस कारण भी इनका पर्याय स्थिर करना परमावश्यक था ।

(ख) अंग्रेजी में कुछ शब्द ऐसे हैं जो एकाधिक पारिभाषिक अर्थ दर्शाते हैं । इसलिए इनके लिए एक से अधिक समानार्थी निश्चित किए गए हैं । यह बात इसलिए आवश्यक थी कि प्रसंगानुसार ये अंग्रेजी शब्द विभिन्न संकल्पनाओं के लिए प्रयुक्त किए जाते हैं । एक पर्यायवाची शब्द से, उसके संपूर्ण अर्थ का द्योतन नहीं हो सकता । जैसे :

interest	हित, ब्याज
constitution	संविधान, गठन
charge	भार, आरोप, भारबोधन, भारसाधन
execution	निष्पादन, फांसी
invalidity	अविधिमान्यता, अशक्तता
return	लौटना, लौटाना, विवरणी, निर्वाचित होना

3. इस बात का ध्यान रखा गया है कि शब्दावली जहां तक हो सके सभी भारतीय भाषाओं में सुग्राह्य हो । ऐसे शब्द चुने गए हैं, जो पहले से अधिकांश भारतीय भाषाओं में प्रचलित थे या जो इस प्रकार के हैं कि अधिकांश भारतीय भाषाओं में प्रचलित हो सकेंगे ।

उदाहरण :

(क) पहले से भारतीय भाषाओं में प्रचलित शब्द, जिन्हें विधि शब्दावली में अंगीकार कर लिया गया :

दिवालिया	व्यापार	बीमा	स्वतंत्रता
परिषद्	मंत्री	ऋण	संहिता
सभा	साक्ष्य	न्यायिक	
सरकार	परीक्षा	कैदी	
निर्वाचन	प्रतिनिधि	न्याय	

(ख) ऐसे शब्द, जो नवीन हैं किंतु अखिल भारतीय प्रचलन में आ गए हैं :

संचित निधि	consolidated fund
राज्यपाल	governor
लोक सभा	House of the People
राज्य सभा	Council of States

अधिनियमन	to enact
राजगामी	escheat
प्रत्यर्पण	extradition
पूर्वगामी	foregoing
अधिनियम	Act
राज्यक्षेत्र	territory
अनुपूरक	supplementary
विनिमय-पत्र	bill of exchange
अधिकारिता	jurisdiction
अधिसूचना	notification
अनुदान	grant
अल्पसंख्यक	minority
विशेषाधिकार	privilege
अनुसूची	schedule
राजपत्र	gazette
स्थानीय प्राधिकारी	local authority

4. जब अंग्रेजी में निकट अर्थ वाले दो या अधिक शब्द थे और उनकी अर्थ छाया को प्रकट करने के लिए हिंदी में अलग-अलग शब्द रखने आवश्यक थे, वहां उसे आवश्यकता की पूर्ति के लिए संविधान के अनुच्छेद 351 में दिए गए अनुदेशों के अनुसरण में मुख्यत: संस्कृत से और गौणत: अन्य भारतीय भाषाओं से शब्द ग्रहण किए गए ।

mortgage के लिए 'बंधक', pledge के लिए 'गिरवी', pawn के लिए 'पणयम' hypothecation के लिए 'आडमान' और encumbrance के लिए ''विल्लंगम'' पर्याय रखा गया ।

इनमें पणयम, आडमान और विल्लंगम तमिल से प्राप्त हैं ।

distress का प्रतिशब्द 'करस्थम्' मलयालम से आगत है ।

'करार' शब्द को agreement के लिए रूढ़ करके संस्कृत से 'संविदा' शब्द को contract का पर्याय बनाया गया ।

प्रचलित शब्द 'कानून' को statute के पर्याय के रूप में रूढ़ करके 'विधि' को law का समानार्थी स्वीकार किया गया ।

'मुल्तवी' शब्द postpone के लिए सुस्थिर करके 'स्थगन' को adjourn का, 'आस्थगन' को defer का और 'प्रास्थगन' को abeyance (keep in) का समतुल्य स्वीकार किया गया ।

'बचत' को savings के लिए और 'निक्षेप' को deposit के लिए रखा गया ।

'जांच' को inquiry के लिए और 'अन्वेषण' को investigation के लिए रखा गया ।

5. इसको महत्व नहीं दिया गया कि शब्द मूलत: किस भाषा से आया है । इस बात की ओर ध्यान दिया गया कि शब्द उपयुक्त और सटीक है या नहीं तथा अधिकांश भारतीय भाषाओं में वह आत्मसात और प्रचलित हो पाएगा या नहीं ।

इस आधार पर बहुत से अंग्रेजी अथवा अरबी-फारसी मूल के शब्द अपनाए गए हैं ।

उदाहरणार्थ :

(क) अंग्रेजी मूल के शब्द :

मजिस्ट्रेट, समन, वारंट, कौंसल, पेंशन, फीस, न्यूसेंस, डिक्री, शेयर, प्रोबेट, अपील, पालिसी, वारंटी, रेल, ट्राम, असेसर, जूरी, टैरिफ, वैगन, प्रास्पेक्टस, डिबेंचर, रजिस्ट्रार, बैंक, चैक, ड्राफ्ट, पैकेज ।

(ख) अरबी-फारसी मूल के शब्द :

अर्जी, रद्द करना, वसीयती, असर, असली, आमदनी, इंकार, गफलत, गबन, वसूली, जमानत, तामील, दखलंदाजी, इजाजत, कसूर, कार्रवाई ।

6. अन्य भाषाओं के जिन शब्दों को ग्रहण किया गया है उनके व्याकरणिक रूप और व्युत्पन्न शब्द हिंदी व्याकरण के अनुसार बनाए गए हैं :

(i)	cancel	रद्द
	cancellation	रद्दकरण
(ii)	appeal	अपील
	appellant	अपीलकर्ता
	appellate	अपीली
	appealable	अपीलीय
(iii)	insurance	बीमा
	insurable	बीमायोग्य
	insured	बीमाकृत
(iv)	possess	कब्जा रखना
	possessor	कब्जा रखने वाला

(v) possession -

1. physical control over property कब्जा
2. the areas in one's possession कब्जाधीन

(vi)	commit	सुपुर्द करना
	commitment	सुपुर्दगी
	committee	सुपुर्ददार
	committing (authority)	सुपुर्दगीकार (प्राधिकारी)

7. जहां हिंदी में दो या अधिक समानार्थी शब्द उपलब्ध थे और उनमें से कोई एक शब्द ऐसा था जिसका कुछ अन्य भारतीय भाषाओं में कोई भिन्न अर्थ था वहां उस शब्द को पारिभाषिक प्रतिशब्द के रूप में स्वीकार नहीं किया गया ।

उदाहरण :

attempt के लिए प्रयत्न, प्रयास और चेष्टा प्रचलित है । चेष्टा का मराठी में भिन्न अर्थ है । अतएव भारतीय दंड संहिता में attempt के लिए प्रयत्न रखा गया है ।

objection के अर्थ में हिन्दी में दो शब्द प्रचलन में हैं 'आपत्ति' और 'आक्षेप'। लगभग सभी भारतीय भाषाओं में 'आपत्ति' का अर्थ विपत्ति या आफत है । अतएव अखिल भारतीय दृष्टिकोण से 'आक्षेप' ही अंगीकार किया गया है ।

इसी आधार पर witness के लिए गवाह के स्थान पर 'साक्षी' स्वीकार किया गया है । plaintiff और defendant के पर्याय 'वादी' और प्रतिवादी' माने गए हैं, मुद्दई और मुद्दआ अलेह नहीं ।

8. अंग्रेजी के असमस्त (समासरहित) शब्द का अनुवाद यथासंभव असमस्त शब्द से ही किया गया है, समस्त शब्दों से या वाक्यों से नहीं । उदाहरणार्थ jurisdiction के पर्याय रूप में दो शब्द 'क्षेत्राधिकार' और 'अधिकार क्षेत्र' प्रचलित थे जो दोनों ही समस्त थे । इनमें एक शब्द से यह ध्वनि निकलती है कि अधिकार किसी क्षेत्र पर है और दूसरे से यह कि किसी अधिकार का क्षेत्र सीमित है । यह जटिलता 'अधिकारिता' शब्द स्वीकार करके दूर कर दी गई है । इससे pecuniary jurisdiction, jurisdiction over persons, territorial jurisdiction आदि का अनुवाद करने में आने वाली कठिनाई भी दूर हो गई । audit के लिए लेखापरीक्षा स्थिर करना भी त्रुटिपूर्ण था । यथा performance audit में लेखापरीक्षा नहीं है । examination of accounts के लिए लेखापरीक्षा उपयुक्त है । अतएव audit के लिए असमस्त पद 'संपरीक्षा' रखा गया है जो सर्वत्र प्रयोग किया जा सकेगा ।

इसी प्रकार promotion के लिए पदोन्नति रखने में भी कठिनाई थी, sales promotion में पदोन्नति का प्रयोग गलत होता अत: 'प्रोन्नति' पर्याय स्वीकार किया गया है । इसी प्रकार injunction के लिए 'निषेधाज्ञा' स्वीकार नहीं हो सकता था क्योंकि वह निषेधात्मक हो सकता है और सकारात्मक भी हो सकता है । mandatory injunction में

न्यायालय कोई कार्य करने का आदेश देता है । यहां निषेध नहीं है । इसलिए injunction के लिए इस सिद्धांत के आधार पर 'व्यादेश' रखा गया है जो संस्कृत साहित्य में प्रयुक्त भी हुआ है ।

9. शब्दावली में संस्कृत मूल के शब्दों को प्राथमिकता दी गई है क्योंकि इससे व्युत्पन्न दूसरे शब्द निर्माण करने में सरलता होती है और वे अन्य भारतीय भाषाओं में भी सहज ही आत्मसात हो जाते हैं । संविधान के अनुच्छेद 351 में भी संस्कृत मूल के शब्दों को प्राथमिकता देने का निदेश है । इसीलिए अरबी-फारसी मूल के कुछ ऐसे शब्दों को भी जो उत्तरी भारत में न्यायालयों में प्रचलित थे छोड़ दिया गया है और उनके स्थान पर संस्कृत तथा अन्य भारतीय भाषाओं के शब्दों को ग्रहण किया गया है । ये शब्द अधिक सुबोध भी हैं ।

उदाहरणार्थ :

पूर्व प्रचलित शब्द	**स्वीकृत शब्द**
आरजी	अस्थायी
मोहर	मुद्रा
दादरसी	अनुतोष
सरका	चोरी
सरका बिल जब्र	लूट
मुद्दई	वादी
मुद्दआ अलेह	प्रतिवादी
साइल	याची
मसऊल इलेह	प्रत्यर्थी
इस्तिग़ासा	परिवाद (अभियोगपत्र)
मुस्तग़ीस	परिवादी
जवाबुल जवाब	प्रत्युत्तर
तनक़ीहात	विवाद्यक
हुक्मे इलतेवा/मौकूफ़ी	रोकादेश
हुक्मे-इमतेनाइ	व्यादेश
इजरा	निष्पादन
दायरा-ए-इख्तियार	अधिकारिता
बिना-ए-मुख़ास्मत	वाद हेतुक

10. पारिभाषिक शब्दावली स्थिर करते समय भारत के प्राचीन वाड् मय में उपलब्ध शब्दों का प्रयोग किया गया है । (इस बात की सिफारिश राजभाषा आयोग, 1956 ने अपने प्रतिवेदन में की थी) ऐसा करते समय कहीं-कहीं किसी शब्द का उसके मूल अर्थ से किंचित् भिन्न अर्थ में भी प्रयोग किया गया है :

res judicata	पूर्व न्याय, प्राड् न्याय (मिताक्षरा से)
witness	साक्षी (स्मृतियों में प्रयुक्त)
evidence	साक्ष्य (स्मृतियों में प्रयुक्त)
justice	न्याय
code	संहिता
force	बल (अर्थशास्त्र में प्रयुक्त)
minister	मंत्री
conviction	दोषसिद्धि
imprisonment	कारावास
accused	अभियुक्त
prison	कारागार

जिन शब्दों का प्रयोग मूल अर्थ से भिन्न अर्थ में किया गया है उनके उदाहरण हैं :

law	विधि
parliament	संसद्
assembly	सभा
committee	समिति
secretary	सचिव

11. यदि अंग्रेजी के एक शब्द का विभिन्न संदर्भों में भिन्न-भिन्न अर्थ है, तो आवश्यकतानुसार भिन्न-भिन्न संदर्भों में उसके भिन्न पर्याय रखे गए है ।

उदाहरणार्थ :

(क) charge :

1. an obligation as in section 100 the Transfer of Property Act	भार
2. accusation of a crime which precedes a formal trial	आरोप
3. price for services	प्रभार
4. control, custody or superintendence	भारसाधन
5. the address of a judge to jury instructing them upon the concerned law	भारबोधन

6. quantity of explosive used in a single discharge for a gun	भरण
7. to restore the active materials in a storage battery	चार्ज करना

(ख) representation :

1. likeness, picture etc.	रूपण
2. a statement specially made to convey a particular view with the intention of influencing action	व्यपदेशन
3. to make a formal statement of facts, or arguments with a view to affecting some change, preventing some action etc. अभ्यावेदन	

(ग) delivery :

1. the action of delivering up or over	परिदान
2. giving birth to a child	प्रसव
3. delivering a speech	वाक्प्रस्तुति
4. an act of delivery	वितरण

12. जब अंग्रेजी के किसी शब्द का पर्याय स्थिर किया गया तो इस बात को ही ध्यान में रखा गया कि उस शब्द से वे सब व्युत्पन्न शब्द बन सकते हैं या नहीं जो अंग्रेजी के शब्द से व्युत्पन्न होते हैं । **उदाहरणार्थ :**

law के पर्यायवाची 'विधि' में यह गुण पूर्णतया उपस्थित है ।

law	विधि
lawful	विधिवत, विधिसंगत
legal	वैध
illegal	अवैध
legislation	विधान

legislative	विधायी
legislator	विधायक
legislature	विधानमंडल
lawless	विधिहीन
unlawful	विधिविरुद्ध

13. विदेशी शब्दों को अपनाते समय उनको ध्वनि या उच्चारण की दृष्टि से आवश्यकतानुसार परिवर्तित किया गया है, जैसे :

proxy	परोक्षी
quarantine	करंतीन
interim	अंतरिम

14. यह सिद्धांत सदैव ध्यान में रखा गया है कि केवल पारिभाषिक शब्दों और पदों के समानार्थी शब्द या पद तय करना है । सामान्य प्रचलित शब्दों और पदों का प्रयोग यथावत् किया जाना चाहिए । पारिभाषिक शब्द सामान्य शब्दावली के अनुपूरक हैं ।

15. राष्ट्रपति के 1960 के आदेश के पैरा 3 में वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली के निर्माण का कार्य शिक्षा मंत्रालय को सौंपा गया था । अतएव जहां भी किसी अधिनियम, नियम, विनियम आदि में विज्ञान या प्रौद्योगिकी से संबद्ध शब्द आते थे वहां उसी शब्दावली का प्रयोग किया गया जो शिक्षा मंत्रालय ने तय की थी। जहां शब्दावली निर्माण का कार्य शेष था वहां पर शिक्षा मंत्रालय और संबद्ध तकनीकी विभाग की सहायता से पर्यायवाची शब्द सुस्थिर किए गए । सेना अधिनियम, 1950, खाद्य अपमिश्रण निवारण नियम, 1955, आयुध अधिनियम, 1959, वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972, सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 आदि में यह प्रक्रिया अपनाई गई है ।

इस संस्करण को तैयार करने और मुद्रित और प्रकाशित कराने में जिन अधिकारियों का सहयोग प्राप्त हुआ है उन सबके प्रति हम अपना आभार प्रकट करते हैं । श्री खजानचंद, उप विधायी परामर्शी (अब सेवानिवृत्त) और श्री जुगल किशोर, अनुवादक ने इस कार्य में विशेष योगदान किया है ।

नई दिल्ली ;

1 फरवरी, 1988
12 माघ, 1909

ब्रजकिशोर शर्मा

अपर सचिव, भारत सरकार,
राजभाषा खंड,
विधायी विभाग,
विधि और न्याय मंत्रालय ।

सातवें संस्करण की भूमिका

संविधान निर्माण के लिए डा. राजेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में गठित भारतीय संविधान सभा द्वारा 17 सितम्बर, 1949 को एक प्रस्ताव पारित किया गया कि भारत के संविधान का सर्वप्रथम हिन्दी में और तत्पश्चात् विभिन्न भारतीय भाषाओं में ऐसे पारिभाषिक शब्दों का प्रयोग करके, जो सर्वत्र और सभी भाषाओं में, विधायी कार्य में, न्यायालयों में प्रयुक्त होते हों, अनुवाद तैयार कराया जाए । संविधान का हिन्दी और विभिन्न भारतीय भाषाओं में प्राधिकृत पाठ तैयार करने के इसी प्रस्ताव को एक मानक और सर्वसम्मत शब्दावली के निर्माण के प्रथम प्रयास का शुभारंभ कहा जा सकता है ।

राजभाषा आयोग, 1956 की रिपोर्ट पर भारत के संविधान के अनुच्छेद 344 के अधीन गठित संसदीय राजभाषा समिति द्वारा विधि के क्षेत्र में एक मानक विधि शब्दकोश तैयार करने की जो सिफारिश की गई थी, उसके संबंध में जारी किए गए राष्ट्रपति के आदेश के अनुपालन में राजभाषा (विधायी) आयोग की वर्ष 1961 में स्थापना की गई थी । इस आयोग का सभी अधिनियमों, नियमों और अध्यादेशों, आदि का हिन्दी में प्राधिकृत पाठ तैयार कराने के अतिरिक्त सबसे महत्वपूर्ण कार्य अर्थात् सभी राजभाषाओं में प्रयोग के लिए एक प्रामाणिक विधि शब्दावली तैयार करने और प्रकाशित कराने का कार्य सौंपा गया था ।

आयोग द्वारा अक्तूबर, 1970 में विधि शब्दावली का प्रथम संस्करण तैयार किया गया । भारत सरकार द्वारा वर्ष 1976 में आयोग के स्थान पर, विधायी विभाग के राजभाषा खंड को उस आयोग के सभी कार्य सौंपे गए । इसके बाद, राजभाषा खंड द्वारा वर्ष 1979 में इसका दूसरा, वर्ष 1983 में तीसरा, वर्ष 1988 में चौथा, वर्ष 1992 में पांचवां और वर्ष 2001 में छठा संस्करण प्रकाशित किया गया ।

विधि शब्दावली का यह प्रकाशन कार्य विधायी विभाग, राजभाषा खंड की सुमेरू मणि बन चुका है, इसकी उपादेयता को देखते हुए इसकी मांग निरन्तर बढ़ती जा रही है, अतः इसका अब एक वृहत् और पुनरीक्षित तथा नवीनतम संस्करण निकाला जा रहा है जिसमें कि लगभग पैंसठ हजार प्रविष्टियां हैं । विधि शब्दावली के इस संस्करण में, छठे और सातवें संस्करण के अंतराल में, वर्ष 2014 तक के जो अधिनियम अधिनियमित किए गए हैं, उन अधिनियमों में प्रयुक्त शब्दों को, उनके हिन्दी में सर्वग्राही अर्थ नियत करते हुए और साथ ही उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों के निर्णयों में प्रयुक्त उन शब्दों, अभिव्यक्तियों और युक्तियों को भी जिनका प्रयोग विधायी विभाग के विधि साहित्य प्रकाशन द्वारा किया जा रहा है, समाविष्ट किया गया है ।

विधि शब्दावली को, सुगमता की दृष्टि से, सात भागों में विभाजित किया गया है : भाग 1 में केन्द्रीय अधिनियमों में प्रयुक्त पारिभाषिक शब्द, पद, अभिव्यक्तियां तथा जहां अपेक्षित हो वहां उनके पर्याय दिए गए हैं । भाग 2 में लेटिन की जो अभिव्यक्तियां, युक्तियां आदि विधि में प्रचलित हैं उनका हिन्दी में अर्थ तथा व्याख्या दी गई है । भाग 3

में हिन्दी शब्दों का अंग्रेजी पाठ दिया गया है । भाग 4 में विधि में प्रयुक्त अरबी-फारसी मूल के शब्दों को समाविष्ट किया गया है क्योंकि पूर्व में भारत में उर्दू भाषा का न्यायालयों में, पुराने दस्तावेजों में अत्यधिक प्रयोग होता था, अतः अरबी-फारसी से अपरिचित न्यायविदों आदि को उसका अर्थ बोध कराने के लिए अरबी-फारसी शब्दों के हिन्दी पर्याय दिए गए हैं । भाग 5 में अनन्य रूप से, विधिशास्त्र में प्रयुक्त शब्दों को सम्मिलित किया गया है । भाग 6 में सीमाशुल्क और उत्पाद-शुल्क के संबंध में प्रयुक्त तकनीकी शब्दों को सम्मिलित किया गया है तथा भाग 7 एक महत्वपूर्ण भाग है, जिसमें वर्ष 2014 तक अधिनियमित तथा तत्समय प्रवृत्त सभी केन्द्रीय अधिनियमों के अंग्रेजी और हिन्दी नाम वर्णक्रम में दिए गए हैं ।

भाषा में जीवनी शक्ति प्रयोगों से आती है । भाषा का, शब्दों और अभिव्यक्तियों का जितना अधिक प्रयोग होगा वह भाषा, शब्द और अभिव्यक्तियां उतनी ही व्याप्त हो जाती हैं । शब्दों का प्रयोग ही एक ऐसा स्रोत है जिसके द्वारा व्यक्ति अपने विचार दूसरे तक पहुंचाता है । चूंकि शब्द की रचना करना, उसका असंदिग्ध अर्थ देना, विशिष्टतया, विधि के क्षेत्र में, एक शोध का विषय है, अतः जो शब्द और वाक्यांश विधि शब्दावली में दिए गए हैं वे निश्चितता, संक्षिप्तता, स्पष्टता और एकरूपता को ध्यान में रखकर दिए गए हैं। विधि शब्दावली के निर्माण का यह एक सतत् प्रयास है ।

आशा और विश्वास है कि विधायी विभाग, राजभाषा खंड का यह प्रयास अर्थात् विधि शब्दावली का वर्तमान संस्करण माननीय न्यायाधीशों, न्यायविदों, शिक्षाविदों, अधिवक्ताओं तथा विद्यार्थियों के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगा ।

इस संस्करण को तैयार करने और प्रकाशित कराने में जिन अधिकारियों/पदाधिकारियों का सहयोग प्राप्त हुआ है उन सबके प्रति अपना आभार प्रकट करते हैं ।

नई दिल्ली ;
20 जनवरी, 2015

डा0 संजय सिंह
सचिव, विधायी विभाग,
विधि और न्याय मंत्रालय,
भारत सरकार ।

देवनागरी लिपि और हिंदी वर्तनी का मानकीकरण

मानक हिंदी वर्णमाला और अंक

भारत संघ और कुछ राज्यों की राजभाषा स्वीकृत हो जाने के फलस्वरूप हिंदी का मानक रूप निर्धारित करना बहुत आवश्यक था, ताकि वर्णमाला में सर्वत्र एकरूपता बनी रहे और टाइपराइटर, आदि आधुनिक यंत्रों के उपयोग में लिपि की अनेकरूपता बाधक न बने ।

इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए, केंद्रीय हिंदी निदेशालय ने शीर्षस्थ विद्वानों के साथ कई वर्षों तक विचार-विमर्श करने के पश्चात् हिंदी वर्णमाला और अंकों का जो मानक स्वरूप निर्धारित किया था, वह इस प्रकार है :

मानक हिंदी वर्णमाला

स्वर

अ आ इ ई उ ऊ ऋ ए ऐ ओ औ

मात्राएँ

k f h q w ` s S ks kS

अनुस्वार

- (अं)

विसर्ग

(अः)

अनुनासिकता चिह्न

ँ

व्यंजन

क	ख	ग	घ	ङ		
च	छ	ज	झ	ञ		
ट	ठ	ड	ढ	ण	ड़	ढ़
त	थ	द	ध	न		
प	फ	ब	भ	म		
य	र	ल	व		ळ	
श	ष	स	ह			

संयुक्त व्यंजन

क्ष त्र ज्ञ श्र

हल् चिह्न

(इ्)

गृहीत स्वर

ऑ **kW** ख़ ज़ फ़

देवनागरी अंक

१	२	३	४	५
६	७	८	९	०

भारतीय अंकों का अंतरराष्ट्रीय रूप

1	2	3	4	5
6	7	8	9	0

संस्कृत के लिए प्रयुक्त देवनागरी वर्णमाला में तो ऋ, ॡ तथा ॡ भी सम्मिलित है, किंतु हिंदी में इन वर्णों का प्रयोग न होने के कारण इन्हें हिंदी की मानक वर्णमाला में स्थान नहीं दिया गया है ।

संविधान के अनुच्छेद 343(1) के अनुसार संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त होने वाले अंकों का रूप भारतीय अंकों का अंतरराष्ट्रीय रूप होगा, परंतु राष्ट्रपति संघ के किसी भी राजकीय प्रयोजन के लिए भारतीय अंकों के अंतरराष्ट्रीय रूप के साथ-साथ देवनागरी रूप का प्रयोग भी प्राधिकृत कर सकते हैं ।

हिंदी वर्तनी का मानकीकरण

किसी भी भाषा के सीखने-सिखाने में सहायक या बाधक बनने वाले दो प्रमुख तत्व हैं, उसका व्याकरण और लिपि । लिपि का एक पक्ष है, सामान्य और विशिष्ट स्वनों के पृथक् प्रतीक-वर्णों की समृद्धि, उनका परस्पर स्पष्ट आकार-भेद, लिखावट में सरलता तथा स्थान-लाघव एवं प्रयत्न-लाघव ।

लिपि का दूसरा पक्ष है, वर्तनी । एक ही स्वन को प्रकट करने के लिए विविध वर्णों का प्रयोग वर्तनी को जटिल बना देता है और यह लिपि का एक सामान्य दोष माना जाता है । यद्यपि देवनागरी लिपि में यह दोष न्यूनतम है, फिर भी उसकी कुछ अपनी विशिष्ट कठिनाइयां भी हैं ।

इन सभी कठिनाइयों को दूर कर हिंदी वर्तनी में एकरूपता लाने के लिए भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने वर्ष 1961 में एक विशेषज्ञ समिति गठित की थी । समिति ने अप्रैल, 1962 में अपनी अंतिम सिफारिशें प्रस्तुत कीं, जिन्हें भारत सरकार ने स्वीकृति प्रदान की । इन्हें वर्ष 1967 में **हिंदी वर्तनी का मानकीकरण** शीर्षक पुस्तिका में व्याख्या तथा उदाहरण सहित प्रकाशित किया गया था ।

वर्तनी संबंधी अद्यतन नियम इस प्रकार हैं :

संयुक्त वर्ण

(क) खड़ी पाई वाले व्यंजन

खड़ी पाई वाले व्यंजनों का संयुक्त रूप खड़ी पाई को हटाकर ही बनाया जाना चाहिए, यथा :

ख्याति, लग्न, विघ्न	व्यास
कच्चा, छज्जा	श्लोक
नगण्य	राष्ट्रीय
कुत्ता, पथ्य, ध्वनि, न्यास	स्वीकृति
प्यास, डिब्बा, सभ्य, रम्य	यक्ष्मा
शय्या	त्र्यंबक
उल्लेख	

(ख) अन्य व्यंजन

(अ) 'क' और 'फ़' के संयुक्ताक्षर :

संयुक्त, पक्का, दफ्तर आदि की तरह बनाए जाएं, न कि संयुक्त, पक्का, दफत्र की तरह ।

(आ) ङ, छ, ट, ठ, ड, ढ, द और ह के संयुक्ताक्षर हल चिह्न लगाकर ही बनाए जाएं, यथा :
वाङ् मय, लट्टू, बुड्ढा, विद्या, चिह्न, ब्रह्मा, आदि
(वाङ्मय, लट्ट, बुड्ढा, विद्या, चिह्न, बह्मा नहीं) ।

(इ) संयुक्त 'र' के प्रचलित तीनों रूप यथावत् रहेंगे, यथा :
प्रकार, धर्म, राष्ट्र ।

(ई) 'श्र' का प्रचलित रूप ही मान्य होगा । इसे 'श्र' के रूप में नहीं लिखा जाएगा । त + र के संयुक्त रूप के लिए त्र और त्र दोनों रूपों में से किसी एक के प्रयोग की छूट होगी। किंतु 'क्र' को 'त्रक' के रूप में नहीं लिखा जाएगा ।

(उ) हल् चिह्न युक्त वर्ण से बनने वाले संयुक्ताक्षर के द्वितीय व्यंजन के साथ 'इ' की मात्रा का प्रयोग संबंधित व्यंजन के तत्काल पूर्व ही किया जाएगा, न कि पूरे युग्म से पूर्व, यथा: कुट्टिम, द्वितीय, बुद्धिमान, चिह्नित आदि
(कुट्टिम, द्वितीय, बुद्धिमान, चिह्नित नहीं ।

(ऊ) संस्कृत में संयुक्ताक्षर पुरानी शैली से भी लिखे जा सकेंगे, उदाहरणार्थ: संयुक्त, चिह्न, विद्या, चञ्चल, विद्वान, वृद्ध, अङ्क, द्वितीय, बुद्धि आदि ।

विभक्ति-चिह्न

(क) हिंदी के विभक्ति-चिह्न सभी प्रकार के संज्ञा शब्दों में प्रातिपदिक से पृथक् लिखे जाएं, जैसे- राम ने, राम को, राम से आदि तथा स्त्री ने, स्त्री को, स्त्री से आदि । सर्वनाम शब्दों में ये चिह्न प्रातिपदिक के साथ मिलाकर लिखे जाएं, जैसे - उसने, उसको, उससे, उसपर आदि ।

(ख) सर्वनामों के साथ यदि दो विभक्ति-चिह्न हों तो उनमें से पहला मिलाकर और दूसरा पृथक् लिखा जाए, जैसे - उसके लिए, इसमें से ।

(ग) सर्वनाम और विभक्ति के बीच 'ही' 'तक' आदि का निपात हो तो विभक्ति को पृथक् लिखा जाए, जैसे-आप ही के लिए, मुझ तक को ।

क्रियापद

संयुक्त क्रियाओं में सभी अंगभूत क्रियाएं पृथक्-पृथक् लिखी जाएं, जैसे - पढ़ा करता है, आ सकता है, जाया करता है, खाया करता है, जा सकता है, कर सकता है, किया करता था, पढ़ा करता था, खेला करेगा, घूमता रहेगा, बढ़ते चले जा रहे हैं, आदि ।

हाइफ़न

हाइफ़न का विधान स्पष्टता के लिए किया गया है :

(क) द्वद्व समास में पदों के बीच हाइफ़न रखा जाए, जैसे-

राम-लक्ष्मण, शिव-पार्वती-संवाद, देख-रेख, चाल-चलन, हंसी-मजाक, लेन-देन, पढ़ना-लिखना, खाना-पीना, खेलना-कूदना, आदि ।

(ख) सा, जैसा आदि से पूर्व हाइफ़न रखा जाए, जैसे-

तुम-सा, राम-जैसा, चाकू-से तीखे ।

(ग) तत्पुरुष समास में हाइफ़न का प्रयोग केवल वहीं किया जाए, जहां उसके बिना भ्रम होने की संभावना हो, अन्यथा नहीं जैसे - भू-तत्व । सामान्यत: तत्पुरुष समासों में हाइफ़न लगाने की आवश्यकता नहीं है, जैसे - रामराज्य, राजकुमार, गंगाजल, ग्रामवासी, आत्महत्या, आदि ।

इसी तरह यदि 'अ-नख' (बिना नख का) समस्त पद में हाइफ़न न लगाया जाए तो उसे 'अनख' पढ़े जाने से 'क्रोध' का अर्थ भी निकल सकता है । अ-नति (नम्रता का अभाव) अनति (थोड़ा), अ-परस (जिसे किसी ने न छुआ हो), अपरस (एक चर्म रोग), भू-तत्व (पृथ्वी-तत्व) : भूतत्व (भूत होने का भाव) आदि समस्त पदों की भी यही स्थिति है । ये सभी युग्म वर्तनी और अर्थ दोनों दृष्टियों से भिन्न-भिन्न शब्द हैं ।

(घ) कठिन संधियों से बचने के लिए भी हाइफ़न का प्रयोग किया जा सकता है, जैसे द्वि-अक्षर, द्वि -अर्थक आदि ।

अव्यय

'तक', 'साथ' आदि अव्यय सदा पृथक् लिखे जाएं, जैसे-आपके साथ, यहां तक ।

इस नियम को कुछ और उदाहरण देकर स्पष्ट करना आवश्यक है । हिंदी में आह, ओह, अहा, ऐ, ही, तो, सो, भी, न, जब, तब, कब, यहाँ, वहाँ, कहाँ, सदा, क्या, श्री, जी, तक, भर, मात्र, साथ, कि, किंतु, मगर, लेकिन, चाहे, या, अथवा, तथा, यथा, और आदि अनेक प्रकार के भावों का बोध कराने वाले अव्यय हैं। कुछ अव्ययों के आगे विभक्ति चिह्न भी आते हैं, जैसे-अब से, तब से, यहां से, वहां से, सदा से, आदि । नियम के अनुसार अव्यय सदा पृथक् लिखे जाने चाहिए, जैसे-आप ही के लिए, मुझ तक को, आपके साथ, गज भर कपड़ा, देश भर, रात भर, दिन भर, वह इतना भर कर दे, मुझे जाने तो दो, काम भी नहीं बना, पचास रुपए मात्र, आदि । सम्मानार्थक 'श्री' और 'जी' अव्यय भी पृथक् लिखे जाएँ, जैसे-श्री श्रीराम, कन्हैयालाल जी, महात्मा जी, आदि ।

समस्त पदों में प्रति, मात्र, यथा आदि अव्यय पृथक् नहीं लिखे जाएंगे, जैसे-प्रतिदिन, प्रतिशत, मानवमात्र, निमित्तमात्र, यथासमय, यथोचित आदि । यह सर्वविदित नियम है कि समास होने पर समस्त पद एक माना जाता है । अत: उसे व्यक्त रूप में न लिखकर एक साथ लिखना ही संगत है ।

श्रुतिमूलक 'य', 'व'

(क) जहां श्रुतिमूलक य, व का प्रयोग विकल्प से होता है, वहाँ न किया जाए, अर्थात् किए-किये, नई-नयी, हुआ-हुवा आदि में से पहले (स्वरात्मक) रूपों का ही प्रयोग किया जाए। यह नियम क्रिया, विशेषण, अव्यय आदि सभी रूपों और स्थितियों में लागू माना जाए, जैसे-दिखाए गए, राम के लिए, पुस्तक लिए हुए, नई दिल्ली, आदि ।

(ख) जहां 'य' श्रुतिमूलक व्याकरणिक परिवर्तन न होकर शब्द का ही मूल तत्व हो, वहां वैकल्पिक श्रुतिमूलक स्वरात्मक परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है, जैसे - स्थायी, अव्ययीभाव, दायित्व, आदि । यहां स्थाई, अव्यईभाव, दाइत्व नहीं लिखा जाएगा ।

अनुस्वार तथा अनुनासिकता-चिह्न (चंद्रबिंदु)

अनुस्वार (**a**) और अनुनासिकता चिह्न (¡) दोनों प्रचलित रहेंगे ।

(क) संयुक्त व्यंजन के रूप में जहां पंचमाक्षर के बाद सवर्गीय शेष चार वर्णों में से कोई वर्ण हो तो एकरूपता और मुद्रण/लेखन की सुविधा के लिए अनुस्वार का ही प्रयोग करना चाहिए, जैसे - गंगा, चंचल, ठंडा, संध्या, संपादक आदि में पंचमाक्षर के बाद उसी वर्ग का वर्ण आगे आता है, अत: पचमाक्षर के स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग होगा (गङ्गा, चञ्चल, ठण्डा, सन्ध्या, सम्पादक का नहीं) । यदि पंचमाक्षर के बाद किसी अन्य वर्ग का कोई वर्ण आए अथवा वही पंचमाक्षर दुबारा आए तो पंचमाक्षर अनुस्वार के रूप में परिवर्तित नहीं होगा, जैसे - वाङ्मय, अन्य, अन्न, सम्मेलन, सम्मति, चिन्मय, उन्मुख आदि । अत: वांमय, अंय, संमेलन, संमति, चिंमय, उंमुख, आदि रूप ग्राह्य नहीं हैं ।

(ख) चंद्रबिंदु के बिना प्राय: अर्थ में भ्रम की गुंजाइश रहती है, जैसे - हंस : हँस, अंगना : अँगना आदि में । अतएव ऐसे भ्रम को दूर करने के लिए चंद्रबिंदु का प्रयोग अवश्य किया जाना चाहिए । किंतु जहां (विशेषकर शिरोरेखा के ऊपर जुड़ने वाली मात्रा के साथ) चंद्रबिंदु के प्रयोग से छपाई आदि में बहुत कठिनाई हो और चंद्रबिंदु के स्थान पर बिंदु (अनुस्वार चिह्न) का प्रयोग किसी प्रकार का भ्रम उत्पन्न न करे, वहां चंद्रबिंदु के स्थान पर बिंदु के प्रयोग की छूट दी जा सकती है, जैसे - नहीं, में, मैं । कविता, आदि के प्रसंग में छंद की दृष्टि से चंद्रबिंदु का यथास्थान अवश्य प्रयोग किया जाए । इसी प्रकार छोटे बच्चों की प्रवेशिकाओं में जहां चंद्रबिंदु का उच्चारण सिखाना अभीष्ट हो, वहां उसका यथास्थान सर्वत्र प्रयोग किया जाए, जैसे - कहाँ हँसना, आँगन, सँवारना, मैँ, मेँ, नहीँ, आदि ।

विदेशी ध्वनियाँ

(क) अरबी-फारसी या अंग्रेजी मूलक वे शब्द, जो हिंदी के अंग बन चुके हैं और जिनकी विदेशी ध्वनियों का हिंदी ध्वनियों में रूपांतर हो चुका है, हिंदी रूप में ही स्वीकार किए जा सकते हैं, जैसे - कलम, किला, दाग आदि (क़लम, क़िला, द़ाग नहीं) पर जहां उनका शुद्ध विदेशी रूप में प्रयोग अभीष्ट हो या उच्चारणगत भेद बताना आवश्यक हो वहां उनके हिंदी में प्रचलित रूपों में यथास्थान नुक्ते लगाए जाएं , जैसे- खाना : ख़ाना, राज : राज़, फन : हाइफ़न। सारांश रूप में यह कहा जा सकता है कि अरबी-फारसी एवं अंग्रेजी की मुख्यत: पाँच ध्वनियाँ (क़, ग़, ख़, ज़ और फ़) हिंदी में आई हैं जिनमें से दो (क़ और ग़) तो हिंदी उच्चारण (क, ग) में परिवर्तित हो गई हैं, एक (ख़) लगभग हिंदी 'ख' में खपने की प्रक्रिया में है और शेष दो (ज़, फ़) धीरे-धीरे अपना अस्तित्व खोने/बनाए रखने के लिए संघर्षरत हैं ।

(ख) अंग्रेजी के जिन शब्दों में अर्धविवृत 'ओ' ध्वनि का प्रयोग होता है, उनके शुद्ध रूप का हिंदी में प्रयोग अभीष्ट होने पर 'आ' की मात्रा (k) के ऊपर अर्धचंद का प्रयोग किया जाए (ऑ, **kI**) । जहां तक अंग्रेजी और अन्य विदेशी भाषाओं से नए शब्द ग्रहण करने और उनके देवनागरी लिप्यांतरण का संबंध है, अगस्त-सितंबर, 1962 में वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा वैज्ञानिक शब्दावली पर आयोजित भाषाविदों की संगोष्ठी में अंतरराष्ट्रीय शब्दावली के देवनागरी लिप्यांतरण के संबंध में की गई सिफ़ारिश उल्लेखनीय है । उसमें यह कहा गया है कि अंग्रेजी शब्दों का देवनागरी लिप्यांतरण इतना क्लिष्ट नहीं होना चाहिए कि उसके लिए वर्तमान देवनागरी वर्णों में अनेक नए संकेत-चिह्न लगाने पड़ें । अंग्रेजी शब्दों का देवनागरी लिप्यांतरण मानक अंग्रेजी उच्चारण के अधिक-से-अधिक निकट होना चाहिए । उसमें भारतीय शिक्षित समाज में प्रचलित उच्चारण संबंधी थोड़े-बहुत परिवर्तन किए जा सकते हैं । अन्य भाषाओं के शब्दों के संबंध में भी यही नियम लागू होना चाहिए ।

(ग) हिंदी में कुछ शब्द ऐसे हैं, जिनके दो-दो रूप बराबर चल रहे हैं । विद्वत्समाज में दोनों रूपों की एक-सी मान्यता है । फिलहाल इनकी एकरूपता आवश्यक नहीं समझी गई है । कुछ उदाहरण हैं - गरदन/गर्दन, गरमी/गर्मी, बरफ/बर्फ, बिलकुल/बिल्कुल, सरदी/सर्दी, कुरसी/कुर्सी, भरती/भर्ती, फुरसत/फुर्सत, बरदाश्त/बर्दाश्त, वापिस/वापस, आखीर/आखिर, बरतन/बर्तन, दोबारा/दुबारा, दूकान/दुकान, बीमारी/बिमारी आदि ।

हल् चिह्न

संस्कृतमूलक तत्सम शब्दों की वर्तनी में सामान्यत: संस्कृत रूप ही रखा जाए, परंतु जिन शब्दों के प्रयोग में हिंदी में हल् चिह्न लुप्त हो चुका है, उनमें उसको फिर से लगाने का यत्न न किया जाए, जैसे - 'महान', 'विद्वान' आदि के 'न' में ।

स्वन-परिवर्तन

संस्कृतमूलक तत्सम शब्दों की वर्तनी को ज्यों-का-त्यों ग्रहण किया जाए । अत: 'ब्रह्मा' को 'ब्रम्हा' , 'चिह्न' को 'चिन्ह' , 'उऋण' को 'उरिण' में बदलना उचित नहीं होगा । इसी प्रकार ग्रहीत, दृष्टव्य, प्रदर्शिनी, अत्याधिक, अनाधिकार आदि अशुद्ध प्रयोग ग्राह्य नहीं हैं। इनके स्थान पर क्रमश: गृहीत, द्रष्टव्य, प्रदर्शनी, अत्यधिक, अनधिकार ही लिखना चाहिए। जिन तत्सम शब्दों में तीन व्यंजनों के संयोग की स्थिति में एक द्वित्वमूलक व्यंजन लुप्त हो गया है उसे न लिखने की छूट है, जैसे - अर्द्ध/अर्ध, उज्ज्वल/उज्वल, तत्त्व/तत्व, आदि।

विसर्ग

संस्कृत के जिन शब्दों में विसर्ग का प्रयोग होता है, वे यदि तत्सम रूप में प्रयुक्त हों तो विसर्ग का प्रयोग अवश्य किया जाए, जैसे - 'दु:खानुभूति' में । यदि उस शब्द के तद्भव रूप में विसर्ग का लोप हो चुका हो तो उस रूप में विसर्ग के बिना भी काम चल जाएगा, जैसे - 'दुख-सुख के साथी' ।

'ऐ', 'औ' का प्रयोग

हिंदी में ऐ (S), औ (kS) का प्रयोग दो प्रकार की ध्वनियों को व्यक्त करने के लिए होता है । पहले प्रकार की ध्वनियाँ 'है, और' आदि में है तथा दूसरे प्रकार की 'गवैया', 'कौवा' आदि में । इन दोनों ही प्रकार की ध्वनियों को व्यक्त करने के लिए इन्हीं चिह्नों (ऐ, S ; औ, kS) का प्रयोग किया जाए । 'गवय्या', 'कव्वा' आदि संशोधनों की आवश्यकता नहीं है ।

पूर्वकालिक प्रत्यय

पूर्वकालिक प्रत्यय 'कर' क्रिया से मिलाकर लिखा जाए, जैसे-मिलाकर, खा-पीकर, रो-रोकर आदि।

अन्य नियम

(क) शिरोरेखा का प्रयोग प्रचलित रहेगा ।

(ख) फ़ुलस्टॉप को छोड़ कर शेष विराम आदि चिह्न वही ग्रहण कर लिए जाएँ, जो अंग्रेजी में प्रचलित हैं, यथा-

(- . - , ; ? । ! : . =)

(विसर्ग के चिह्न को ही कोलन का चिह्न मान लिया जाए)

(ग) पूर्ण विराम के लिए खड़ी पाई (।) का प्रयोग किया जाए ।

मानक वर्तनी के प्रयोग का उदाहरण

हिंदी एक विकासशील भाषा है । संघ की राजभाषा घोषित हो जाने के बाद यह शनै: शनै: अखिल भारतीय स्वरूप ग्रहण कर रही है । अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के संपर्क में आकर, उनसे बहुत कुछ ग्रहण करके और अहिंदी भाषियों द्वारा प्रयुक्त होते-होते उसका यथासमय एक सर्वसम्मत अखिल भारतीय रूप विकसित होगा–ऐसी आशा है ।

यद्यपि यह सही है कि एक विस्तृत भू-खंड में और बहुभाषी समाज के बीच व्यवहृत किसी भी विकासशील भाषा के उच्चारणगत गठन में अनेकरूपता मिलना स्वाभाविक है, उसे व्याकरण के कठोर नियमों में जकड़ा नहीं जा सकता ; उसके प्रयोगकर्ताओं को, किसी ऐसे शब्द को जिसके दो या अधिक समानांतर रूप प्रचलित हो चुके हों, एक विशेष रूप में प्रयुक्त करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता ; ऐसे शब्दरूपों के बारे में किसी विशेषज्ञ समिति द्वारा निर्णय दे देने के बाद भी उनकी ग्राह्यता-अग्राह्यता के विषय में मतभेद बना ही रहता है ; फिर भी प्रथमत: कम से कम लेखन, टंकण और मुद्रण के क्षेत्र में तो हिंदी भाषा में एकरूपता और मानकीकरण की तत्काल आवश्यकता है ही । क्या ऐसा करना आज के यंत्राधीन जीवन की अनिवार्यता नहीं है?

भाषाविषयक कठोर नियम बना देने से उनकी स्वीकार्यता तो संदेहास्पद हो ही जाती है, साथ ही भाषा के स्वाभाविक विकास में भी अवरोध आने का थोड़ा-सा डर रहता है । फलत: भाषा गतिशील, जीवंत और समयानुरूप नहीं रह पाती । हिंदी वर्णमाला के मानकीकरण में और हिंदी वर्तनी की एकरूपता विषयक नियम निर्धारित करते समय इन सब तथ्यों को ध्यान में रखा गया है और इसीलिए, जहां तक बन पड़ा है, काफी हद तक उदारतापूर्ण नीति अपनाई गई है ।

हिंदी के संख्यावाचक शब्दों की एकरूपता

हिंदी प्रदेशों में संख्यावाचक शब्दों के उच्चारण और लेखन में प्राय: एकरूपता का अभाव दिखाई देता है । शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रकाशित **ए बेसिक ग्रामर ऑफ मॉडर्न हिंदी** में भी इस एकरूपता का अभाव था । अत: निदेशालय में 5-6 फरवरी, 1980 को आयोजित भाषाविज्ञानियों की बैठक में इस पर गंभीरता से विचार किया गया । तदनुसार एक से सौ तक सभी संख्यावाचक शब्दों पर विचार करने के बाद इनका जो मानक रूप स्वीकृत हुआ, वह इस प्रकार है :

एक से सौ तक संख्यावाचक शब्दों का मानक रूप

एक	दो	तीन	चार	पांच	छह	सात	आठ	नौ	दस
ग्यारह	बारह	तेरह	चौदह	पंद्रह	सोलह	सत्रह	अठारह	उन्नीस	बीस
इक्कीस	बाईस	तेईस	चौबीस	पच्चीस	छब्बीस	सत्ताईस	अट्ठाईस	उनतीस	तीस
इकतीस	बत्तीस	तैंतीस	चौंतीस	पैंतीस	छत्तीस	सैंतीस	अड़तीस	उनतालीस	चालीस
इकतालीस	बयालीस	तैंतालीस	चवालीस	पैंतालीस	छियालीस	सैंतालीस	अड़तालीस	उनचास	पचास
इक्यावन	बावन	तिरपन	चौवन	पचपन	छप्पन	सतावन	अठावन	उनसठ	साठ
इकसठ	बासठ	तिरसठ	चौंसठ	पैंसठ	छियासठ	सड़सठ	अड़सठ	उनहत्तर	सत्तर
इकहत्तर	बहत्तर	तिहत्तर	चौहत्तर	पचहत्तर	छिहत्तर	सतहत्तर	अटहत्तर	उनासी	अस्सी
इक्यासी	बयासी	तिरासी	चौरासी	पचासी	छियासी	सतासी	अठासी	नवासी	नब्बे
इक्यानवे	बानवे	तिरानवे	चौरानवे	पचानवे	छियानवे	सतानवे	अठानवे	निन्यानवे	सौ

पैराग्राफों आदि के विभाजन में सूचक वर्णों और अंकों का प्रयोग

देखने में आया है कि अंग्रेजी-हिंदी अनुवाद में और अन्य प्रशासनिक साहित्य में विषय के विभाजन, उपविभाजन तथा पैरा-उपपैरा का क्रमांकन करते समय अंग्रेजी[1] के A,B,C a,b,c के लिए कहीं क, ख, ग, और कहीं अ, आ, इ तथा कहीं अ, व, स का प्रयोग किया जाता है । यह अनेकता भी हिंदी के मानक स्वरूप के विकास में बाधक रही है । केंद्रीय हिंदी निदेशालय ने इस विषय पर भाषा-विशेषज्ञों की दिनांक 5-6 फरवरी, 1980 की बैठक में विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय किया है कि A,B,C अथवा a,b,c के लिए हिंदी में सर्वत्र क, ख, ग का प्रयोग किया जाए । जहां रोमन वर्ण कोष्ठक में हो, वहां देवनागरी वर्णों को भी कोष्ठकों में रखा जाए। विषय के विभाजन, उपविभाजन, पैरा या उपपैरा के लिए अंतरराष्ट्रीय अंकों अर्थात् 1,2,3 के प्रयोग के साथ-साथ आवश्यकता के अनुसार रोमन i, ii, iii आदि का भी प्रयोग किया जा सकता है । उपर्युक्त पद्धति को निम्नलिखित नमूने में उदाहरण स्वरूप देखा जा सकता है :

पैरा के विभाजन में सूचक वर्णों और अंकों का प्रयोग

Grammar	**व्याकरण**
I. The Alphabet	1. वर्णविचार
A. Vowels	अ. स्वर
1. Definition of Vowel	1. स्वर की परिभाषा
2. Kinds of Vowels	2. स्वर-भेद
(1) According to form	(1) रचना के अनुसार
(i) basic (Monophthong)	(i) मूल (एकस्वरक)
(ii) lengthened	(ii) दीर्घीकृत
(a) long	(क) दीर्घ
(b) protracted	(ख) प्लुत
(iii) diphthong	(iii) संध्यक्षर
(2) According to nasality	(2) अनुनासिकता के आधार पर
(i) oral/non-nasal	(i) मौखिक निरनुनासिक
(ii) nasal	(ii) अनुनासिक
B. Consonants	आ. व्यंजन
II. The Word	2. शब्दविचार
III. The Sentence	3. वाक्यविचार
IV. Composition	4. रचना

[1] विधि में A, B, C को a, b, c से सुभिन्न करने के लिए आवश्यकतानुसार A, B, C के स्थान पर अ, आ, इ का प्रयोग किया जाएगा और a, b, c के लिए क, ख, ग का प्रयोग होगा ।

अंग्रेजी-हिंदी अक्षरों का मानक रूप

सचिव, विधायी विभाग, विधि और न्याय मंत्रालय द्वारा गठित विधि शब्दावली के कार्यकारी समूह ने डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह, संयुक्त सचिव और विधायी परामर्शी की अध्यक्षता में अपनी बैठकों में अंग्रेजी वर्णमाला के सभी बड़े अक्षरों (capital letters - A to Z) के मानकीकरण पर गहन विचार-विमर्श किया और अंग्रेजी अक्षरों के हिंदी मानकीकरण का अद्यतन किया, जो निम्नानुसार है :--

a क	b ख	c ग	d घ	e ङ
f च	g छ	h ज	i झ	j ञ
k ट	l ठ	m ड	n ढ	o ण
p त	q थ	r द	s ध	t न
u प	v फ	w ब	x भ	y म
z य				

A अ	B आ	C इ	D ई	E उ
F ऊ	G ऋ	H ए	I ऐ	J ओ
K औ	L अं	M अः	N र	O ल
P व	Q श	R ष	S स	T ह
U क्ष	V त्र	W ज्ञ	X ऌ	Y श्र
Z श्रृ				

मूल्यः (देश में) : Rs. 850/-
(In India) :
(विदेश में) : $ 8.87 or £ 6.60
(Foreign) :

विक्रेताः— (1) प्रकाशन और विक्रय प्रबंधक, विधि साहित्य प्रकाशन, भारत सरकार, भारतीय विधि संस्थान भवन, भगवानदास रोड़, नई दिल्ली-110 001.
(2) प्रकाशन-नियंत्रक, भारत सरकार, सिविल लाईन्स, दिल्ली-110 054.

प्रबन्धक, भारत सरकार मुद्रणालय, मिंटो रोड़, नई दिल्ली द्वारा मुद्रित तथा
प्रकाशन-नियंत्रक, भारत सरकार, सिविल लाईन्स, दिल्ली-110054 द्वारा प्रकाशित।